हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )



इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए नितीश का फिट...



www.naisochlive.com | पटना, गुरुवार, 02 जुलाई 2026, वर्ष- 09, अंक- 128, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# जुलाई की शुरुआत राहत भरी

## पेट्रोल 5, डीज़ल 3 और सिलेंडर 183 रु हुआ सस्ता.. देशवासियों को बड़ी राहत!




**एजेंसी। नई दिल्ली**

जुलाई महीने की शुरुआत देश के आम नागरिकों और व्यापार जगत के लिए राहत और बदलाव की मिली-जुली खबरें लेकर आई है। सरकारी तेल कंपनियों ने आम जनता और दुकानदारों को बड़ी राहत देते हुए 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलिंडर की कीमतों में 183.50 रुपये की भारी कटौती कर दी है। इस कटौती के बाद देश की राजधानी दिल्ली में कमर्शियल सिलिंडर के दाम 3,113.50 रुपये से घटकर 2,930 रुपये पर आ गए हैं। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की कीमतों में इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे घरेलू रसोई का बजट पहले जैसा ही बना रहेगा।

**डीजल बिक्री पर लगी सीमा हटी, ईंधन और गैस में राहत :** ईंधन के मोर्चे पर सरकार ने एक और बड़ा फैसला लेते हुए डीजल की बिक्री पर लगी सीमा को पूरी तरह से हटा दिया है। सरकार के इस कदम से देश के वाहन चालकों, किसानों और ट्रांसपोर्ट सेक्टर को बहुत बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब उन्हें जरूरत के मुताबिक डीजल आसानी से मिल सकेगा। राहत की बात यह भी है कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है और वे अपनी पुरानी दरों पर ही स्थिर हैं। एक तरफ जहां गैस और ईंधन के मामले में राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर कुछ फैसलों का सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ सकता है। सरकार ने घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त सप्लाई बनाए रखने के उद्देश्य से पेट्रोल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी) को बढ़ा दिया है। इसके साथ ही, ऑटो सेक्टर से भी आम खरीदारों को झटका लगा है।

## पेट्रोल 5 और डीज़ल 3 रुपये सस्ता हुआ

**मुम्बई**। निजी क्षेत्र की तेल कंपनी नायरा एनर्जी ने 1 जुलाई से पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीज़ल की कीमत में 3 रुपये प्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है। कंपनी का मानना है कि इससे आम लोगों को राहत मिलेगी। नायरा एनर्जी ने यह फैसला मध्य पूर्व में तनाव कम होने और कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति सामान्य होने के बाद वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट को देखते हुए किया है। गौरतलब है कि देशभर में नायरा एनर्जी के 7000 से अधिक पेट्रोल पंपों पर यह नई दरें लागू हो गई हैं। हालांकि, विभिन्न स्थानों पर लगने वाले स्थानीय करों (वैट) के कारण पेट्रोल और डीज़ल की अंतिम कीमतें थोड़ी अलग हो सकती हैं। जबकि नायरा एनर्जी ने दाम घटाकर उपभोक्ताओं को राहत दी है, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल), इंडियन ऑयल (आईओसी) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) जैसी सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने फिलहाल अपनी पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया है। गौरतलब है कि नायरा ने ही कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने पर सबसे पहले पेट्रोल और डीज़ल के दाम बढ़ाए थे। उस समय पेट्रोल 5 रुपये प्रति लीटर और डीज़ल 3 रुपये प्रति लीटर महंगा किया गया था। कंपनी का यह कदम तब आया था जब वैश्विक तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया था। अभी अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की खबरों के कारण वैश्विक कच्चे तेल बाजार में नरमी देखी जा रही है। आज 1 जुलाई को कच्चा तेल मामूली 0.33 फीसदी की उछाल के साथ 73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जो उच्च स्तरों से काफी कम है। इससे तेल कंपनियों पर कच्चे तेल की खरीद का दबाव काफी हद तक कम हो गया है।

## पीएम मोदी ने डॉक्टर और सीए को बताया विकास और स्वास्थ्य के दो मजबूत स्तंभ

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**

1 जुलाई को देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) दिवस मनाया जा रहा है। स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था से जुड़े इन दो अहम क्षेत्रों के विशेषज्ञों को इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शुभकामनाएं दीं। नेताओं ने डॉक्टरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के राष्ट्र निर्माण में योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डॉक्टरों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी उनका सेवा भाव देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। ये देश के विकास और स्वास्थ्य के दो मजबूत स्तंभ हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार, देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से अधिक हो चुकी है, जबकि एमबीबीएस और पीजी मेडिकल सीटों में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। इससे चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में डॉक्टर प्रिवेंटिव हेल्थकेयर, मेडिकल रिसर्च और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने सीए समुदाय को भारत की आर्थिक प्रगति का भरोसेमंद सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि वित्तीय पारदर्शिता, उद्यमिता को बढ़ावा देने और निवेशकों का विश्वास मजबूत करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उनके प्रयासों से देश में बेहतर कारोबारी माहौल तैयार हो रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वित्तीय अनुशासन और कानूनी अनुपालन सुनिश्चित कर देश की आर्थिक प्रगति को गति देते हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हें वित्तीय ईमानदारी का आधार स्तंभ बताया।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि सीए की पेशेवर दक्षता और निष्ठा विकसित भारत के संकल्प को मजबूत आधार प्रदान कर रही है। वहीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्टार्टअप्स और एमएसएमई को सशक्त बनाने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सीए समुदाय के योगदान की सराहना की।

### पीएम समेत कई दिग्गजों ने दी डॉक्टर्स और सीए डे पर शुभकामनाएं



### डॉ. बिधान चंद्र रॉय को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर नेताओं ने महान चिकित्सक और भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉक्टरों को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनोहर लाल समेत कई नेताओं ने भी डॉ. रॉय के योगदान को याद किया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पश्चिम बंगाल के नेता सुवेंदु अधिकारी ने भी उन्हें चिकित्सा जगत के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### डिजिटल क्रांति ने देश में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया : नितिन नवीन


**नई दिल्ली**। देश में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने अपनी स्थापना के 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं।



इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया ने तकनीक को केवल सुविधा का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता और जनसशक्तिकरण का सशक्त आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रांति ने देश में शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाया है। नवीन ने कहा कि यूपीआई माध्यम से डिजिटल भुगतान में क्रांतिकारी बदलाव आया है, जबकि डिजिलॉकर ने कागजरहित सेवाओं को बढ़ावा दिया है। वहीं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई ) के माध्यम से भारत ने विश्व के सामने समावेशी और तकनीक-आधारित विकास का सफल मॉडल प्रस्तुत किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज गांव से लेकर वैश्विक मंच तक भारत की डिजिटल क्षमता इनोवेशन और डिजिटल परिवर्तन की नई पहचान बन रही है। उनके अनुसार, डिजिटल इंडिया अभियान विकसित भारत के संकल्प को नई गति देने के साथ भारत को वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

### अगर जरूरत पड़ी तो ईरान के खिलाफ एक और सैन्य अभियान चलाएगा इजराइल

**तेलअवीव**। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल ईरान के खिलाफ एक और सैन्य अभियान चला सकता है। नेतन्याहू ने साफ कहा कि जब तक वह पीएम हैं, तब तक ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे। इस मामले में अगर जरूरत हुई तो ईरान के खिलाफ तीसरे हमले से भी पीछे नहीं हटेंगे। ईरान ने साफ किया कि ईरान के प्रॉक्सी गुटों के खिलाफ इजराइल का अभियान अभी खत्म हुआ नहीं मानना चाहिए। बता दें ये उन्होंने तब कहा है, जब लेबनान-इजराइल के बीच सीजफायर हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल पहले भी दो बार ईरान के अंदर कार्रवाई कर चुका है ताकि अपने देश को खतरे से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमने खुद को विनाश से बचाने के लिए दो बार ईरान में प्रवेश किया। अगर जरूरत पड़ी तो तीसरी बार भी करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान और उसके सहयोगी संगठनों के खिलाफ इजराइल का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। नेतन्याहू ने दावा किया है कि पिछले तीन सालों में इजराइल ने बड़ी सैन्य सफलताएं हासिल की हैं, लेकिन अभी और काम बाकी है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई खत्म नहीं हुई है। मौजूदा वक्त में इजराइल पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है उनका कहना है कि हमें ईरानी धुरी के बाकी हिस्सों से भी निपटना है। यहां तक कि लेबनान के मुद्दे पर भी नेतन्याहू ने सख्त रुख दिखाया।



## जनरल धीरज सेठ ने संभाला थलसेना प्रमुख का पदभार, पिता को किया सैल्यूट



**नई दिल्ली**। भारतीय सेना के नए थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में आयोजित गार्ड ऑफ ऑनर समारोह में एक अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण दिखाई दिया। गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त करने के बाद, जनरल सेठ ने अपने पिता, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. सेठ, को सैन्य सैल्यूट किया। पिता ने भी पलटकर सैल्यूट किया, जिसके बाद नए सेना प्रमुख ने अपने पिता सहित वहां मौजूद परिजनों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। यह दृश्य उपस्थित सैन्य अधिकारियों, जवानों और अतिथियों के लिए विशेष प्रेरणा का केंद्र रहा। इस समारोह में जनरल सेठ के छोटे भाई, रियर एडमिरल रवनीश सेठ भी मौजूद थे, जिन्होंने बड़े भाई को सैल्यूट कर अपनी खुशी व्यक्त की। भारतीय सशस्त्र बलों की विभिन्न शाखाओं में सेवा दे रहे इस परिवार की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चादं लगा दिए। यह सैन्य परंपरा, पारिवारिक संस्कारों और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट समर्पण का एक अनूठा संगम था। पदभार संभालने के बाद, भारतीय सेना के 31वें थलसेना प्रमुख जनरल सेठ ने कहा कि भारतीय सेना का नेतृत्व करना उनके लिए गर्व और विनम्रता का विषय है। उन्होंने 'कर्तव्य, सम्मान और राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांतों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दिखाकर राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का संकल्प लिया। नए थलसेना प्रमुख ने राष्ट्र की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

## टीवी मुक्त भारत अभियान और डेंगू को लेकर केन्द्र की दिल्ली सरकार के साथ समीक्षा बैठक

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**




केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को दिल्ली सरकार के साथ टीबी मुक्त भारत अभियान और डेंगू से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति, मरीजों की समय पर पहचान, उपचार और सहायता व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मानसून के मद्देनज़र डेंगू की रोकथाम को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों, अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, मच्छर नियंत्रण अभियान, निगरानी व्यवस्था और जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि टीबी उन्मूलन अभियान को गति मिले और डेंगू जैसी मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और अधिक गति देने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में नड्डा ने कहा कि अभियान से जुड़ी सभी जानकारियाँ और संदेश सरल एवं आसानी से समझ में आने वाली भाषा में प्रसारित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों को अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए, जिससे समुदाय स्तर पर सहभागिता और मजबूत हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में आयोजित प्रगति बैठक में दिए गए मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने माई भारत स्वयंसेवकों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि जमीनी स्तर पर अभियान को और सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड की निगरानी वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों द्वारा की जाए, जिससे अभियान के क्रियान्वयन की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। टीबी की शीघ्र पहचान को मजबूत करने के लिए जेपी नड्डा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की अधिक संख्या में उपलब्धता को समर्थन दिया जाएगा, जिससे समय पर निदान और केस डिटेक्शन में सुधार हो सके।

## एमएलएफएफ प्रणाली से दिल्ली-जयपुर मार्ग पर सफर होगा बाधारहित

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राजस्थान में राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के दिल्ली-जयपुर खंड पर स्थित मनोहरपुरा टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) आधारित टोल संग्रह प्रणाली शुरू कर दी है। एनएचएआई ने बताया कि इस व्यवस्था से वाहन बिना रुके टोल प्लाजा से गुजर सकेंगे, जिससे यात्रा अधिक तेज, सुगम और बाधारहित होगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि एनएचएआई ने इससे पहले 19 जून को दौलतपुरा टोल प्लाजा पर राजस्थान की पहली एमएलएफएफ प्रणाली शुरू की थी। मनोहरपुरा में प्रणाली लागू होने के बाद अब शाहजहांपुर टोल प्लाजा को भी एमएलएफएफ प्रणाली में परिवर्तित करने की योजना है। इसके बाद दिल्ली-जयपुर मार्ग पर यातायात और अधिक निर्बाध हो जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, एमएलएफएफ प्रणाली डिजिटल राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तकनीक से टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय समाप्त होगा और वाहनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी। इससे यात्रियों का समय बचेगा, ईंधन की खपत कम होगी तथा वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में भी कमी आएगी।

## संगठित गिरोह का भंडाफोड़: 9 किलो सोना और 42 किलो चांदी जब्त, 8 गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु में एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में विदेशी मूल का लगभग 9 किलो सोना, 42 किलो चांदी, 700 ग्राम सोने के गहने, 8.15 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा और 26.67 लाख रुपये भारतीय मुद्रा बरामद की गई है। कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई ने बुधवार को बताया कि गिरोह पूर्वोत्तर राज्यों से दिल्ली तक अलग-अलग ट्रेनों से तस्करी कर सोना लाता था। तस्करों ने दिल्ली के घनी आबादी वाले इलाके में सोना गलाने की अवैध इकाई भी चला रखी थी। 26 जून को डीआरआई अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल के न्यू कूचबिहार रेलवे स्टेशन और बिहार के मंसी जंक्शन पर दो तस्करों को पकड़ा, जिनके पास से करीब 2 किलो सोना मिला। इसी दिन दिल्ली में भी दो लोगों को 1.2 किलो सोने के साथ पकड़ा गया। इन गिरफ्तारियों के बाद दिल्ली में अवैध सोना गलाने की इकाई का पता चला। उसी दिन एक अन्य कार्रवाई में डीआरआई ने एक महिला तस्कर को पकड़ा, जो मिजोरम के सैरांग से कोलकाता जा रही थी।

## एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने संभाला 51वें वायु सेना उप प्रमुख का कार्यभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के पूर्व चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को एयर मार्शल नागेश कपूर की जगह लेते हुए 51वें वाइस चीफ ऑफ द एयर स्टाफ का पद संभाला। एयर मार्शल कपूर वायु सेना में लगभग चार दशकों की शानदार सेवा के बाद 30 जून को रिटायर हुए। उनकी नियुक्ति ऐसे अहम समय पर हुई है, जब भारतीय वायु सेना अपने आधुनिकीकरण और क्षमता बढ़ाने के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने पहली बार 15 मई 2023 को एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के स्थान पर उप वायु सेना प्रमुख का पदभार संभाला था। एयर मार्शल एक योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होने के साथ-साथ एक एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट भी हैं। उन्हें मिग-21, मिग-29 और मिराज-2000 जैसे विभिन्न प्रकार के विमानों को उड़ाने का अनुभव भी है। पिछले 23 सालों से आशुतोष दीक्षित वायुसेना का हिस्सा रहे हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में दीक्षित ने 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3300 घंटे की उड़ान भरी है। उन्होंने ऑपरेशन सफेद सागर और रक्षक में भाग लिया है। उन्होंने भविष्य की प्रौद्योगिकियों को अपनाने से संबंधित कई परियोजनाओं का नेतृत्व किया है और यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि भारतीय वायु सेना 'आत्मनिर्भरता' पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए आधुनिकीकरण हासिल करे। उप वायु सेना प्रमुख के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान एलसीए मार्क-1ए, मार्क-2 और एएमसीए सहित कई स्वदेशी विमान परियोजनाओं में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वाइस चीफ का पद संभालने से पहले एयर मार्शल दीक्षित ने चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के तौर पर काम किया था।

## नोएडा एयरपोर्ट से भोपाल समेत 11 नए शहरों के लिए इंडिगो की फ्लाइट शुरू

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**

### अभी तक हैदराबाद, बेंगलुरु, अमृतसर, जम्मू शहरों में उपलब्ध थी यह सेवा



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से देश के 11 शहरों की कनेक्टिविटी बुधवार से और मजबूत हो गई। इंडिगो एयरलाइन बुधवार से नवी मुंबई समेत भोपाल, जयपुर, देहरादून, धर्मशाला समेत अन्य शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू की। अभी तक इंडिगो की विमान सेवा हैदराबाद, बेंगलुरु, अमृतसर, जम्मू आदि शहरों में ही उपलब्ध थी। नए शहरों के जुड़ने से एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून से यात्री सेवाओं की शुरुआत के साथ इंडिगो ने लखनऊ, हैदराबाद, बेंगलुरु और अमृतसर के लिए विमान सेवा शुरू की थी। एक जुलाई से शुरू होने वाली विमान सेवा के लिए जयपुर के लिए 3325 रुपए प्रति यात्री, लखनऊ के लिए 3394 से लेकर 5979 रुपए में, भोपाल के लिए 5297 रुपए, जयपुर के लिए 4375 रुपए, धर्मशाला के लिए 5028 रुपए, देहरादून के लिए 2888, चंडीगढ़ के लिए 4400 रुपए में टिकट उपलब्ध है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 16 जून को इंडिगो ने जम्मू और अकासा एयर ने बेंगलुरु और नवी मुंबई के लिए अपनी सेवा शुरू की थी, लेकिन एक जुलाई से नोएडा एयरपोर्ट कई नए शहरों को विमान सेवा से जोड़ने जा रहा है। इसके शुरू होने से नोएडा एयरपोर्ट से यात्रा करने वालों को सहूलियत होगी। वे नोएडा एयरपोर्ट से देश के 16 शहरों के लिए यात्रा कर सकेंगे। हालांकि बरेली के लिए सप्ताह में चार दिन व किशनगढ़ के लिए सप्ताह में तीन दिन विमान सेवा उपलब्ध होगी। एयरपोर्ट पर रोजाना टेकआफ और लैंड करने वाले विमानों की संख्या 48 तक पहुंच जाएंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यात्रियों को आरामदायक यात्रा का अनुभव मिले, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं हो चुकी हैं।

## गृह मंत्री शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित उच्चस्तरीय समिति से जल्द सिफारिशें देने को कहा

**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक चेंजेज से जल्द से जल्द अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। समिति ने बुधवार को यहां गृह मंत्री के आवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट कर अपनी कार्ययोजना की जानकारी दी। बैठक के दौरान गृह मंत्री को बताया गया कि जनसांख्यिकीय बदलावों से संबंधित जमीनी स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन करने के लिए समिति विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेगी। इसके साथ ही समिति केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के साथ भी विचार-विमर्श करेगी ताकि जनसंख्या में हो रहे बदलावों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर फीडबैक प्राप्त किया जा सके। समिति ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरे अधिक प्रभावी और संवादात्मक बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इसके माध्यम से संबंधित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आवश्यक सूचनाएं पहले ही प्राप्त की जाएंगी, जिससे अध्ययन को अधिक व्यवस्थित और तथ्यपरक बनाया जा सके।

## पाकिस्तान का नैरेटिव फैलाना बंद करे गुपकार गैंग: भाजपा

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद तरुण चुग ने फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ़्ती, मीरवाइज उमर फ़ारूक, मनोज झा, हुमायूं कबीर और मणिशंकर अय्यर सहित उन नेताओं पर तीखा प्रहार किया जिन्होंने पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंध और वार्ता बहाल करने का समर्थन किया है। चुग ने बुधवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में बैठे कुछ राजनीतिक नेता आज भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की भयावह सच्चाई को नज़रअंदाज़ कर उसके पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। चुग ने कहा कि यदि इन नेताओं को वास्तव में शांति की चिंता है तो उन्हें भारत सरकार को नहीं बल्कि पाकिस्तान की सरकार और सेना को पत्र लिखना चाहिए। उन्हें पाकिस्तान से मांग करनी चाहिए कि वह अपनी धरती पर चल रहे सभी आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को तत्काल बंद करे, सीमा पार आतंकवाद और घुसपैठ पूरी तरह समाप्त करे, आतंकवादी संगठनों को मिलने वाला संरक्षण और वित्त पोषण बंद करे तथा पूरी दुनिया के सामने अपनी गलती स्वीकार करते हुए यह घोषणा करे कि वह भविष्य में आतंकवादियों को प्रशिक्षण, हथियार, आर्थिक सहायता और सुरक्षित पनाह देना हमेशा के लिए बंद कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में 5 नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने का रास्ता साफ : मिथिलेश

» हर विद्यालय को आवंटित की जाएगी पांच-पांच एकड़ जमीन

» राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी, शिक्षा मंत्री ने किया स्वागत

**पटना**। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने पांच नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रत्येक विद्यालय के लिए पांच-पांच एकड़ सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।इन नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना पूर्णिया, राजगीर (नालंदा), शेखपुरा, मधेपुरा और मधुबनी में की जाएगी। भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यालय की स्थापना की दिशा में आगे की कार्रवाई होगी।शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि ये विद्यालय पूर्वी पूर्णिया के मधुबनी, राजगीर के पिलखुआ, शेखपुरा के नीमी, मधेपुरा के साहूगढ़ तथा मधुबनी जिले के राजनगर प्रखंड स्थित सतिहारपुर में खोले जाएंगे।शिक्षा मंत्री ने इस अहम निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि इन केंद्रीय विद्यालयों के शुरू होने से उत्तर बिहार के साथ-साथ दक्षिण बिहार के हजारों विद्यार्थियों को भी आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा प्रतिस्पर्धी माहौल का लाभ मिलेगा। इसके अलावा स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों की उपलब्धता बढ़ने से छात्रों और अभिभावकों को काफी सुविधा होगी।

### स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की 122वीं जयंती पर कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पटना**। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कयूम अंसारी की 122वीं जयंती बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि अब्दुल कयूम अंसारी स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानी, समाज सुधारक और सांप्रदायिक सौहार्द के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने हमेशा देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका जीवन त्याग, सेवा और सामाजिक न्याय के आदर्शों से प्रेरित रहा, जो आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके बताए आदर्शों और मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा समाज में भाईचारा, समानता और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।इस मौके पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, वैद्यनाथ शर्मा, डा0 स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, उदय शंकर पटेल, डा0 अमन कुमार, नदीम अंसारी, रंजीत कुमार बाल्मीकी, अरूण पाठक, रामशंकर कुमार पान, सुनील कुमार, सुबोध मंडल, मुमताज अहमद अंसारी, नारायण सिंह, सुबोध कुमार,अमोद कुमार सिंह सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### डोमिसाइल नीति और स्थायी नियुक्ति के साथ हो सहायक प्राध्यापक बहाली: वर्धन

**पटना**। बिहार में सहायक प्राध्यापक नियुक्ति की नई नियमावली में यूजीसी के मानकों को दरकिनार कर बनाएं गए नियमों से नेट जेआरएफ और पीएचडी धारकों में भारी असंतोष व्याप्त है। इस नियमावली के कारण अभ्यर्थियों के एपीआई को अतार्किक तरीके से बनाया गया है जिसे यूजीसी के 2018 के बहाली नियमावली अनुसार ही बिहार में आगामी बहाली प्रक्रिया में समावेशित करना चाहिए। ये बातें बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कही।प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि सहायक प्राध्यापक बहाली में डोमिसाइल नीति को भी सरकार दरकिनार कर देती है जिससे बिहार के नेट, जेआरएफ और पीएचडी धारकों को नौकरी से वंचित रह जाना पड़ता है और दूसरे राज्यों के अभ्यर्थी नियुक्ति पा जाते हैं। साथ ही उम्र सीमा को 40 साल करने की वकालत करना भी गैर जरूरी है। फिक्स्ड टर्म नियुक्ति के स्थान पर राज्य सरकार को नियमित और स्थायी बहाली करने की ओर अपना ध्यान देना चाहिए। साथ ही 211 नई डिग्री महाविद्यालयों में लोक प्रशासन, दर्शनशास्त्र, संस्कृत और मास कम्युनिकेशन एवं पत्रकारिता के विषयों को भी शामिल कर बहाली निकाली जानी चाहिए। सरकार अपने राज्य के अभ्यर्थियों को ज्यादा से ज्यादा मौका दें क्योंकि हर बार बिहार के अभ्यर्थी ठगे जाते हैं चाहे वें शिक्षक बहाली में हो या सहायक प्राध्यापक बहाली में रहे हो। इसलिए डोमिसाइल नीति आवश्यक तौर पर लागू करने की आवश्यकता है।नई नियमावली में लिखित परीक्षा पर बोलते हुए बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन ने कहा कि सरकार नियुक्ति ना देना पड़े इसलिए ऐसे हथकंडे अपनाती है जिसमें पेपर लीक हो या प्रश्नों पर आपत्ति दर्ज हो और अभ्यर्थियों को बहाली देने में देरी हो और सरकार अपना पल्ला झाड़ती रहें।

### रालोजपा एवं दलित सेना 05 जुलाई को मनाएगी रामविलास पासवान की जयंती

**पटना**। राष्ट्रीय लोजपा के मुख्य प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय लोजपा और दलित सेना के संस्थापक पिछड़ों, दलितो, वंचितो के रहनुमा पद्मभूषण से सम्मानित रामविलास पासवान की 05 जुलाई को बृहद पैमाने पर पार्टी कार्यालय में जयन्ती मनाई जाएगी। आगे श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद चन्दन सिंह ने सभी जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे पूर्ण तैयारी के साथ पटना के पार्टी कार्यालय में अपने नेता स्व रामविलास पासवान जी की जयन्ती में शामिल होकर उनके प्रति सच्चि श्रद्धा व्यक्त करें। प्रवक्ता ने बताया कि जयन्ती समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रिंस राज, युवा नेता यशराज पासवान तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोजपा के प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह और दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा करेंगे।

### राजद का अतीत जंगलराज और भ्रष्टाचार के काले कारनामों से कलंकित : उमेश

**पटना**। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि राजद का अतीत जंगलराज और भ्रष्टाचार के काले कारनामों से कलंकित रहा है। साल 1990 से 2005 के बीच का वह कालखंड आज भी बिहार की जनता के जेहन में एक खौफनाक दौर के रूप में काले अक्षरों में दर्ज है। श्री कुशवाहा ने कहा कि लालू परिवार ने हमेशा समाजवाद के झूठे मुखौटे की आड में बिहार की जनता को छला है और निजी स्वार्थ के लिए पूरे सूबे को अराजकता की अंतहीन खाई में धकेलने का काम किया। राजद का वह पंद्रह वर्ष का कुशासन अपहरण उद्योग, सत्ता-संरक्षित अपराधों, जातीय नरसंहारों, महिलाओं की असुरक्षा, चैपट व्यवस्था, चारा घोटाले तथा कई संस्थागत भ्रष्टाचार की एक काली गाथा है। लालू-राबड़ी की सरकार ने अपनी जनविरोधी नीतियों से गौरवशाली बिहार के माथे पर बीमारू राज्य का कलंकित तमगा मढ़ा था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2005 में नीतीश कुमार ने सत्ता की बागडोर संभालने के बाद बिहार को विकास की पटरी पर लाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने कानून का राज स्थापित कर अपराधियों की कमर तोड़ी, बुनियादी ढाँचे का अभूतपूर्व विस्तार किया तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। इसी सुशासन मॉडल का नतीजा है कि जिस बिहार का नाम लेने पर 2005 से पहले लोग अपमान का अनुभव करते थे, आज वही बिहारी पहचान पूरे देश में सम्मान का विषय बन चुकी है।

## बिहार विधान परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज बिहार विधान परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् के उप भवन सभागार में सभी 10 नवनिर्वाचित विधान पार्षदों निशांत, ललन प्रसाद, अनिल ठाकुर, अशरफ अंसारी, पवन सिंह, डॉ० भारती मेहता, शिवरानी देवी, शीला पंडित, संजय प्रकाश एवं डॉ० सुनील कुमार सिंह को शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण करने के बाद नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ० रामवचन राय सहित मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## अर्थव्यवस्था के दमदार आंकड़ों ने राहुल गांधी के झूठ और भ्रम की राजनीति की खोली पोल : ऋतुराज सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



» राहुल गांधी के झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति को भारतीय अर्थव्यवस्था के आंकड़ों ने दिया करारा जवाब : ऋतुराज सिन्हा

**पटना**।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री श्री ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था के ताज़ा आंकड़ों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की झूठ, भ्रम और निराशा फैलाने वाली राजनीति को करारा जवाब दिया है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत की 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि यह साबित करती है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी ने पिछले कई वर्षों से देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लगातार गलत नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया है। जब भी भारत कोई आर्थिक उपलब्धि हासिल करता है, राहुल गांधी और कांग्रेस उसे स्वीकार करने के बजाय देश में निराशा फैलाने और विदेशों में भारत की छवि पर सवाल खड़े करने का काम करते हैं। लेकिन हर बार देश की उपलब्धियां उनके दावों को झूठा साबित कर देती हैं। उन्होंने कहा कि चीन की विकास दर लगभग 4 प्रतिशत, अमेरिका की करीब 2 प्रतिशत और कई यूरोपीय देशों की औसत विकास दर 1 प्रतिशत के आसपास है। ऐसे समय में भारत का 6.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार की नीतियां मजबूत हैं और देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट और अंतरराष्ट्रीय तनाव के हर दौर में राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर आशंकाएं जताईं। उन्होंने बार-बार यह माहौल बनाने की कोशिश की कि भारत आर्थिक रूप से कमजोर हो रहा है। लेकिन मोदी सरकार के मजबूत आर्थिक प्रबंधन ने हर चुनौती का सामना किया और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बनाए रखा। आज जीडीपी के आंकड़ों ने राहुल गांधी के हर झूठे दावे को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि सरकार का विरोध करना और भारत का विरोध करना, दोनों अलग-अलग बातें हैं। राजनीतिक विरोध के नाम पर देश की आर्थिक उपलब्धियों को नकारना, निवेशकों का भरोसा कमजोर करने वाले बयान देना और दुनिया के सामने भारत की नकारात्मक तस्वीर पेश करना केवल उनकी हताशा को दर्शाता है। श्री सिन्हा ने कहा कि रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, बढ़ता विदेशी निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था का तेज विस्तार, तेजी से विकसित होता इंफ्रास्ट्रक्चर और लगातार मजबूत होती जीडीपी इस बात के प्रमाण हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियाद पर आगे बढ़ रही है। इन उपलब्धियों ने राहुल गांधी के झूठे नैरेटिव और कांग्रेस के दुष्प्रचार की हवा निकाल दी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब राहुल गांधी की नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह पहचान चुकी है। जनता विकास, सुशासन और निर्णायक नेतृत्व पर विश्वास करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और राहुल गांधी का दुष्प्रचार इस यात्रा को रोक नहीं सकता।

## बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनशक्ति जनता दल की संभावित प्रत्याशी होंगी वीना मानवी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार में बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई इस सीट पर अब सभी दलों की नजरें टिकी हैं। इसी बीच तेज प्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल ने अपनी चुनावी रणनीति का खुलासा करते हुए बड़ा दांव खेला है। तेज प्रताप यादव ने मंगलवार 30 जून को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X के माध्यम से जानकारी दी कि सामाजिक कार्यकर्ता वीना मानवी ने आधिकारिक रूप से जनशक्ति जनता दल की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पार्टी ने उन्हें बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना संभावित प्रत्याशी घोषित किया है। तेज प्रताप ने वीना मानवी पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनकी सेवा-भावना और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। वीना मानवी को पार्टी का प्रतिनिधित्व सौंपकर जेजेडी ने साफ कर दिया है कि वह इस मुकाबले में भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार है। बांकीपुर के इस रण में जनशक्ति जनता दल के अलावा प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी पूरी सक्रियता के साथ उतर चुकी है। प्रशांत किशोर की टीम ने क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। जानकारों का कहना है कि पार्टी के भीतर एक बड़ा वर्ग प्रशांत किशोर को ही उम्मीदवार के रूप में देखना चाहता है। प्रशांत किशोर ने भी स्पष्ट शब्दों में संकेत दिया है कि बांकीपुर में पिछले 40-45 वर्षों से कायम भाजपा के 'किले' को ध्वस्त करने के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने अपनी पूरी ताकत इस सीट को जीतने में लगा दी है जुलाई या अगस्त माह में संभावित बांकीपुर उपचुनाव में जहां एक ओर भाजपा अपनी विरासत को बचाने की कोशिश में है वहीं वीना मानवी के रूप में तेज प्रताप का नया चेहरा और प्रशांत किशोर की जमीनी सक्रियता ने मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना दिया है। देखना यह होगा कि बांकीपुर की जनता इस बार किस पर अपना भरोसा जताती है।

## राजद के 30वें स्थापना दिवस पर लालू यादव की हुंकार 'हम लड़े हैं और आगे भी लड़ते रहेंगे'

नई सोच एक्सप्रेस

» संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर हुई चर्चा

**पटना**।राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को अपना 30वां स्थापना दिवस पूरे उत्साह और राजनीतिक जोश के साथ मनाया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पार्टी संस्थापक लालू प्रसाद यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।। कार्यक्रम की शुरुआत लालू प्रसाद यादव द्वारा पार्टी का झंडा फहराने के साथ हुई, जिसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के तीन दशक लंबे संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल हमेशा गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों की आवाज बनकर खड़ा रहा है और आने वाले समय में भी पार्टी अपने सिद्धांतों से पीछे नहीं हटेगी। लालू यादव ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा आज भी बिहार में सबसे ज्यादा वोट हमारी पार्टी को मिला है। सरकार किसी की परमानेंट नहीं रहती है, आपलोग ईमानदारी से धरातल पर काम कीजिये, सरकार बनाने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा अब हम भीड़ नहीं जुटाएंगे बल्कि संगठन को मजबूत करने के लिए बिहार के सभी जिलों का दौरा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक विस्तारित करने की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा की। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और पंचायत स्तर तक सक्रिय रहने का आह्वान किया गया, क्योंकि पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। पटना स्थित पार्टी कार्यालय को झंडों, बैनरों और पोस्टरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहां सुबह से ही कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर केक काटा गया और मिठाइयां बांटी गईं। कार्यक्रम में मौजूद लोक कलाकार छोटू छलिया ने अपने गीतों के माध्यम से सरकार की आलोचना की। इस अवसर पर नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए विशेष भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बिहार के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थापना दिवस समारोह महज एक उत्सव नहीं, बल्कि आगामी चुनावों की तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत भी है।

## समीर परिमल ने पटना सिटी पश्चिमी अंचल के राज्य कर उपायुक्त का प्रभार संभाला

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बिहार राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी समीर परिमल ने बुधवार को पटना सिटी पश्चिमी अंचल में राज्य कर उपायुक्त के पद का विधिवत प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण के अवसर पर अंचल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। प्रभार ग्रहण करने के बाद श्री परिमल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर अंचल की कार्यप्रणाली, राजस्व संग्रह, लंबित मामलों तथा करदाता सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता करदाताओं को पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा सरकार के राजस्व हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। श्री परिमल ने करदाताओं से वस्तु एवं सेवा कर (GST) संबंधी प्रावधानों के स्वैच्छिक अनुपालन की अपील करते हुए कहा कि विभाग करदाताओं के साथ सहयोगात्मक और विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विभाग, व्यापारिक समुदाय और करदाताओं के आपसी सहयोग से राजस्व संग्रह में वृद्धि के साथ-साथ सुशासन के उद्देश्यों को भी प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि श्री समीर परिमल राज्य कर विभाग के अनुभवी अधिकारियों में गिने जाते हैं तथा प्रशासनिक दक्षता, विधिक समझ और राजस्व प्रबंधन के क्षेत्र में उनका व्यापक अनुभव रहा है। साथ ही वह एक उच्च कोटि के शायर और कवि भी हैं। ।।

## वोट बैंक नहीं, विकास के भागीदार बने अल्पसंख्यक और वंचित समाज : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। जदयू प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा ने जारी बयान में कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं पिछड़े-दलित-मुस्लिम समाज की बुलंद आवाज अब्दुल कयूम अंसारी साहब की जयंती को राजकीय समारोह के रूप में मनाने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, वो उनकी सामाजिक न्याय, सम्मान और समावेशी विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। यह निर्णय न केवल एक महान व्यक्तित्व को उचित सम्मान देने का कार्य है, बल्कि उन वंचित तबकों को भी समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिनकी आवाज लंबे समय तक उपेक्षित रही। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, जबकि नीतीश कुमार ने उनकी सत्ता, प्रशासन और विकास की मुख्यधारा में वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित की। उनकी सरकार ने सामाजिक न्याय को केवल नारे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे धरातल पर उतारकर लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी तत्कालीन नीतीश कुमार की सरकार ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक छात्रावासों का निर्माण, मदरसा शिक्षकों को सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के समकक्ष सम्मानजनक वेतनमान प्रदान करना तथा मदरसा बोर्ड एवं मैट्रिक-इंटरमीडिएट परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले मेधावी विद्यार्थियों को नगद प्रोत्साहन राशि देकर उनकी उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करना उनकी दूरदर्शी सोच का परिचायक है।

## 7.5 सीजीपीए की अनिवार्यता के खिलाफ छात्रों के शांतिपूर्ण मार्च, लाठीचार्ज, 9 छात्र हिरासत में

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।7.5 सीजीपीए की अनिवार्यता और नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ बुधवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स' एसोसिएशन (आइसा), बिहार के नेतृत्व में पटना के गांधी मैदान से राजभवन तक विशाल छात्र मार्च निकाला गया। इस मार्च में पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, जेपी विश्वविद्यालय सहित बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।मार्च का नेतृत्व आइसा बिहार के राज्य अध्यक्ष घनंजय, राज्य सचिव दीपांकर तथा राज्य उपाध्यक्ष मनीषा, पटना विश्वविद्यालय इकाई की सचिव सबा, अध्यक्ष नीतीश, आइसा बिहार की संयुक्त सचिव अदिति, दीपक यदुवंशी तथा अन्य आइसा आशीष, विवेक आनंद सुंदर, विकास, रणवीर, मोनू, सहित अनेक साथी मौजूद थे।राजभवन की ओर बढ़ रहे शांतिपूर्ण मार्च को पुलिस ने जबरन रोक दिया और बिना किसी उकसावे के छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस की इस बर्बर कार्रवाई में कई छात्र घायल हुए। छात्र साथी आशीष के सिर पर गंभीर चोट लगी तथा कान में भी चोट आई। साथी नीतीश के हाथ में गहरी छोट आई तथा कई छात्रों के साथ मारपीट की गई और उन्हें घसीटते हुए पुलिस वाहनों में बैठाया गया।लाठीचार्ज के बाद छात्रों ने शांतिपूर्ण ढंग से सड़क पर बैठकर अपना विरोध दर्ज कराया, लेकिन पुलिस ने आंदोलन को बलपूर्वक कुचलने का प्रयास करते हुए छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया।सम्राट चौधरी की पटना पुलिस ने कई साथियों को बर्बरता के साथ डिटेन किया। गांधी मैदान थाना द्वारा आइसा के साथी धनंजय, दीपांकर, नीतीश, विवेक, विकास हिरासत में लिए गए। आम छात्रों में ऋषु तथा अमर यादव को डिटेन किया गया। आइसा बिहार इस दमनात्मक कार्रवाई की कड़ी निंदा करता है। छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज को लाठी और गिरफ्तारी के बल पर दबाने का प्रयास लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। शिक्षा के अधिकार की मांग कर रहे छात्रों पर हिंसा करने के बजाय सरकार को उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।आइसा ये मांग करता है कि हिरासत में लिए गए सभी छात्र नेताओं को तत्काल एवं बिना शर्त रिहा किया जाए। लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। घायल छात्रों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। 7.5 उऋढअ की अनिवार्यता तत्काल वापस ली जाए। नीट 2020 के छात्र-विरोधी प्रावधानों को वापस लिया जाए।आइसा स्पष्ट करता है कि दमन और गिरफ्तारियों से छात्र आंदोलन को दबाया नहीं जा सकता। शिक्षा के लोकतांत्रिक अधिकार और समान अवसर की लड़ाई और अधिक मजबूती के साथ जारी रहेगी।

## पीपीपी मॉडल पर बिहार में बनेंगे 31 विश्वस्तरीय बस स्टैंड

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।यात्रियों को सुगम, सुलभ एवं अत्याधुनिक विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के 31 बस डिपो का विकास किया जायेगा। इसका विकास जी प्लस 4 से जी प्लस 6 बहुमंजिला भवनों के रूप में किया जाएगा। इन बस टर्मिनलों को केवल बसों के संचालन तक सीमित न रखकर मल्टी-फंक्शनल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि यात्रियों को एक ही परिसर में परिवहन के साथ आधुनिक नागरिक सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकें। परिवहन विभाग मंत्री दामोदर रावत ने बताया कि परिवहन विभाग के इस प्रस्ताव पर बुधवार को माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई। इस निर्णय के तहत बिहार राज्य पथ परिवहन निगम राज्य के 31 बस डिपो एवं बस स्टैंडों का पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकास करेगा।परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि प्रस्तावित बस स्टैंडों के ग्राउंड फ्लोर पर बस बे, डिजिटल टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, यात्री सहायता केंद्र, कैफेटेरिया, स्वच्छ शौचालय, पेयजल, एटीएम, सुरक्षा कक्ष, सीसीटीवी निगरानी एवं सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पहली मंजिल पर वातानुकूलित एवं सामान्य प्रतीक्षालय, निगम के प्रशासनिक कार्यालय, फूड कोर्ट, रिटेल दुकानें एवं सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जबकि दूसरी मंजिल पर चालक एवं परिचालकों के लिए विश्राम कक्ष, डॉर्मिटरी और अतिथि कक्ष की व्यवस्था होगी।बस स्टैंडों की जी प्लस 3 से जी प्लस 6 मंजिलों का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। यहां होटल, शॉपिंग मॉल, मल्टीप्लेक्स , बैंक्वेट हॉल, कार्यालय, मनोरंजन केंद्र, सोलर पावर प्लांट एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान विकसित किए जाएंगे। इससे प्राप्त राजस्व का साझाकरण बिहार राज्य पथ परिवहन निगम एवं निजी भागीदार के बीच किया जाएगा, जिससे बस स्टैंडों का संचालन और रखरखाव आर्थिक रूप से भी मजबूत होगा। परियोजना के अंतर्गत आधुनिक वर्कशॉप, बस पार्किंग, निरीक्षण पिट, स्टोर, टायर सेक्शन, ई-बस चार्जिंग स्टेशन, जल निकासी व्यवस्था, एसटीपी/ईटीपी तथा बैकअप पावर सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे भविष्य में संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों के संचालन एवं रखरखाव को नई मजबूती मिलेगी।इस परियोजना के तहत पटना, मुजफ्फरपुर, गयाजी, भागलपुर, पूर्णिया, दरभंगा, मुंगेर, जमुई, नवादा, सहरसा, मधुबनी, किशनगंज, मोतिहारी, सारण, सीतामढ़ी, नालंदा, औरंगाबाद, भोजपुर, जहानाबाद, शेखपुरा इत्यादि में 31 आधुनिक बस स्टैंड विकसित किए जाएंगे।यह परियोजना बिहार में सार्वजनिक परिवहन अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। भविष्य में बसों की बढ़ती संख्या, 400 ई-बसों के प्रस्तावित संचालन तथा यात्रियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किए जा रहे ये विश्वस्तरीय बस टर्मिनल सुरक्षित, स्वच्छ, डिजिटल और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेंगे। साथ ही, राज्य में निवेश, रोजगार सृजन और शहरी विकास को भी नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनिर्वाचित 10 विधान पार्षदों ने ली शपथ

**पटना।** बिहार एनडीए के 9, और राजद के एक निर्वाचित नेता ने आज टछउ पद की शपथ ली। विधान परिषद के एनेक्सी भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। सबसे पहले भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह ने एमएलसी पद की शपथ ली। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, संजय मयूख समेत एनडीए से 9, राजद से सुनील कुमार सिंह ने एमएलसी पद की शपथ ली। विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। मंच पर उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी के बगल में तेजस्वी यादव बैठे नजर आए।एमएलसी बनने के बाद पवन सिंह ने कहा कि एक कलाकार होने के नाते यही चाहता हूं कि मैं अपना काम, अपनी एक्टिंग जारी रखूं। बिहार में फिल्म सिटी बने। हमारे नए-नए लड़के जो गाना गा रहे, एक्टिंग कर रहे हैं, उनको प्लेटफॉर्म मिले। विधान परिषद की 10 सीटों के लिए कुल 10 उम्मीदवारों ने ही नामांकन दाखिल किया था। 20 दिन पहले सभी 10 निर्विरोध चुने गए थे। ललन प्रसाद जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ और जमीनी स्तर के नेता हैं। इस चुनाव में उन्हें सबसे हाई-प्रोफाइल सीट दी गई थी। वे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा खाली की गई सीट पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।नीतीश कुमार के भरोसेमंद होने के कारण पार्टी ने उन पर भरोसा जताया है, जिससे मुख्यमंत्री के संसदीय क्षेत्र और संगठन में उनका कद काफी बढ़ गया है। पवन सिंह की युवाओं में लोकप्रियता और जमीनी पकड़ को देखते हुए भाजपा ने उन्हें उच्च सदन में भेजकर शाहाबाद और भोजपुरी बेल्ट में अपने सामाजिक और राजनीतिक समीकरण को मजबूत करने का दांव खेला है।

### टी.पी.एस. कॉलेज के विद्यार्थियों का जिला रेड रिबन रन 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पटना।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से आयोजित जिला स्तरीय रेड रिबन रन 2026 का आयोजन बुधवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। महाविद्यालय के एनएसएस् /रेड रिबन क्लब के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में टी.पी.एस. कॉलेज के छात्र गणेश कुमार ने तृतीय स्थान तथा मनीष कुमार ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। टी.पी.एस. कॉलेज के प्रतिभागियों ने अनुशासन, उत्साह एवं खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स जागरूकता, स्वस्थ जीवनशैली तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों से संबंधित संदेश भी प्रसारित किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने विजेता विद्यार्थियों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मविश्वास तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ विभिन्न शैक्षणिक, खेल एवं सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।मीडिया प्रभारी डॉ मुकुंद कुमार ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन ने गणेश कुमार एवं मनीष कुमार की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी विजेता विद्यार्थियों तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं ।

### शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पाँच वर्षों के लिए एमओयू

**पटना।** ए.एन. कॉलेज, पटना एवं देशव्यापी पर्यावरणीय संगठन तरुमित्र के बीच पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जन-जागरूकता एवं संयुक्त शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच वर्षों के लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत दोनों संस्थान पर्यावरणीय स्थिरता, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता संरक्षण, छात्र-युवा सहभागिता, पर्यावरण जागरूकता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाओं, सेमिनारों तथा संयुक्त शोध परियोजनाओं का संचालन करेंगे। इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय संवेदनशीलता विकसित करना तथा समाज में सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। एमओयू पर ए.एन. कॉलेज, पटना की ओर से प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत तथा तरुमित्र की ओर से निदेशक फादर टोनी पेंडानाथ एस.जे. ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर ए.एन. कॉलेज की ओर से डॉ. अभिषेक दत्ता, बर्सर तथा तरुमित्र की ओर से देवप्रिया दत्ता, समन्वयक साक्षी के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि यह समझौता विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा तथा संस्थान को शोध एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर दोनों संस्थानों ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने तथा विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया। यह साझेदारी शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### जातिसूचक अपमान और घृणा फैलाने वालों पर हो समान रूप से कठोर कार्रवाई : संतोष

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि जाति के आधार पर अपमान और घृणा का सबसे बड़ा दर्द अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समाज ने सदियों तक झेला है। इसलिए सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा हमारे लिए केवल नारा नहीं, बल्कि संकल्प है।उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया हो या सार्वजनिक जीवन, किसी भी व्यक्ति या समाज के विरुद्ध जातिसूचक गालियों और अपमानजनक भाषा का प्रयोग पूरी तरह अस्वीकार्य है। किसी एक जाति का अपमान अंततः पूरे समाज की शांति, सौहार्द और भाईचारे पर हमला है।डॉ. सुमन ने कहा कि कानून का भय और संविधान का सम्मान सभी के लिए समान होना चाहिए। जाति के नाम पर नफरत फैलाने और सामाजिक वैमनस्य पैदा करने वालों के विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। सामाजिक समरसता, पारस्परिक सम्मान और संवैधानिक मूल्यों के मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त, न्यायपूर्ण और विकसित भारत का निर्माण संभव है।

### डाबर ग्लूकोप्लस-सी ने सौरव गांगुली के साथ एआई आधारित 'दादाज़ पावर कोचिंग कैंप' अभियान शुरू किया

**पटना।** डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने ब्रांड डाबर ग्लूकोप्लस-सी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के साथ एआई-संचालित 'दादाज़ पावर कोचिंग कैंप' अभियान लॉन्च किया है। अभियान के तहत जेनेरेटिव एआई की मदद से युवा खिलाड़ियों को उनकी खेल यात्रा और चुनौतियों के अनुरूप व्यक्तिगत कोचिंग वीडियो उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कंपनी के अनुसार, इस पहल के माध्यम से अब तक 13 लाख से अधिक व्यक्तिगत कोचिंग अनुभव तैयार किए गए हैं और 11 करोड़ से अधिक माताओं तक पहुंच बनाई गई है। अभियान में माताएं अपने बच्चे का नाम, खेल और उसकी चुनौती साझा करती हैं, जिसके बाद उन्हें व्हाट्सएप पर सौरव गांगुली का व्यक्तिगत प्रेरक वीडियो प्राप्त होता है। डाबर इंडिया के हेड–मार्केटिंग (हेल्थ सप्लीमेंट्स) अमित गर्ग ने कहा कि यह अभियान पारंपरिक विज्ञापन से आगे बढ़कर प्रत्येक बच्चे तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचने का प्रयास है। वहीं सौरव गांगुली ने कहा कि सही समय पर मिली प्रेरणा बच्चों के आत्मविश्वास और प्रदर्शन में बड़ा बदलाव ला सकती है। यह अभियान मुख्य रूप से उत्तर और पूर्वी भारत में चलाया जा रहा है।

# सीयूजी मोबाइल बंद या व्हाट्स ऐप नहीं तो होगी कार्रवाई

नई सोच एक्सप्रेस



» राजस्व अधिकारियों को 24 घंटे नंबर सक्रिय रखने का सख्त आदेश

**पटना।** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने डीसीएलआर, अंचलाधिकारी (सीओ) और अन्य राजस्व अधिकारियों के लिए सख्त निर्देश जारी किया है कि सभी अधिकारियों को अपना आधिकारिक सीयूजी मोबाइल नंबर 24 घंटे सक्रिय रखना होगा और उसी नंबर पर अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप भी इंस्टॉल करना होगा। विभाग ने साफ कर दिया है कि इन निर्देशों की अनदेखी को गंभीर लापरवाही माना जाएगा और संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में विभाग के सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है। विभाग का कहना है कि पहले भी कई बार अधिकारियों को सीयूजी नंबर हमेशा चालू रखने के निर्देश दिए जा चुके हैं, ताकि विभागीय स्तर पर जरूरी सूचनाओं और निर्देशों का आदान-प्रदान बिना किसी बाधा के हो सके। इसके बावजूद कई जिलों से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई अधिकारियों के सीयूजी मोबाइल नंबर बंद रहते हैं या कॉल रिसीव नहीं किए जाते। विभागीय समीक्षा में यह भी सामने आया है कि करीब 60 प्रतिशत अधिकारियों ने अपने आधिकारिक सीयूजी नंबर पर व्हाट्सएप तक इंस्टॉल नहीं किया है, जिससे जरूरी दस्तावेज, सरकारी निर्देश और आपातकालीन सूचनाएं समय पर साझा नहीं हो पा रही हैं। विभाग का मानना है कि वर्तमान समय में व्हाट्सएप शासकीय संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। ऐसे में इसका उपयोग नहीं करने से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है और कई मामलों में आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान में अनावश्यक देरी होती है। विभाग ने यह भी माना है कि अधिकारियों की इस लापरवाही का असर आम लोगों पर भी पड़ रहा है। कई नागरिकों को समय पर जानकारी या समाधान नहीं मिल पाता, जिससे सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

# इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्र ने सेवा कार्यों के साथ नए सत्र का किया शुभारंभ, डायलिसिस मशीन भेंट

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्र ने नए सत्र (2026-27) की शुरुआत बुधवार को भगवान सत्यनारायण की पूजा-अर्चना के साथ की। नई अध्यक्ष अपर्णा भारती के नेतृत्व में क्लब ने पहले ही दिन स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक सेवा से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए। राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर राजेंद्र नगर स्थित मेडिवर्सल मात्री हॉस्पिटल में इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्र एवं अन्य इनरव्हील क्लबों के संयुक्त तत्वावधान में किडनी मरीजों की सुविधा के लिए एक डायलिसिस मशीन भेंट की गई। इस परियोजना का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियंका कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष अंजू ढींगरा ने किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट आईएसओ नीलू अरोड़ा, पीडीसी श्वेता सिन्हा, सचिव नीलांजना भट्टाचार्या, कोषाध्यक्ष सुधा बीदासरिया, आईएसओ रेखा सिंह, पूर्व अध्यक्ष निशा विद्यार्थी, किरण शिरोमणि, कार्यकारिणी सदस्य श्रुति पांडेय एवं सीजीआर कंचन राय सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं। इसी अवसर पर कंकड़बाग स्थित सवेरा कैंसर हॉस्पिटल में डॉ. आर.एन. सिंह सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शोभा रानी सिंह ने किया। इसमें उपाध्यक्ष किरण शिरोमणि, पीपीडीसी वीणा जैन एवं श्रुति पांडेय मौजूद रहीं। वन महोत्सव के तहत अनीसाबाद स्थित रेनबो होम्स में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों ने ग्रीन रैली निकालकर लोगों को पेड़ों के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली के बाद बच्चों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर क्लब की कोर कमेटी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट जुगनु कुमार और सुबोध गोयल को सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष अपर्णा भारती ने कहा कि इनरव्हील क्लब पाटलिपुत्र पूरे सत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, पर्यावरण संरक्षण और समाज के जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर सेवा कार्य करता रहेगा।

# जितेंद्र सहाय तथा सुरेंद्र जमुआर जैसे साहित्यकार विरले होते हैं : न्यायमूर्ति सोनी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** डा. जितेंद्र सहाय और सुरेंद्र जमुआर जैसे मानवतावादी महापुरुष और साहित्यकार विरले होते हैं। डा सहाय ने अपने सादगीपूर्ण जीवन और मानव-सेवा तथा साहित्य-सेवा के माध्यम से एक अनुकरणीय आदर्श स्थापित किया। उनका सार्वजनिक और पारिवारिक-जीवन, दोनों ही आदर्श थे। यह बातें बुधवार की संध्या, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती समारोह में समारोह की मुख्य-अतिथि और पटना उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनी श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि साहित्य सम्मेलन बिहार के महान साहित्यकारों की लीला-भूमि रही है। यहाँ आने से हमारी आत्मा स्पंदित और आनन्दित होती है। नयी पीढ़ी को इसका लाभ लेना चाहिए। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने न्यायमूर्ति श्रीवास्तव को अंग-वस्त्रम एवं सम्मेलन की पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। सभा की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि हिन्दी के वरेण्य साहित्यकारों में परिगणित होने वाले लेखक डा जितेन्द्र सहाय एक कुशल सर्जन भी थे और मनीषी सर्जक भी। वे बिहार के सभी साहित्यकारों के निजी-चिकित्सक ही माने जाते थे। वहीं स्तुत्य लेखक डा सुरेंद्र प्रसाद जमुआर एक ऐसे परिश्रमी हिन्दी-सेवी थे, जिन्होंने बिहार के अनेक अलक्षित साहित्यकारों को प्रकाश में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। डा सुलभ ने कहा कि आधुनिक हिन्दी साहित्य के उन्नयन में बिहार के साहित्यकारों ने अभूतपूर्व योगदान दिया, किंतु 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' में बिहार के हिन्दी-सेवियों की चर्चा अत्यंत गौण है। जमुआर जी ने अपने चार अत्यंत मूल्यवान ग्रंथों, तीन खण्डों में प्रकाशित 'बिहार के दिवंगत हिन्दी साहित्यकार' एवं बिहार के साहित्यकारों की साहित्य यात्रा' में, बिहार के साढ़े तीन सौ से अधिक हिन्दी-सेवियों के अवदानों को, उनके संपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व के साथ प्रकाश में लाने का अत्यंत महनीय कार्य किया। पटना उच्च न्यायालय के विद्वान अधिवक्ता और डा सहाय के पुत्र अमित प्रकाश ने अपने पिता की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि यों तो वे पेशे से चिकित्सक थे और बिहार के स्वास्थ्य विभाग में उपनिदेशक थे, किंतु वे मूलतः साहित्यिक और सामाजिक व्यक्तित्व थे। वे सफल शल्य-चिकित्सक थे, किंतु उन्हें आनन्द और सुख की अनुभूति, सेवा और साहित्य से ही मिलती थी। वे जीवन में संयमी, संतोषी और कल्याणकारी थे। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुनील कुमार उपाध्याय तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना की। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, डा पुष्पा जमुआर ने 'फंडा' शीर्षक से, डा पूनम आनन्द ने 'वैकेन्सी', डा पूनम देवा ने 'विरासत',विभारानी श्रीवास्तव ने 'मूल्यों का कद्र', शमा कौसर 'शमा' ने 'जाल', कुमार अनुपम ने 'असत्यमेव जयते', नन्दन कुमार ने 'क्रिकेट' तथा इन्दु भूषण सहाय ने 'मानवता' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

# डॉक्टर्स दिवस पर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सकों को किया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर पटना रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल के निदेशक के साथ-साथ डॉ .कौशल, डॉ. गुप्ता, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. अनुज चौधरी डॉ .आरके शर्मा, डॉ. अल्पना , डॉ. रवि प्रकाश इत्यादि को अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया 1 सम्मानित करने बालों में पूर्व मध्य रेल मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष मोहम्मद जफर हसन, पप्पू पासवान, मोहम्मद सदीक व एवं सेवानिवृत रेल संगठन के जोनल महामंत्री शशिकांत पांडे , अध्यक्ष विश्व मोहन समेत संगठन के कई पदाधिकारी गण शामिल थे1 मोहम्मद जफर हसन ने,अस्पताल के निदेशक से मांग किया है कि,पिछले दो महीना से इस अस्पताल में भर्ती रेलकर्मचारी और उनके आश्रितों को खाना नहीं दिया जाता है 1 इसे जल्द से जल्द चालू करने,रिटायर कर्मचारियों और सीनियर सिटीजन कर्मचारियों को वहां पर बैठने की व्यवस्था करने की मांग भी किया है 1 निदेशक ने यथाशीघ्र सभी मांगों पर को जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया है 1

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर एम्स पटना ने स्वास्थ्य नवाचार को दिया बढ़ावा

नई सोच एक्सप्रेस



» द्वितीय इन्क्यूबेशन एवं इग्निशन ग्रांट कॉल का शुभारंभ
» एम्स पटना का उद्देश्य ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहाँ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता मिलकर देश की स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान तैयार करें : डॉ. राजू अग्रवाल

**पटना।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर एम्स पटना इन्क्यूबेशन एवं इनोवेशन काउंसिल ने ब्लॉक चेन फॉर इम्पैक्ट के सहयोग से स्थापित एम्स पटना-बीएफआई इन्क्यूबेशन सेंटर के साथ मिलकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर चिकित्सकों, मार्गदर्शकों और वरिष्ठ संकाय सदस्यों के योगदान का सम्मान किया गया तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई गई। अपने संबोधन में प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि एम्स पटना का उद्देश्य ऐसा वातावरण तैयार करना है जहाँ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता मिलकर देश की स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान तैयार करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, एम्स पटना तथा अध्यक्ष, एपीआईआईसी थे। उनके साथ प्रो. (डॉ.) प्रशांत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक; प्रो. (डॉ.) पूनम प्रसाद भदानी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक); प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय, अधिष्ठाता (अनुसंधान); प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार, अधिष्ठाता (परीक्षा); प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण); डॉ. क्रांति भावना, प्रधान अन्वेषक, एपीआईआईसी एवं विभागाध्यक्ष, ईएनटी; प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार, सह-प्रधान अन्वेषक, एपीआईआईसी एवं विभागाध्यक्ष, ट्रॉमा एवं आपातकालीन चिकित्सा; डॉ. सुदीप कुमार, प्रधान अन्वेषक, एम्स पटना–बीएफआई इन्क्यूबेशन सेंटर एवं प्रोफेसर, अस्थि रोग विभाग; तथा डॉ. मौसमी साहा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एपीआईआईसी एवं सलाहकार, एम्स पटना–बीएफआई इन्क्यूबेशन सेंटर सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक, संकाय सदस्य, शोधकर्ता, नवप्रवर्तक, स्टार्टअप प्रतिनिधि एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. श्वेता जिंदल, प्रोग्राम डायरेक्टर – मेडटेक इनोवेशन, बीएफआई तथा प्रौद्योगिकी अनुवाद एवं नवाचार प्रभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एपीआईआईसी के द्वितीय इन्क्यूबेशन एवं इग्निशन ग्रांट कॉल का शुभारंभ रहा। इसके तहत चिकित्सा, मेडटेक, डिजिटल हेल्थ, बायोटेक्नोलॉजी, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग तथा अन्य स्वास्थ्य क्षेत्रों में काम कर रहे चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों, नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित किए गए। चयनित प्रतिभागियों को आर्थिक सहायता (इग्निशन ग्रांट), विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, एम्स पटना की क्लीनिकल एवं अनुसंधान सुविधाओं का उपयोग, बौद्धिक संपदा (आईपी), नियामकीय प्रक्रिया, प्रौद्योगिकी परीक्षण और उद्योग से जुड़ने का अवसर मिलेगा ताकि उनके नवाचार आम लोगों तक पहुँच सकें। कार्यक्रम में बीएफआई फुल स्टैक इनोवेशन प्रोग्राम की भी जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम नवप्रवर्तकों को एक विचार से लेकर प्रोटोटाइप, क्लीनिकल परीक्षण, नियामकीय मंजूरी और बाज़ार तक पहुँचने की पूरी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करता है।

# विश्व डॉक्टर दिवस पर होमियोपैथी अस्पताल फतुहा में चिकित्सकों का सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** विश्व डॉक्टर दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित होमियोपैथी अस्पताल, फतुहा में भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल के नेतृत्व में चिकित्सकों को सम्मानित करने तथा उनके योगदान को नमन करने के लिए एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों तथा स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि डॉक्टर केवल रोग का उपचार नहीं करते, बल्कि समाज में आशा, विश्वास और जीवन का संचार करते हैं। चिकित्सक अपने परिवार और व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं की परवाह किए बिना दिन-रात मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं। इसलिए डॉक्टरों का सम्मान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व डॉक्टर दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम चिकित्सा पेशे से जुड़े लोगों का सम्मान करें, उनके प्रति विश्वास बनाए रखें तथा स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में सहयोग करें। डॉक्टरों के बिना किसी भी विकसित और समृद्ध राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। डॉ पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हुआ है। नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, आधुनिक अस्पतालों का निर्माण, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं तथा आयुष पद्धति के विस्तार से करोड़ों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। उन्होंने कहा कि होमियोपैथी भी आज प्रभावी और किफायती चिकित्सा पद्धति के रूप में लोगों का विश्वास जीत रही है। कम खर्च में बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के कठिन दौर में पूरे देश ने डॉक्टरों की सेवा, समर्पण और साहस को देखा। अनेक चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा की। ऐसे चिकित्सक समाज के लिए प्रेरणा हैं और उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास का संबंध सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि समाज डॉक्टरों का सम्मान करेगा और चिकित्सकीय सलाह का पालन करेगा, तो स्वस्थ भारत का सपना और अधिक मजबूत होगा। अंत में सभी चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने डॉक्टरों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य तथा समाज सेवा के उनके संकल्प को और अधिक मजबूत बनाने की कामना की। कार्यक्रम का समापन सभी नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच कराने तथा चिकित्सा सेवा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करने के आह्वान के साथ हुआ।

# सेवा व संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव का जन्मदिन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ. शशि भूषण प्रसाद का जन्मदिन बुधवार को कार्यकतोओं ने 'सेवा व संकल्प दिवस' के रूप में मनाया। किदवईपुरी स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकतार्ओं ने समाजसेवा का संकल्प लेते हुए जनहित के कार्यों को और गति देने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर डॉ. शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि समाज के जरूरतमंद और वंचित लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सेवा भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यकतार्ओं के आग्रह पर अब हर वर्ष उनका जन्मदिन 'सेवा व संकल्प दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।डॉ. प्रसाद ने कहा कि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी उत्तर प्रदेश में एनडीए की सहयोगी है और बिहार में भी एनडीए सरकार के विकास कार्यों का समर्थन करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रशासनिक निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मुख्यमंत्री ने अपनी प्रभावी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है।कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने डॉ. शशि भूषण प्रसाद को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मानसून में सर्पदंश से बचाने के लिए बीएसवी ने अपनी 4 ए रणनीति को दी गति

**मुजफ्फरपुर**।मानसून शुरू होते ही भारत के ग्रामीण इलाकों में साँप के काटने की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए मैनकाइंड फार्मा की सहायक कंपनी बीएसवी ने पूरे देश में अपने व्यापक 4ए फ्रेमवर्क को तेज़ी से लागू करना शुरू कर दिया है। बीएसवी ने पिछले दो दशकों से अपनी उच्च गुणवत्ता वाली एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) दवा के द्वारा इस समस्या से निजात पाने में आम लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों की काफी मदद की है। इसका उद्देश्य साँप के काटने की घटनाओं की रोकथाम, समय पर इलाज और मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। सिवानी शर्मा डेका, सीओओ, इंडिया बिज़नेस, बीएसवी, ने कहा कि एंटी-स्नेक वेनम के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी होने के नाते बीएसवी पिछले दो दशकों से साँप के काटने के इलाज के लिए वैज्ञानिक रूप से उन्नत, उच्च गुणवत्ता वाली और प्रभावी दवाएँ उपलब्ध करा रही है। इससे मामलों का बेहतर रिकॉर्ड तैयार होगा, एंटी-स्नेक वेनम की आपूर्ति अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी और पूरे देश में एक मजबूत निगरानी प्रणाली विकसित होगी। डॉ. सुधाकर कुमार गुप्ता, एमबीबीएस, एमडी, प्रभात तारा स्वास्थ्य केंद्र, सर्पदंश, मुजफ्फरपुर ने कहा कि भारत में साँप के काटने की घटनाएँ आज भी एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई हैं। यदि हम लोगों को जागरूक कर साँप के काटने से जुड़े मिथकों को दूर करें और उचित उपचार को अंतिम व्यक्ति तक समय पर पहुँचाने की व्यवस्था मजबूत करें, तो गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को रोका जा सकता है और हजारों लोगों की जान बचाई जा सकती है।

### मारपीट की घटना में एक व्यक्ति जख्मी प्राथमिकी दर्ज

**वैशाली**।पूर्व से चल रहे विवाद को लेकर मारपीट करने व गाली गलौज करने को लें प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।इस संबंध में बैकुंठपुर गांववासी विकास कुमार पिता प्रमोद कुमार यादव ने राजापाकर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है जिसमें कहा है कि मेरा भाई रवि रंजन यादव व रितिक रोशन कुमार दोनों अपनी बाइक से कुछ सामान खरीदने राजापाकर बाजार गया था।जैसे ही गुड़िया स्वीट दुकान के पास पहुंचा तो सामने से आ रहा बुलेट बाइक सवार बालकृष्ण पिता राजीव कुमार और रितिक राज पिता रवि रंजन कुमार दोनों निवासी बैकुंठपुर ने मेरे भाई की बाइक में जानबूझकर धक्का मार दिया। इसी बात को लेकर दोनों बाइक से उतर गया और मेरे भाई को गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान रवि रंजन कुमार पिता स्वर्गीय सजीवन शर्मा गांव बैकुंठपुर पहुंच गया और तीन अज्ञात लोग मिलकर मेरे दोनों भाइयों के साथ मारपीट करने लगे। जिससे मेरा भाई रितिक रोशन कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया। मारपीट के क्रम में बालकृष्ण मेरे भाई रितिक रोशन के पैकेट से 3 हजार रुपए निकाल लिया तब वहां पर कुछ ग्रामीण उपस्थित हो गए जिसे देख वे सभी वहां से भागने लगा। इसके बाद मेरे भाई को इलाज हेतु राजापाकर अस्पताल भेजा गया। जहां से बेहतर इलाज हेतु मेरे भाई को सदर अस्पताल हाजीपुर ले जाया गया। मैं अपने भाई का इलाज करवा रहा था। इसलिए मैं देरी से आवेदन दिया हूं विदित की यह काउंटर केस किया गया है उक्त घटना में रवि रंजन कुमार व प्रमोद कुमार यादव पर मारपीट को लेकर पूर्व में भी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### गया कॉलेज में महिला शिक्षिका पर हमले की एबीवीपी ने की निंदा, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**गया जी**।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गया इकाई ने गया कॉलेज परिसर में एक महिला शिक्षिका पर कथित रूप से एक पुरुष शिक्षक द्वारा किए गए हमले की घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी के साथ साथ मामले में लापरवाही बरतने वाले प्रशासनिक अधिकारियों पर भी कठोर कार्रवाई की मांग किया है।एबीवीपी ने जारी बयान में कहा कि शिक्षण संस्थान ज्ञान अनुशासन और सुरक्षा के केंद्र होते हैं। ऐसे परिसर में महिला शिक्षिका के साथ हिंसा की घटना न केवल महिलाओं की गरिमा और सम्मान पर आघात है बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े करती है। परिषद का कहना है कि यदि कॉलेज परिसर में महिला शिक्षिकाएं ही सुरक्षित नहीं हैं, तो छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता स्वाभाविक है। एबीवीपी का आरोप है कि यदि उस समय शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की गई होती तो इस प्रकार की घटना को रोका जा सकता था। शिकायतों की अनदेखी अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का काम करती है।एबीवीपी की प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेने के कारण महिला शिक्षिका पर दोबारा हमला हुआ जो प्रशासनिक संवेदनहीनता और लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी स्तर पर शिकायतों को दबाने या टालने का प्रयास हुआ है तो उसकी भी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए। एबीवीपी ने कॉलेज में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र नियमित निगरानी व्यवस्था तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने की भी मांग की है। परिषद ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी शिक्षण संस्थानों में महिला सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाना चाहिए।एबीवीपी ने चेतावनी दिया है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुआ या दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया तो परिषद छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं समाज के सहयोग से लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से व्यापक आंदोलन चलाएगी। परिषद ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा पीड़िता को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए।

## पुलिस ने दो फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

» चेरो ओपी के पुलिस ने छापेमारी कर दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हरनौत**।चेरो ओपी के पुलिस ने छापेमारी अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक एनबीडब्ल्यू (नॉन-बेलेबल वारंट) वारंटी अभियुक्त सहित एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दोनों पर थाना में एफआईआर दर्ज था। जिसमें दोनों फरार था। वहीं ओपी प्रभारी रौशन कुमार ने बुधवार को बताया कि गोसाई गांव गांव के निवासी स्व. देवशरण राम के पुत्र सती राम को पकड़ा गया है।वह एनबीडब्लू वारंटी था । वर्ष 2011 में मारपीट सहित का केस दर्ज किया गया था।इसके अलावा नेमचंद बाग गांव के निवासी स्व. संजीवन मांझी के पुत्र सूरज मांझी को गिरफ्तार कर भेज दिया गया है।वह बीते छः माह से शराब मामले केस में फरार चल रहा था।उनपर बिहार मद्य निषेध अधिनियम 2016 के तहत एफआईआर दर्ज है। उक्त दोनों वारंटी अलग-अलग मामले में फरार चल रहे थे। उन्होंने कहा कि उक्त दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।ओपी क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि आदि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी है।

# हरनौत के विभिन्न 18 स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा शुरू, 6399 छात्र-छात्राएं हैं नामांकित

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत**।हरनौत प्रखंड में स्थित विभिन्न18 माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षा बुधवार से शुरू हुई।इस दौरान हरनौत बाजार में स्थित प्लस टु प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, प्लस टू हाई स्कूल से लेकर प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्ती (दैली),+2 हाई स्कूल गोनावां,+2 हाई स्कूल सरथा सहित विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं की चहल-पहल देखी गई।अन्य सामान्य दिनों की अपेक्षा स्कूल में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अधिक थी।वहीं प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी(बीईओ) नितेश कुमार रंजन ने बताया कि पहले दिन कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राएं की पहली पाली में मातृभाषा तथा दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा ली गई।जबकि दूसरे दिन विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान तथा अंतिम दिन गणित और अंग्रेजी की परीक्षा ली जाएगी।बीईओ ने कहा कि उच्च माध्यमिक स्तर पर कक्षा 11वीं एवं 12वीं की त्रैमासिक परीक्षाएं 8 जुलाई तक चलेगी।विभिन्न संकायों (साइंस आर्ट्स और कॉमर्स) के विषयों की जारी कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग तिथियों में दोनों पालियों में आयोजित की जा रही है। शपहले दिन प्रथम पाली में भौतिकी,आंत्रप्रेन्योरशिप एवं दर्शनशास्त्र तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, एकाउंटेंसी एवं राजनीति विज्ञान से शुरू हुई।दो जुलाई को गणित, जीवविज्ञान,बिजनेस स्टडी एवं भूगोल की परिक्षा ली जाएगी।पहली पाली 9:30 से 12:45 बजे तक तथा दुसरी पाली 2:00 से 5:15 बजे तक निर्धारित है। इसमें छात्र-छात्राएं को प्रश्नपत्र पढ़ने और समझने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट का समय भी दिया जा रहा है।परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण पहले ही विद्यालयों को किया जा चुका है और सभी विद्यालयों में परीक्षा अपने-अपने परिसर मेंए शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने का निर्देश दिया जा चुका है।साथ ही परीक्षार्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने,आवश्यक सामग्री साथ रखने तथा अनुशासन का पालन करने का निर्देश दिया गया है। त्रैमासिक परीक्षा को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन की महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है,जिससे आगे की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी का भी आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नौ वीं कक्षा में कुल 1764,10वां 2541 तथा 12वीं में 2094 छात्र-छात्राएं नामांकित है।शिक्षकों को उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर 11 जुलाई तक परिणाम तैयार करना होगा।

## जनता दरबार में एसपी कोटा किरण कुमार ने सुनीं 24 शिकायतें, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं। जनता दरबार में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद एवं विश्वास कायम करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे अपने नजदीकी थाना को तत्काल सूचना दें। यदि किसी मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती है अथवा लोग अपनी बात सीधे पुलिस अधीक्षक तक पहुंचाना चाहते हैं, तो वे निर्धारित समय पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में आकर अपनी समस्याएं रख सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि जनता की हर समस्या को गंभीरता से सुना जाएगा और उसके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। एसपी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, ताकि पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। जनता दरबार के दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं संबंधित शाखाओं के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सदर अस्पताल में बच्चों ने किया डॉक्टरों का सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मंगलवार को जहानाबाद सदर अस्पताल में एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बचपन प्ले स्कूल, जहानाबाद के बच्चों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन ने अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों को सम्मानित किया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सदर अस्पताल के चिकित्सकों से मुलाकात की, उन्हें गुलदस्ता भेंट किया तथा उपहार देकर सम्मानित किया। बच्चों ने डॉक्टरों की आरती उतारी और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। इस अनोखी पहल ने अस्पताल परिसर का माहौल खुशनुमा और भावुक बना दिया। चिकित्सकों ने भी बच्चों से आत्मीयता के साथ बातचीत की, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया तथा स्वास्थ्य से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। डॉक्टरों ने बच्चों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया, जिससे बच्चों की खुशी दोगुनी हो गई। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि डॉक्टर समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दिन-रात मरीजों की सेवा कर उन्हें स्वस्थ जीवन प्रदान करते हैं, इसलिए डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप माना जाता है। बच्चों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी। कार्यक्रम का आयोजन बचपन प्ले स्कूल के संचालक अरुण कुमार पवार के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन करता है, ताकि बच्चों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी मिल सके और वे वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीख प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को हर पर्व, विशेष दिवस और सामाजिक अवसरों से जोड़ने का प्रयास करते हैं, ताकि वे अपने आसपास के वातावरण को समझ सकें, समाज के प्रति संवेदनशील बनें और भविष्य में अपने लक्ष्य एवं करियर को लेकर स्पष्ट सोच विकसित कर सकें। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल डॉक्टरों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत किया बल्कि बच्चों को सेवा, समर्पण और मानवता के महत्व से भी परिचित कराया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## जहानाबाद पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 88 लोगों को लौटाये गये खोये हुए मोबाइल

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने किया, जिसमें खोये एवं गुम हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के विभिन्न थानों द्वारा लगातार अभियान चलाकर कुल 88 मोबाइल फोन बरामद किए गये, जिन्हें उनके असली स्वामियों को वापस किया गया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख 12 हजार रुपये बतायी जा रही है। अपने खोये हुए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आधुनिक तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकिंग व्यवस्था की मदद से गुम हुए मोबाइल फोन को आसानी से खोजा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी का मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान गुम हो जाए तो वे बिना देर किये अपने नजदीकी थाना में इसकी सूचना दें, ताकि पुलिस तकनीकी जांच के माध्यम से उसे शीघ्र बरामद कर सके। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य लोगों को उनके खोये हुए सामान वापस दिलाकर उनके चेहरों पर मुस्कान लाना है। इसी सोच के साथ इस अभियान को नियमित रूप से चलाया जा रहा है और आगे भी प्रत्येक माह इस प्रकार का विशेष अभियान संचालित किया जायेगा ताकि गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी तेजी से हो सके और लोगों को जल्द से जल्द उनका सामान वापस मिल सके। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार पांडेय भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी कई लोगों के बीच मोबाइल फोन वितरित किये और कहा कि यह पहल पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने वाली है। उन्होंने कहा कि जब लोगों को उनका खोया हुआ सामान वापस मिलता है तो उनके चेहरे पर जो मुस्कान दिखाई देती है, वही पुलिस के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पुलिस अधीक्षक के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## उमा देवी के निधन से जमुई के शख्सियतों में शोक

नई सोच एक्सप्रेस



**जमुई**।जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत बड़ाबांध गांव निवासी सह धर्मपरायण मातृ शक्ति उमा देवी का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे करीब 80 वर्ष की थीं। उन्होंने जमुई शहर स्थित निजी आवास पर अंतिम सांस ली। श्रीमती देवी अपने पीछे पुत्र पुत्री समेत भरा-पुरा परिवार छोड़ गई हैं। उमा देवी के स्वर्गीय होने से जमुई शोकाकुल है। यहां के दिग्गजों और हस्तियों ने अपने-अपने ढंग से संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें भावांजलि दी है जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी ने दिवंगत उमा देवी के निधन को जमुई के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने उन्हें मानवता का पर्याय बताते हुए कहा कि वे देवी की प्रतिमूर्ति थीं। श्रीमती देवी ने अपने विलक्षण गुणों से समाज के परिदृश्य को बदलने में कारगर भूमिका निभाई। लोग जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर उनका सम्मान करते थे। उनका निधन मेरे लिए निजी क्षति है। मैं उन्हें बारंबार चरणस्पर्श करती हूं। जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्व लोक अभियोजक अश्विनी कुमार यादव ने स्मृतिशेष उमा देवी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से समाज के एक युग का अंत हो गया है। ईश्वर की अवतार चिरनिद्रा में सो गईं। उनका जाना पूरे समाज के लिए दुखदायी है। एक महान समाजसेविका उदार व विशाल हृदय वाला इंसान और दूरदर्शी मानव को हमने खो दिया है। मैं उन्हें बारंबार प्रणाम करता हूं।जमुई की दुलारी सुता और प्रसिद्ध समाजसेविका डॉ.स्मृति पासवान ने कहा कि पूज्यनीय उमा देवी के निधन से पूरा समाज शोकाकुल है। उनके जैसे मानव को खोकर हर इंसान के आंखों में आंसू है। उन्होंने कहा कि श्रीमती देवी ने जमुई जिला में अपनी निष्ठा के बल पर अपना कद बड़ा किया जो अनुकरणीय है। वे बिरले मानव थीं जिन्होंने समाज के हर वर्ग से स्नेह प्राप्त किया। उन्हें हृदय से नमन करती हूं। जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ई.शंभू शरण ने कहा कि पूज्यनीय उमा देवी के निधन से समाज का एक मजबूत स्तंभ ढह गया है। एक समर्पित कर्मठ और निष्ठावान व्यक्तित्व हमारे बीच से चला गया। वे एक ऐसी हस्ती थीं जिन्होंने अपना जीवन समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए जीया और जिनके कार्यों से समाज का मस्तक ऊंचा हुआ। उनकी गिनती एक संवेदनशील मानव के रूप में होती थी और होती रहेगी। उनका जाना पीड़ा दायक है। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ.मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि बहन उमा देवी महान विभूति के साथ महामानव थीं। वे अब हमारे बीच नहीं रहीं लेकिन उनकी प्रेरणा उनका मार्गदर्शन हर इंसान को हमेशा मिलता रहेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके हर स्नेही को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। डॉ.सिन्हा ने उनके प्रभु चरणों में चले जाने के बाद उन्हें उदास हृदय से श्रद्धांजलि दी अशोका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार सिंह लायंस क्लब के जिलाध्यक्ष राजीव रंजन भालोटिया होटल जेनेक्स ब्रिज के प्रधान मनोज कुमार सिंह स्वामी निरंजनानंद योग केंद्र के प्रधान स्वामी आत्म स्वरूप प्रसिद्ध उद्योगपति उमाशंकर भगत उर्फ टुनटुन भगत राज्य उद्घोषक डॉ.निरंजन कुमार शिक्षाविद डीडी वर्मा आशीष कुमार सिंह बासुकी सिंह आनंदी प्रसाद सिंह राजेश सिंह भोला कुमार हरि सिंह राजदेव सिंह राजू जी दिलीप जी पप्पू जी पंकज कुमार सिंह श्रीराम सिंह कन्हैया कुमार सिंह श्रीकांत सिंह योगेश सिंह विजय नंदन सिंह दीनू कुमार संजय कुमार सिंह पत्रकार राजीव कुमार नीलोत्पल सिंह विनोद सिंह विजय सिंह अजय सिंह मुंद्रिका सिंह शालिग्राम सिंह अक्षय कुमार विकास कुमार सिंह विभाकर सिंह टुनटुन सिंह समिरन सच्चिदानंद सिंह सदानंद सिंह दीपक सिंह डॉ.अनिल कुमार शर्मा डॉ. गौरव कुमार मुरारी सिंह श्याम किशोर सिंह मंटू सिंह पंकज सिंह विनय कुमार उर्फ झून आशीष कुमार बंटी कुमार कृष्णा सिंह प्रशांत किशोरअशोक कुमार सिंह सुबोध सिंह मुन्ना सिंह समाजसेविका पबिता देवी आदि शख्सियतों ने भी पूज्यनीय उमा देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है

## चार दिन बाद रातू बिगहा की दलित बस्ती में बहाल हुई बिजली




नई सोच एक्सप्रेस

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)**। वार्ड संख्या-8 के रातू बिगहा स्थित दलित बस्ती में चार दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति मंगलवार को बहाल हो गई। तार टूटने और ट्रांसफॉर्मर में तकनीकी खराबी के कारण दर्जनों परिवार बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। समस्या की जानकारी मिलने पर समाजसेवी अनुज कुशवाहा ने बस्ती पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और बिजली विभाग के अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर शीघ्र समाधान की मांग की। इसके बाद विभाग ने क्षतिग्रस्त तार बदलकर ट्रांसफॉर्मर की खराबी दूर की, जिससे बिजली आपूर्ति फिर शुरू हो गई। पूर्व मुख्य पार्षद शंभू राम ने अनुज कुशवाहा की पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे गरीब और वंचित बस्तियों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा सक्रिय रहते हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने भी समय पर सहयोग के लिए उनका आभार जताया। इस दौरान जदयू नेता मुन्ना कुशवाहा, विनय सिंह, रवि रंजन कुमार सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। ताजा मामला शहर के बलराम कॉलोनी रोड नंबर-2 का है, जहां बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक स्कॉर्पियो चोरी कर ली। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो के मालिक अमित कुमार ने बताया कि उनकी गाड़ी (पंजीकरण संख्या BR-01/6243) मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात घर के बाहर खड़ी थी। देर रात करीब तीन बजे अज्ञात चोर वाहन लेकर फरार हो गए। बुधवार सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गायब थी। इसके बाद आसपास काफी खोजबीन की गई लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका। घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें स्पष्ट रूप से देखा गया कि अज्ञात चोर स्कॉर्पियो लेकर मौके से फरार हो रहे हैं। फुटेज के आधार पर वाहन चोरी की पुष्टि होने के बाद वाहन मालिक की पत्नी आरती कुमारी ने नगर थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और वाहन की शीघ्र बरामदगी की मांग की मामले की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस सक्रिय हो गई और जांच शुरू कर दी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस की टीम संभावित ठिकानों पर नजर रखे हुए है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में चिंता का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संवेदनशील इलाकों में निगरानी सुदृढ़ करने तथा वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग कर रही है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)**। जिलाधिकारी छिरिड वाई भूटिया की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल के कार्यों के अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न विकास योजनाओं एवं जलापूर्ति कार्यों की एक उच्च स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में आमजन को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार प्रगति की जानकारी ली। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मती तथा नए चापाकलों के अधिष्ठापन कार्य की प्रगति जांची गई। जिलाधिकारी ने बंद पड़े चापाकलों की मरम्मति और नए चापाकलों का अधिष्ठापन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। टैंकरों के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति और जिले के वर्तमान जल स्तर की स्थिति पर विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने सहायक एवं कनीय अभियंता को अपने-अपने क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने तथा जलापूर्ति में आने वाली किसी भी तकनीकी बाधा को तुरंत दूर करने का निर्देश दिया गया। जिले में संचालित सभी नल-जल योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने गर्मी व बदलते मौसम के मद्देनजर जल स्तर पर लगातार नजर रखने तथा प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से वैकल्पिक जलापूर्ति की पुख्ता व्यवस्था रखने के निर्देश दिया। इस बैठक में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार


### सावित्री पाण्डेय की पुण्य स्मृति में नव-निर्मित मंदिर में प्रतिमा का अनावरण

**बेतिया।**प्रख्यात विद्वान देवदत्त पाण्डेय की दिवंगत पत्नी स्वर्गीया सावित्री पाण्डेय की पुण्य स्मृति में उनके सम्मान में नव-निर्मित मंदिर में प्रतिमा की स्थापना चैलाभार वार्ड नं .06 में की गई। इस अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पश्चिम चंपारण एवं पूर्वी चंपारण के अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में चनपटिया के कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन, नरकटियागंज विधायक संजय पाण्डेय, सुगौली विधायक बबलू गुप्ता, बेतिया के पूर्व कांग्रेस विधायक मदन मोहन तिवारी, भाजपा नेता राहुल कुमार तथा बेतिया की मेयर गरिमा देवी सिकरिया सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वर्गीया सावित्री पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को स्वर्गीया सावित्री पाण्डेय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भोट चतुर्वेदी ने की, जबकि मंच संचालन पूर्व शिक्षक वशिष्ठ नारायण उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर अपना माटी पार्टी के जितेंद्र तिवारी,अंचल नारायण शर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, मृत्युंजय पाण्डेय, अजय मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, उमेश त्रिपाठी, रूपेश सिंह, नारद सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### वारंटी को जेल भेजा गया

**वैशाली।**संध्या गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अपर थानाध्यक्ष संदीप मंडल ने थाना कांड संख्या 315/ 25 के प्राथमिकी अभियुक्त दिल मोहम्मद पिता रजाक शाह दूसरा मोहम्मद वजीर शाह पिता लालू शाह दोनों बखरी बराई पंचायत के कल्याणपुर निवासी हैं। गिरफ्तार कर थाना लाया गया। कागजी प्रक्रिया पूरी कर स्वास्थ्य जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र राजापाकर भेजा गया। उसके बाद गुरुवार को कोर्ट भेजा जाएगा। बताते चले कि पिछले साल मोहम्मद साहब की जयंती पर आइसक्रीम खरीदने के विवाद में 112 डायल पुलिस मौके पर गई थी। जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने 112 डायल पुलिस के साथ मारपीट की थी जिसके आलोक में उक्त घटना में एसपी वैशाली, डीएसपी महुआ भी पहुंचे थे।कई दिनों के बाद शांति व्यवस्था स्थापित हुई थी। वहीं एक अन्य वारंटी मुद्रिका रजक पिता जंगली रजक निवासी पंचई महेश को भी बीती रात गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को जेल भेज दिया गया।

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ. उदय कुमार सिन्हा ने दिया सेवा और समर्पण का संदेश



**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर इंडियन साइकियाट्रिक सोसाइटी (ईस्ट ज़ोन) के अध्यक्ष, आईएमए डेहरी-डलमियानगर के अध्यक्ष एवं संवेदना न्यूरोसाइकियाट्रिक रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. उदय कुमार सिन्हा ने देशभर के चिकित्सकों को शुभकामनाएँ देते हुए चिकित्सा सेवा को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल मरीजों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि अपने ज्ञान, संवेदनशीलता और अथक परिश्रम से लोगों के जीवन में नई उम्मीद का संचार करते हैं। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस उन सभी डॉक्टरों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जो हर परिस्थिति में निस्वार्थ भाव से मानव सेवा में जुटे रहते हैं। डॉ. सिन्हा ने आमजन से चिकित्सकों का सम्मान करने, स्वास्थ्य संबंधी सलाह का पालन करने तथा अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों में सहयोगात्मक एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और समाज के बीच आपसी विश्वास ही सुदृढ़ एवं बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सभी को एक स्वस्थ, जागरूक और संवेदनशील भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। अंत में उन्होंने देश के सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की।

### विश्व डॉक्टर दिवस पर भारत स्काउट और गाइड ने चिकित्सकों को किया सम्मानित



**छपरा।**विश्व डॉक्टर दिवस के अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, सारण की ओर से बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के प्रति उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं के लिए शहर के दो प्रख्यात चिकित्सकों, अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्जवल कुमार वर्मा तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नीला सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने किया। अमन राज ने कहा कि चिकित्सक मानव सेवा के सच्चे प्रहरी हैं। समाज को स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट और गाइड, सारण सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का समय-समय पर सम्मान करता रहेगा। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. उज्जवल कुमार वर्मा ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। वहीं डॉ. नीला सिंह ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य में भी वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं देती रहेंगी।

### एनडीपीएस कांड के दो फरार आरोपित मध्य दिल्ली से गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड पर रेल थाना सुगौली लाए गए



**मोतिहारी।** रेल थाना सगौली कांड संख्या 59/24, दिनांक 16 दिसंबर 2024, में दर्ज एनडीपीएस एक्ट की धारा 08/20(b)(ii)(B) के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को मध्य दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में संजू उर्फ अन्ना, पिता मल्लाह तथा कार्तिक उर्फ करतार, पिता कुप्पु स्वामी, दोनों निवासी अन्ना नगर, थाना आई.पी. एस्टेट, जिला मध्य दिल्ली शामिल हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के बाद माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, मध्य दिल्ली के न्यायालय से 29 जून 2026 को दो दिनों का ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया। इसके बाद पुलिस टीम दोनों आरोपितों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर 30 जून 2026 को रेल थाना सुगौली पहुंची।रेल थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।**डॉ राधाकृष्णन सभागार में माननीय सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णानंदन पासवान, मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह, चिरैया विधायक लाल बाबू प्रसाद, केसरिया विधायक शालिनी मिश्रा, सुगौली विधायक राजेश कुमार उर्फ बबलू गुप्ता ढाका विधायक फैसल रहमान, रक्सौल विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा तथा नरकटिया विधायक विशाल कुमार उपस्थित रहे।बैठक में जिलापदाधिकारी-सह-संयोजक सौरभ सुमन यादव, विद्युत अधीक्षण अभियंता-सह-सदस्य सचिव श्री राकेश रौशन, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा सहित विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान सभी माननीय विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में विद्युत तार एवं पोलों के प्रतिस्थापन, जर्जर विद्युत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा अतिरिक्त वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापित करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए।बैठक में प्रमुख रूप से सदर अस्पताल परिसर में नया पावर सब-स्टेशन (PSS), ई-हाउस आधारित PSS, एम.एस. कॉलेज के समीप नया PSS तथा पदुमकेर-पताही क्षेत्र में नए पावर सब-स्टेशन के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया, ताकि बढ़ते विद्युत भार के अनुरूप उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि पूर्वी चंपारण जिले को प्रथम चरण में कुल 13,419 बीपीएल परिवारों में सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस कार्य के निष्पादन हेतु ओसवाल पम्प्स लिमिटेड को कार्य आवंटित किया गया है।इसके अतिरिक्त, कृषि ए जी फीडरों से चोरी हुए विद्युत तारों को अविलंब बदलने का निर्देश दिया गया। साथ ही विद्युत चोरी एवं तार चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जनभागीदारी एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सभी महत्वपूर्ण सुझावों एवं प्रस्तावों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन विद्युत विभाग द्वारा दिया गया। बैठक का सफल संचालन प्रदीप कुमार सुमन, कार्यपालक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा किया गया।

## पुरानी गाड़ी खरीदने से पहले डीटीओ में कराएं दस्तावेजों की जांच, मोतिहारी पुलिस की अपील



नई सोच एक्सप्रेस

**मोतिहारी।**जिले में चोरी के वाहनों की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने और लोगों को कानूनी परेशानियों से बचाने के उद्देश्य से मोतिहारी पुलिस ने आम नागरिकों से पुरानी गाड़ी खरीदते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। सदर डीएसपी जितेश पांडेय ने कहा कि किसी भी पुरानी गाड़ी को खरीदने से पहले उसके रजिस्ट्रेशन नंबर एवं संबंधित दस्तावेजों का जिला परिवहन कार्यालय (डीटीओ) से सत्यापन अवश्य करा लें। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि वाहन चोरी का नहीं है और उसके सभी दस्तावेज वैध हैं। उन्होंने कहा कि वाहन की सही जांच-पड़ताल कराने से खरीदार भविष्य में होने वाली कानूनी कार्रवाई और अन्य परेशानियों से बच सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि बिना सत्यापन के किसी भी पुराने वाहन की खरीद-बिक्री न करें। मोतिहारी पुलिस ने कहा कि नागरिकों के सहयोग से चोरी के वाहनों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। पुलिस ने सभी वाहन खरीदारों से जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ वाहन खरीदने की अपील की है।

# विश्व डॉक्टर्स डे पर सदर अस्पताल के चिकित्सकों का हुआ सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**औरंगाबाद।**सदर अस्पताल में बुधवार को विश्व डॉक्टर्स डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा, नगर थाना के सब इंस्पेक्टर चंदन दास, अनित कुमार एवं समीर कुमार सिंह ने चिकित्सकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं स्वास्थ्यकर्मी वसीद अली, सुधांशु कुमार, जय कुमार, चंदन कुमार, एक्स-रे तकनीशियन पवन कुमार एवं सचिन कुमार ने भी चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह में सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह एवं डॉ. विनेश कुमार को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक धरती पर भगवान के प्रतिनिधि माने जाते हैं। वे दिन-रात लोगों की सेवा कर उन्हें नया जीवन देने का कार्य करते हैं। चिकित्सकों का पेशा अत्यंत चुनौतीपूर्ण है और वे हर परिस्थिति में मरीजों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सकों को हर परिस्थिति में समाज का सम्मान मिलना चाहिए। सम्मान मिलने से सेवा का उत्साह और बढ़ता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सरकारी चिकित्सकों ने अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा की। उस कठिन दौर में जहां कई निजी अस्पताल और क्लीनिक बंद हो गए थे, वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने लगातार लोगों का इलाज कर अपनी जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम में अस्पताल प्रबंधक प्रफुल्ल कुमार, सुमित कुमार सहित सदर अस्पताल के कई चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

» पुलिस पदाधिकारियों व स्वास्थ्यकर्मियों ने अंगवस्त्र देकर जताया सम्मान

» हर परिस्थिति में सम्मान का हकदार हैं चिकित्सक : डॉ अभिषेक

# कांटी में बीडीओ व सीओ को भावभीनी विदाई, जनसेवा के कार्यों की सराहना

नई सोच एक्सप्रेस



**मुजफ्फरपुर।**कांटी प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को आयोजित समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. आनंद कुमार विभुति एवं अंचलाधिकारी (सीओ) पिंटू कुमार को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) के उपाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। समारोह में वक्ताओं ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल को जनसेवा, पारदर्शिता और विकास के लिए उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि ग्रामीण विकास, जीविका समूहों के सशक्तीकरण, मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में प्रखंड की कई लंबित विकास योजनाओं को गति मिली, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया। राज्य सरकार के आदेशानुसार बीडीओ डॉ. आनंद कुमार विभुति का तबादला बहादुरपुर (दरभंगा) किया गया है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने दोनों अधिकारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रामनाथ गुप्ता, अरविंद पासवान, कमलेश कुशवाहा, अरुण सहनी, शिव बालक राम, संजय साह, संदीप सोनी, महेश चौधरी, शंभू राम, संतोष पासवान, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फुटाब के आह्वान पर जीबीएम कॉलेज में शिक्षकों का आंदोलन, मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।**राज्यस्तरीय शिक्षक संगठन 'फुटाब' के आह्वान पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज (जीबीएम) शिक्षक संघ ने बुधवार को प्रशासनिक भवन के समक्ष काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 12 से एक बजे तक चले प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने वेतन एवं पेंशन का नियमित भुगतान, लंबित एरियर का अविलंब भुगतान, एनपीएस अंशदान जमा कराने तथा प्रोन्नति से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ. अनामिका कुमारी ने कहा कि शिक्षकों और सेवानिवृत्त कर्मियों के वेतन एवं पेंशन का समय पर भुगतान नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है।वही उपाध्यक्ष बनीता कुमारी ने तीन-चार माह से वेतन एवं पेंशन लंबित रहने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। सचिव डॉ. नगमा शादाब ने कहा कि शिक्षकों को लगातार नए-नए निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता।प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी, आधारभूत संरचना के अभाव, प्रयोगशालाओं एवं कक्षाओं की कमी तथा महिला महाविद्यालयों में व्याप्त वित्तीय संकट का मुद्दा भी उठाया।नवनियुक्त शिक्षकों द्वारा आरोप लगाया कि नियुक्ति के कई माह बाद भी उन्हें पुष्टि पत्र नहीं मिला है और सात माह से वेतन लंबित है। अतिथि शिक्षकों ने जनवरी से मानदेय का भुगतान नहीं होने तथा सेवा नवीनीकरण संबंधी सूचना नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि सभी प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने के बावजूद शिक्षकों को ही विभिन्न समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। उन्होंने छात्र छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति बायोमेट्रिक व्यवस्था तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के संचालन में वित्तीय अभाव का भी मुद्दा उठाया।इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने भाग लेते हुए सरकार से लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

## मुहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न, पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**गया जी।** वजीरगंज में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर बुधवार को केनार बाना बिगहा मोड़ पर इतहादुल मुस्लिम मेंबरान की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ प्रभाकर कुमार सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन जनप्रतिनिधियों और आम लोगों के आपसी सहयोग व समन्वय से पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की परंपरा को आगे भी बनाए रखने पर जोर दिया।समारोह में सीओ प्रकाश कुमार, थानाध्यक्ष नीरज कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि रामाश्रय सिंह, मोहम्मद आरिफ हुसैन, डॉ. वसीम खान, क्रांतिवीर शर्मा, असलम खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों को अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

## विधिक सहायता केंद्र सह हेल्प डेस्क का उद्घाटन




नई सोच एक्सप्रेस

**जमुई।**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संदीप सिंह ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सौजन्य से जमुई मंडल कारा के मुलाकात कक्ष में फीता काटकर विधिक सहायता केंद्र सह हेल्प डेस्क का उद्घाटन का किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर कारा परिसर के मुलाकाती एरिया में बन्दियों एवं उनके परिजन को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने के लिए इसकी स्थापना की गई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सत्यनारायण शिवहरे मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी दिलीप कुमार राय के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मंजूश्री कुमारी भी मौके पर उपस्थित थीं। हेल्प डेस्क के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता एवं पाराविधिक सेवक प्रतिनियुक्त किए जाएंगे जो कैदियों एवं उनके परिवारजन को निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराएंगे। इसके अंतर्गत कैदियों को उनके अधिकार निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने हेतु आवेदन का ड्राफ्ट करना दोष सिद्ध कैदियों के लिए अपील का आवेदन करना कैदियों के परिजन के लिए विधिक सहायता एवं उसे प्राप्त करने के तरीके के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मंडल कारा अधीक्षक संजीव कुमार ने सभी मेहमानों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। प्रधान जिला जज संदीप सिंह ने कहा की मुलाकाती कक्ष में हेल्प डेस्क द्वारा कैदियों को विधिक सहायता देने में सहजता होगी तथा उनके परिजन भी इसका लाभ ले सकेंगे। यह राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की एक अच्छी पहल है। प्राधिकार की सचिव मंजू श्री कुमारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार ऐसे बंदी जो निःसहाय हैं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है

# परैया थाना से भागे विधि-विरुद्ध बालक की ट्रेन से कटकर मौत, पुलिस अभिरक्षा पर उठे सवाल

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।** परैया थाना में पुलिस अभिरक्षा में लाए गए नाबालिग बालक सोमवार को सुबह थाना परिसर से भागने के बाद एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस की अभिरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार दखनेर गांव के निवास सिंह ग्रामीण बैंक में पैसा जमा करने के लिए जा रहे थे इसी दौरान नाबालिक ने बड़ी सफाई से झोले को काटकर 40000 रुपया लेकर भाग गया। बालक को पॉकेट कटने की सूचना पर डायल 112 की टीम द्वारा पकड़ कर उसे पूछताछ के लिए परैया थाना लाया गया था। बताया जाता है कि सोमवार सुबह वह थाना से निकलकर भाग गया। पुलिस द्वारा काफी छानबीन करने के बाद रेल पटरी पर एक बच्चे की लाश मिली। जहाँ पुलिस ने उसकी पहचान आरोपी के रूप में किया। टिकरी एसडीपीओ और सर्किल इंस्पेक्टर परैया थाना पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे हुए थे। डीएसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा की इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा सभी पहलुओं पर विशेष छानबीन चल रही है। घटना के बाद कई अहम सवाल सामने आ रहे हैं।कि यदि बालक पुलिस अभिरक्षा में था तो वह थाना परिसर से बाहर कैसे निकल गया। उसकी निगरानी की जिम्मेदारी किसकी थी। क्या अभिरक्षा के दौरान सुरक्षा संबंधी मानकों का पालन किया गया था। इन प्रश्नों के उत्तर जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि घटना केवल एक दुर्घटना थी या इसमें किसी स्तर पर लापरवाही की भूमिका रही।

## एल नीन्यो का उभार

इस बार मॉनसून कमजोर रहने की आशंका है। इस चुनौती के मद्देझनर सरकार ने क्या एहतियातन कदम उठाए हैं, इस बारे में उसे देश को भरोसे में लेना चाहिए, ताकि लोग घबराहट से बच सकें। मौसम को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। आधा जून गुजर चुका है और अटके मॉनसून के आगे बढ़ने की संभावना नहीं दिख रही है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसूनी बारिश में अब तक 35 प्रतिशत की कमी दर्ज हो चुकी है। वैसे इस समय तक ऐसा होना असामान्य नहीं है, मगर चिंता बढ़ाने वाला पहलू एन नीन्यो परिघटना का सक्रिय हो जाना है। अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वातावरणीय प्रशासन (एनओएए) ने 11 जून को एलान कर दिया कि भू-मध्यरेखा के पास प्रशांत महासागर में एल नीन्यो का उभार हो चुका है। एल नीन्यो प्रशांत महासागर में होने वाले उस बदलाव को कहते हैं, जिससे समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है। इसका दुनिया भर के मौसम पर असर पड़ता है और भारत में अक्सर सूखा या कम बारिश होती है। 1951 के बाद से 17 बार एन नीन्यो का उभार हुआ है, उनमें से 12 बार भारत में सामान्य से कम बारिश हुई है। एनओएए ने 1951 के बाद 17 में छह एन नीन्यो को ‘अति शक्तिशालीó श्रेणी में रखा है। उसने कहा है कि इस बार का एन नीन्यो के भी ‘अति शक्तिशालीó होने की संभावना है। भारत में धान, दलहन, और सब्जियों की खेती मानसूनी बारिश पर काफी हद तक निर्भर रहती है। कम बारिश होने पर डेयरी क्षेत्र भी प्रभावित होता है। इसके अलावा भू-जल के स्वस्थ स्तर के लिए भी पर्याप्त बारिश अनिवार्य है।
कम बारिश होने का पनबिजली परियोजनाओं पर भी खराब असर होता है। इसलिए बन रही स्थिति को लेकर एहतियाती कदम उठाने की अवश्यकता है। भारत के मौसम विभाग ने सामान्य की तुलना में 90 फीसदी तक ही बारिश होने का अनुमान लगाया है। लेकिन संभव है कि यह उससे भी कम हो। और ये चुनौती उस समय आई है, जब ईरान युद्ध के कारण उर्वरकों के अभाव और महंगाई की समस्या पहले से मंडरा रही है। इसलिए ये सवाल अहम है कि इन चनौतियों का सामना करने के लिए सरकार ने क्या एहतियातन कदम उठाए हैं? इस बारे में उसे देश को भरोसे में लेना चाहिए, ताकि लोग घबराहट से बच सकें।

# यात्रियों की बढ़ती भीड़, फिर भी घाटे में एयरलाइंसः भारतीय विमानन उद्योग का विरोधाभास



आरती कुमारी

भारत आज दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। बीते दो दशकों में देश में हवाई यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ी है। सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना ‘उड़ान’ (UDAN) ने छोटे शहरों कोभी हवाई नेटवर्क से जोड़ने का काम किया है। नए हवाई अड्डों का निर्माण, पुराने हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण और भारतीय एयरलाइंस द्वारा एक हजार से अधिक नए विमानों का ऑर्डर इस बात का संकेत है कि भारत का विमानन क्षेत्र भविष्य में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है।

इसके बावजूद एक बड़ा विरोधाभास सामने आता है। यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन अधिकांश भारतीय एयरलाइंस अपने निवेशकों के लिए स्थायी लाभ अर्जित नहीं कर पा रही हैं। पिछले दो दशकों का इतिहास देखें तो एयर डेक्कन, सहारा एयरलाइंस, किंगफिशर एयरलाइंस, जेट एयरवेज और गो फर्स्ट जैसी कई प्रमुख कंपनियां या तो बंद हो गईं या दिवालिया प्रक्रिया में पहुंच गईं। सरकारी स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने भी निजीकरण से पहले वर्षों तक हजारों करोड़ रुपये का घाटा उठाया और निजीकरण के बाद भी उसे संचालन, एकीकरण और लाभप्रदता जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब मांग लगातार बढ़ रही है, तब भी विमानन उद्योग वित्तीय रूप से अस्थिर क्यों बना हुआ है? इसका उत्तर विमानन उद्योग की जटिल आर्थिक संरचना में छिपा है। सामान्य धारणा यह है कि एयरलाइंस यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाकर लाभ कमाती हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि यह उद्योग मुख्य रूप से कैश फ्लो, क्षमता प्रबंधन और लागत नियंत्रण पर आधारित है। विमानन उद्योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी अधिकांश लागत स्थायी होती है। विमान खरीदे जाएं या लीज पर लिए जाएं, उनकी किस्तें या किराया नियमित रूप से चुकाना ही पड़ता है। पायलटों और कर्मचारियों का वेतन, रखरखाव, बीमा, एयरपोर्ट शुल्क, सुरक्षा शुल्क और नेविगेशन शुल्क जैसे खर्च भी निश्चित रहते हैं। यदि विमान जमीन पर खड़ा है तो भी खर्च जारी रहता है, लेकिन आय शून्य होती है। इसी प्रकार यदि कोई सीट खाली रह जाती है तो उसकी बिक्री का अवसर हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है। इसलिए विमानन उद्योग में हर उड़ान और हर सीट का आर्थिक महत्व अत्यधिक होता है। भारतीय विमानन उद्योग की पहली और सबसे गंभीर समस्या अत्यधिक परिचालन लागत है। विश्व स्तर पर एयरलाइंस का शुद्ध लाभ मार्जिन सामान्यतः केवल तीन से आठ प्रतिशत के बीच रहता है। भारत में यह स्थिति और कठिन हो जाती है क्योंकि विमान ईंधन (ATF) पर ऊंचे कर, महंगे एयरपोर्ट शुल्क, विदेशी मुद्रा में देय लीज भुगतान और डॉलर-आधारित रखरखाव लागत एयरलाइंस की वित्तीय स्थिति पर भारी दबाव डालती है। केवल ईंधन ही कुल परिचालन लागत का 35 से 45 प्रतिशत तक हिस्सा बन सकता है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि या रुपये के कमजोर होने का सीधा असर एयरलाइंस के लाभ पर पड़ता है।

दूसरी बड़ी समस्या ऋण आधारित विस्तार है। विमान खरीदना अत्यंत महंगा निवेश है। अधिकांश एयरलाइंस ऑपरेटिंग लीज, बैंक ऋण और सेल-एंड-लीजबैक जैसे वित्तीय मॉडलों पर निर्भर रहती हैं। जब तक यात्री संख्या और नकदी प्रवाह मजबूत रहता है, तब तक यह मॉडल चलता है, लेकिन मांग में थोड़ी भी कमी आने पर वित्तीय संकट गहरा जाता है। किंगफिशर एयरलाइंस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कंपनी ने तेजी से विस्तार किया, लेकिन उसका अधिकांश विस्तार कर्ज पर आधारित था। एयर डेक्कन के अधिग्रहण के बाद उसकी वित्तीय स्थिति और कमजोर हो गई। अंततः बढ़ते ब्याज, कर देनदारियों और नकदी संकट ने कंपनी को बंद होने पर मजबूर कर दिया।

तीसरी समस्या बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने की अंधी प्रतिस्पर्धा है। कई एयरलाइंस ने लाभ कमाने के बजाय सस्ते टिकट देकर अधिक से अधिक यात्रियों को आकर्षित करने की रणनीति अपनाई। इससे कुछ समय के लिए बाजार हिस्सेदारी तो बढ़ी, लेकिन टिकटों की औसत आय लगातार घटती गई। कई बार एयरलाइंस ने प्रतिस्पर्धा के दबाव में वास्तविक लागत से भी कम कीमत पर टिकट बेचे। इससे यात्रियों को तत्काल लाभ मिला, लेकिन कंपनियों की वित्तीय स्थिति कमजोर होती चली गई। विमानन उद्योग में लगातार घाटे में सेवाएं देकर लंबे समय तक टिके रहना संभव नहीं होता।

चौथी चुनौती कमजोर फ्लीट योजना है। अलग-अलग प्रकार के विमानों के संचालन के लिए अलग पायलट प्रशिक्षण, अलग स्पेयर पार्ट्स, अलग रखरखाव व्यवस्था और अलग इंजीनियरिंग संसाधनों की आवश्यकता होती है। यदि किसी एयरलाइन का विमान बेड़ा अत्यधिक विविध होता है तो उसकी परिचालन लागत भी बढ़ जाती है। दुनिया की सफल कम लागत वाली एयरलाइंस सामान्यतः सीमित प्रकार के विमानों का उपयोग करती हैं ताकि रखरखाव और प्रशिक्षण की लागत कम रहे। जेट एयरवेज का उदाहरण यह स्पष्ट करता है कि केवल अच्छी सेवा किसी एयरलाइन को वित्तीय सफलता नहीं दिला सकती। जेट अपनी उत्कृष्ट सेवा, समयबद्ध संचालन और मजबूत ग्राहक विश्वास के लिए जानी जाती थी, लेकिन उसकी लागत संरचना कम लागत वाली एयरलाइंस की तुलना में कहीं अधिक थी। बढ़ती प्रतिस्पर्धा और घटते किराए के बीच वह अपनी लाभप्रदता बनाए नहीं रख सकी और अंततः बंद हो गई। इससे यह स्पष्ट होता है कि एक अच्छी एयरलाइन होना और एक सफल व्यावसायिक संस्था होना दो अलग-अलग बातें हैं।

भविष्य की दृष्टि से भारत के विमानन उद्योग में अपार संभावनाएं हैं। अगले एक दशक में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार बन सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि एयरलाइंस केवल विस्तार पर नहीं, बल्कि वित्तीय अनुशासन, लागत नियंत्रण, मजबूत नकदी प्रबंधन और विवेकपूर्ण निवेश पर भी समान ध्यान दें। सरकार को भी विमान ईंधन पर करों में तर्कसंगत सुधार, क्षेत्रीय हवाई अड्डों पर लागत कम करने और विमान लीजिंग जैसे क्षेत्रों में अनुकूल नीतियां अपनानी होंगी।

विमानन उद्योग केवल अधिक विमान खरीदने या अधिक यात्रियों को ढोने का व्यवसाय नहीं है। इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि प्रत्येक उड़ान से कितना मूल्य सृजित होता है और कंपनी अपने वित्तीय संसाधनों का कितना कुशल प्रबंधन करती है। यदि भारतीय एयरलाइंस इस मूलभूत सिद्धांत को अपनाने में सफल होती हैं, तभी बढ़ती हवाई यात्रा का लाभ निवेशकों, उद्योग और देश की अर्थव्यवस्था—तीनों को समान रूप से मिल सकेगा। भारत के विमानन क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन उसकी उड़ान तभी स्थायी होगी जब वह केवल आसमान में नहीं, बल्कि अपनी बैलेंस शीट पर भी संतुलन बनाए रखे।

# लोकतंत्र में बढ़ती वीआईपी संस्कृति



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबनाओं में से एक यह है कि यहाँ जनप्रतिनिधियों की पहचान उनके विचारों, कार्यों और जनसेवा से कम, तथा उनके सुरक्षा घेरे, काफिले और प्रोटोकॉल से अधिक होने लगी है। जिस लोकतंत्र की कल्पना जनता के बीच रहने वाले नेतृत्व के रूप में की गई थी, वह धीरे-धीरे ऐसी व्यवस्था में बदलता दिखाई देता है जहाँ नेता और जनता के बीच सुरक्षा कर्मियों, बैरिकेडों और सरकारी तामझाम की एक लंबी दीवार खड़ी हो चुकी है। आज किसी भी शहर में जब अचानक ट्रैफिक रोक दिया जाता है, सड़कें खाली कराई जाती हैं और पुलिसकर्मी चौक-चौराहों पर तैनात हो जाते हैं, तब आम नागरिक सहज ही समझ जाता है कि कोई विशेष व्यक्ति निकलने वाला है। यह दृश्य अब असामान्य नहीं रहा। लोकतंत्र में जनता को सुविधा देने के बजाय जनता को रोककर सत्ता को रास्ता देना एक सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया बन गई है। राजनीति में सुरक्षा श्रेणियाँ- X, Y, Y+, Z, Z+ और SPG मूल रूप से सुरक्षा जोखिमों के आधार पर बनाई गई थी। उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति के जीवन पर मंडरा रहे वास्तविक खतरों से उसकी रक्षा करना था। लेकिन समय के साथ इन श्रेणियों ने एक नए अर्थ ग्रहण कर लिए। अब ये सुरक्षा श्रेणियाँ केवल सुरक्षा का नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिष्ठा और प्रभाव का भी प्रतीक बन चुकी हैं। किसी नेता को कौन-सी सुरक्षा मिली है, यह चर्चा कभी-कभी उसके राजनीतिक योगदान से भी अधिक महत्व प्राप्त कर लेती है। व्यंग्य यह है कि लोकतंत्र में जितना बड़ा नेता माना जाता है, वह जनता से उतना ही अधिक दूर दिखाई देता है। यदि किसी जनप्रतिनिधि के साथ दो सुरक्षाकर्मी हो तो उसे सामान्य समझा जाता है, दस हो तो प्रभावशाली और यदि पूरा काफिला सड़क जाम करा दे तो उसकी राजनीतिक हैसियत स्वतः स्थापित मान ली जाती है। मानो लोकप्रियता का प्रमाण जनता का विश्वास नहीं, बल्कि सुरक्षाकर्मियों की संख्या हो। स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में तस्वीर बिल्कुल भिन्न थी। उस समय देश के बड़े नेता लाखों लोगों की भीड़ के बीच बिना किसी विशेष सुरक्षा व्यवस्था के संवाद करते थे। उनकी ताकत उनके विचार थे, उनका सुरक्षा कवच जनता का प्रेम था। आज तकनीकी रूप से देश अधिक सुरक्षित है, लेकिन राजनीतिक नेतृत्व पहले से अधिक घिरा हुआ दिखाई देता है। यह केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि राजनीति और समाज के बीच बदलते संबंधों का भी संकेत है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि और जनता का रिश्ता विश्वास पर आधारित होता है। जब यह विश्वास मजबूत होता है तो नेता को जनता के बीच जाने में भय नहीं होता। लेकिन जब राजनीति प्रदर्शन और प्रबंधन का माध्यम बन जाती है, तब सुरक्षा व्यवस्था धीरे-धीरे संवाद का स्थान लेने लगती है। जनता से दूरी बढ़ती है और सुरक्षा घेरा उसी अनुपात में विस्तृत होता जाता है। इस स्थिति का एक मनोवैज्ञानिक पक्ष भी है। सुरक्षा केवल खतरे से बचाने का माध्यम नहीं रह जाती, बल्कि शक्ति प्रदर्शन का साधन बन जाती है। लंबा काफिला, सायरन, एस्कॉर्ट वाहन और दर्जनों सुरक्षाकर्मी एक संदेश देते हैं कि यह व्यक्ति विशेष महत्व रखता है। राजनीति में प्रतीकों की शक्ति बहुत बड़ी होती है और सुरक्षा भी एक राजनीतिक प्रतीक में बदल चुकी है। विडंबना यह है कि इन व्यवस्थाओं का भार अंततः जनता पर ही पड़ता है। सुरक्षा, प्रोटोकॉल और वीआईपी आवागमन के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती होती है। जिन संसाधनों का उपयोग आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए होना चाहिए, उनका एक बड़ा हिस्सा विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा में लग जाता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि लोकतंत्र में संसाधनों की प्राथमिकता क्या होनी चाहिए। भारतीय राजनीति में समय-समय पर सुरक्षा को लेकर विवाद भी सामने आते रहे हैं। कभी किसी नेता की सुरक्षा बढ़ाने की मांग होती है तो कभी घटाने को राजनीतिक अपमान बताया जाता है। कई बार सुरक्षा का मुद्दा वास्तविक खतरे से अधिक राजनीतिक संदेश का विषय बन जाता है। यही कारण है कि सुरक्षा श्रेणियों को लेकर बहसें केवल प्रशासनिक नहीं रहतीं, बल्कि राजनीतिक रंग भी ले लेती हैं। व्यंग्यकार की दृष्टि से देखें तो स्थिति और भी रोचक प्रतीत होती है। ऐसा लगता है कि अब राजनीति में कद बढ़ाने के लिए जनसमर्थन जुटाने से अधिक आसान है सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा लेना। जनता भले ही दूर होती जाए, लेकिन यदि काफिला लंबा है तो प्रतिष्ठा बनी रहती है। लोकतंत्र का यह दृश्य कभी-कभी किसी रंगमंच के भव्य नाटक जैसा लगता है, जहाँ पात्रों की महानता का अनुमान उनके संवादों से नहीं बल्कि मंच पर उनके प्रवेश की भव्यता से लगाया जाता है। यह भी विचारणीय है कि क्या वास्तव में जनता अपने नेताओं के लिए खतरा है? भारत जैसे देश में अधिकांश राजनीतिक नेता चुनाव के समय करोड़ों लोगों के बीच जाते हैं, हाथ मिलाते हैं, सभाएँ करते हैं और जनसंपर्क अभियान चलाते हैं। तब वही जनता उनकी ताकत होती है। लेकिन चुनाव समाप्त होते ही वही जनता सुरक्षा घेरे के बाहर खड़ी दिखाई देती है। यह विरोधाभास लोकतंत्र की आत्मा को झकझोरने वाला है। वास्तविकता यह है कि किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी सुरक्षा जनता का विश्वास होता है। इतिहास में अनेक ऐसे नेता हुए जिनकी लोकप्रियता इतनी व्यापक थी कि जनता स्वयं उनकी रक्षा के लिए खड़ी हो जाती थी। दूसरी ओर, केवल सरकारी सुरक्षा पर आधारित प्रतिष्ठा अक्सर क्षणिक सिद्ध होती है। सत्ता बदलते ही काफिले, सुरक्षा और प्रोटोकॉल बदल जाते हैं, लेकिन जनता का विश्वास बना रहे तो व्यक्ति का सम्मान बना रहता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सुरक्षा और लोकतंत्र के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। जिन व्यक्तियों को वास्तविक खतरा है, उन्हें उचित सुरक्षा मिलनी चाहिए। लेकिन सुरक्षा व्यवस्था ऐसी नहीं होनी चाहिए कि वह जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच दीवार बन जाए। लोकतंत्र की शक्ति निकटता में है, दूरी में नहीं। लोकतंत्र का आदर्श वही है जहाँ नेता जनता के बीच सहजता से चल सके और जनता बिना भय, बाधा या औपचारिकता के अपने प्रतिनिधि तक पहुँच सके। जिस दिन राजनीति का मूल्यांकन सुरक्षा श्रेणियों की जगह जनसेवा के आधार पर होने लगेगा, उस दिन लोकतंत्र की गरिमा और अधिक सशक्त होगी।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी कलीग के काम में मदद करेंगे। बिजनेस में आज आपको ज्यादा धन लाभ के योग बन रहे है। आज आपके घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। माता को उनकी पसंद का गिफ्ट दे सकते हैं। बिजनेस में निवेश के लिए सही समय की प्रतीक्षा करें। शुभ अंक- 7

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे वह आज पूरा हो जायेगा, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज मित्र आपकी आर्थिक स्थिति में मदद करेंगे, आपकी दोस्ती में मजबूती आएगी। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनका दिन आज व्यस्तता से भरा रहेगा। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, धन लाभ होगा। शुभ अंक- 8

**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई ख़ास मुद्दा सुलझ सकता है। लवमेट आज कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। कार्यस्थल पर आज नया कम करने को मिलेगा जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। बिल्डर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, नये कॉन्ट्रैक्ट से बड़ा मुनाफा होगा। अपनी स्किल पर ज्यादा से ज्यादा काम करें आपको भविष्य में इसका अच्छा लाभ मिलेगा। शुभ अंक- 1

**कर्क राशि** : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज आपका मन धार्मिक गतिविधियों में लगेगा आप किसी मंदिर जायेंगे। पुराना फंसा हुआ धन आज मिल सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। आज फालतू की गतिविधियों में समय न ख़राब करें। छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। शुभ अंक- 6

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपने कामकाज में थोड़ा व्यस्त रह सकते हैं लेकिन शाम तक कार्य बेहतर तरीके से पूर्ण भी हो जाएंगे। आज आप किसी काम के टारगेट को पूरा कर लेंगे साथ ही दूसरे टारगेट पर विचार भी करेंगे। आज आप किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं जहाँ हँसी-खुशी का माहौल बना रहेगा। आज छात्र किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। शुभ अंक- 4

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप अपने सरल स्वाभाव के कारण मिलने-जुलने वाले लोगों से अच्छा लाभ उठाएंगे। आज आप किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीद में पैसा खर्च करेंगे। आज आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल भाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। शुभ अंक- 9

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। घरवालों की इच्छा पूरी करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। इस राशि की महिलाएं घर और ऑफिस दोनों जगह उचित सामंजस्य बनाकर रखेंगी, इससे सुख-शांति बनी रहेगी। आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच- विचार कर सकते हैं। शुभ अंक- 1

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार की अचानक मुलाकात से आपको बेहद खुशी मिलेगी। आज आपको किसी इम्पोर्टेन्ट काम के सिलसिले में लंबी यात्रा के योग है, ये यात्रा आपके लिए लाभदायक साबित होगी। जो लोग मूर्ति के व्यापार से जुड़े हैं, आज उनको बड़ा प्रोजेक्ट मिलेगा। आज आपकी बातों से किसी को रिलैक्स फील होगा। शुभ अंक- 3

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज आपको कार्यक्षेत्र में कुछ नए काम भी दिए जा सकते है। आज आपको बिजनेस और कार्यक्षेत्र से जूड़ी यात्रा भी करनी पड़ सकती है, जिसका फायदा आपको आने वाले समय में होगा। इस राशि के नौकरी करने वालों का आज प्रमोशन हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न होगा। शुभ अंक- 9

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी संतान में कुछ पॉजिटिव चेंजेस आने की वजह से आपको खुशी होगी। आज आप सपरिवार किसी रिश्तेदार के घर फंक्शन में जा सकते हैं। आज कार्यस्थल पर सभी के साथ बढ़िया ताल-मेल बना कर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है, जिसमें आपकी मुलाकात नए लोगों से होगी। शुभ अंक- 7

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपके किसी काम में कलीग की सहायता मिलेगी, काम समय से पूरा हो जायेगा। आज लिए हुए कुछ फैसले पर आप दोबारा सोच-विचार करेंगे। आज आप किसी को अपने विचार से सहमत कराने की कोशिश करते हैं, तो आपके लिए दिन शुभ रहेगा। शुभ अंक- 2

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए ताजगी से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में काम को लेकर आपकी अहमियत बढ़ेगी। आज आप खुद के काम से खुश होंगे। बड़े लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। साथ ही आज कुछ जूनियर आपसे काम सीखने की इच्छा जाहिर करेंगे। इस राशि के जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़ें है आज उनके किसी पूराने काम की तारीफ होने की संभावना है। शुभ अंक- 5

# राष्ट्र निर्माण में वैश्य समाज का अप्रतिम योगदान : धर्म, शिक्षा, सेवा और स्वाभिमान की गौरवशाली परंपरा



आचार्य अशोक चौधरी ‘प्रियदर्शी’
कटिहार, बिहार

भारतीय सभ्यता का इतिहास केवल राजाओं, युद्धों और साम्राज्यों का इतिहास नहीं है, बल्कि यह उन समाजों का भी इतिहास है जिन्होंने अपने परिश्रम, त्याग, सेवा, दान, धर्म और राष्ट्रभक्ति से इस महान राष्ट्र की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा। यदि भारत की आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संरचना का निष्पक्ष अध्ययन किया जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि वैश्य समाज ने राष्ट्र निर्माण की प्रत्येक यात्रा में मौन किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैश्य समाज ने केवल व्यापार और उद्योग तक स्वयं को सीमित नहीं रखा, बल्कि धर्म, शिक्षा, संस्कृति, समाज सेवा, मंदिर निर्माण, धर्मशालाओं की स्थापना, गौसेवा, अन्नक्षेत्र, जलसेवा, चिकित्सालय, विद्यालय, महाविद्यालय तथा स्वतंत्रता संग्राम तक में अपने अद्वितीय योगदान की अमिट छाप छोड़ी है। भारतीय दर्शन में समाज को चार वर्णों के माध्यम से कर्तव्य आधारित व्यवस्था में विभाजित किया गया था। वैश्य वर्ग को कृषि, गोपालन, वाणिज्य, उद्योग तथा समाज के आर्थिक संचालन का उत्तरदायित्व सौंपा गया। किंतु वैश्य समाज ने केवल आर्थिक गतिविधियों तक स्वयं को सीमित नहीं रखा। उसने अपनी समृद्धि को समाज के कल्याण से जोड़ा। यही कारण है कि भारत के लगभग प्रत्येक तीर्थ, प्रत्येक नगर और प्रत्येक व्यापारिक केंद्र में वैश्य समाज द्वारा निर्मित मंदिर, धर्मशालाएँ, प्याऊ, सराय, अन्नक्षेत्र और धर्मार्थ संस्थाएँ आज भी उनकी सेवा भावना की सजीव गवाही देती हैं। सनातन संस्कृति में दान को सर्वोच्च धर्म माना गया है। वैश्य समाज ने इस आदर्श को अपने जीवन का अंग बनाया। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होता, वह समाज की सांस्कृतिक चेतना, नैतिक शिक्षा, आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता का केंद्र भी होता है। भारत के अनेक प्राचीन और आधुनिक मंदिरों के निर्माण, जीर्णोद्धार और संरक्षण में वैश्य समाज के दानवीरों का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। चाहे उत्तर भारत के प्राचीन तीर्थ हों, राजस्थान के भव्य जैन मंदिर, गुजरात के विशाल धार्मिक परिसर, मध्य प्रदेश के तीर्थ, बिहार के धर्मस्थल अथवा दक्षिण भारत के अनेक देवालय—हर क्षेत्र में वैश्य समाज ने अपनी श्रद्धा और संपदा का उपयोग धर्म रक्षा के लिए किया है। मंदिरों के साथ-साथ धर्मशालाओं की परंपरा भी भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है। देश के लगभग सभी प्रमुख तीर्थस्थलों—काशी, प्रयागराज, गया, हरिद्वार, ऋषिकेश, उज्जैन, नासिक, द्वारका, पुरी, जगन्नाथ धाम, अयोध्या, मथुरा, वृंदावन, वैष्णो देवी और अन्य अनेक स्थानों पर वैश्य समाज द्वारा निर्मित धर्मशालाएँ लाखों यात्रियों को निःशुल्क अथवा अत्यल्प शुल्क पर आश्रय प्रदान करती रही हैं। इन धर्मशालाओं ने केवल यात्रियों की सुविधा ही नहीं बढ़ाई, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक संवाद को भी मजबूत किया। भारत के विभिन्न प्रदेशों के लोग इन धर्मशालाओं में ठहरकर एक-दूसरे की संस्कृति को समझते रहे और इससे राष्ट्रीय एकात्मता की भावना सुदृढ़ हुई। धार्मिक न्यास संस्थानों के संचालन में भी वैश्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अनेक मंदिर ट्रस्ट, गौशाला समितियाँ, धार्मिक न्यास, अन्नक्षेत्र, छात्रावास तथा सेवा संस्थाएँ आज भी वैश्य समाज के दान और प्रबंधन क्षमता के कारण सफलतापूर्वक संचालित हो रही हैं। यह समाज केवल दान देने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पारदर्शी प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन और जनसहभागिता के माध्यम से धर्मार्थ संस्थाओं को स्थायित्व भी प्रदान करता रहा है। यही कारण है कि अनेक धार्मिक संस्थाएँ शताब्दियों बाद भी समाज की सेवा कर रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में वैश्य समाज का योगदान अत्यंत प्रेरणादायक है। भारत के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, पुस्तकालय, संस्कृत पाठशालाएँ और तकनीकी शिक्षण संस्थान वैश्य समाज के उदार दान और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम हैं। यह समाज सदैव मानता रहा कि शिक्षा ही व्यक्ति और राष्ट्र दोनों के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है। इसलिए अनेक व्यापारिक परिवारों ने अपनी आय का बड़ा भाग विद्यालयों, छात्रवृत्तियों, पुस्तकालयों और शिक्षण संस्थाओं के निर्माण में लगाया। आज देश के अनेक शहरों में ऐसे विद्यालय और महाविद्यालय हैं जिनकी स्थापना वैश्य समाज के दानवीरों ने समाज के व्यापक हित को ध्यान में रखकर की। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी वैश्य समाज का योगदान अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है, यद्यपि इतिहास की मुख्यधारा में इसका पर्याप्त उल्लेख नहीं मिलता। अनेक वैश्य परिवारों ने स्वतंत्रता सेनानियों को आर्थिक सहायता प्रदान की, गुप्त बैठकों के लिए अपने प्रतिष्ठान उपलब्ध कराए, स्वदेशी आंदोलन को आर्थिक आधार दिया तथा विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार में अग्रणी भूमिका निभाई। व्यापारियों ने ब्रिटिश शासन के आर्थिक ढाँचे को चुनौती देने के लिए स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा दिया। अनेक स्थानों पर उन्होंने राष्ट्रीय विद्यालयों की स्थापना की, कांग्रेस और अन्य स्वतंत्रता आंदोलनों को आर्थिक सहयोग दिया तथा जेल जाने वाले सेनानियों के परिवारों की सहायता की। यह राष्ट्र सेवा का ऐसा अध्याय है जिसे अधिक व्यापक रूप से सामने लाने की आवश्यकता है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब देश पर संकट आया, वैश्य समाज ने अपने धन, श्रम और संगठन शक्ति से राष्ट्र के साथ खड़े होकर अपनी जिम्मेदारी निभाई। अकाल हो, बाढ़ हो, महामारी हो अथवा युद्धकाल—इस समाज ने राहत शिविर, अन्न वितरण, चिकित्सीय सहायता और पुनर्वास कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। भारत की दान परंपरा में दानवीर भामाशाह जैसे व्यक्तित्व इस समाज की गौरवशाली विरासत के प्रतीक हैं। उन्होंने केवल महाराणा प्रताप की सहायता नहीं की, बल्कि यह संदेश दिया कि राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाभिमान की रक्षा में आर्थिक शक्ति भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी सैन्य शक्ति। इसी प्रकार भारत के अनेक क्षेत्रों में वैश्य समाज ने गौशालाओं की स्थापना, जल संरक्षण, कुओं, तालाबों, प्याऊ और सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण में भी ऐतिहासिक भूमिका निभाई। यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था का परिणाम नहीं थी, बल्कि मानव सेवा और लोककल्याण की भारतीय भावना का सशक्त उदाहरण भी थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के पुनर्निर्माण में भी वैश्य समाज की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण रही जितनी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान थी। देश की आर्थिक व्यवस्था को गति देने, रोजगार के अवसर सृजित करने, लघु एवं मध्यम उद्योगों को विकसित करने, व्यापारिक नेटवर्क स्थापित करने तथा राजस्व वृद्धि में वैश्य समाज ने अग्रणी योगदान दिया। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले व्यापार, उद्योग, परिवहन, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र, औषधि, धातु, कृषि विपणन, बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और निर्यात जैसे क्षेत्रों में वैश्य समाज की सक्रिय भागीदारी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किन्तु वैश्य समाज का योगदान केवल आर्थिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा। सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर इस समाज ने अस्पतालों, धर्मार्थ चिकित्सालयों, रक्तदान शिविरों, नेत्र चिकित्सा शिविरों, छात्रावासों, वृद्धाश्रमों, अनाथालयों और दिव्यांग सेवा संस्थानों की स्थापना में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। अनेक प्रतिष्ठित ट्रस्ट और सेवा संस्थाएँ आज भी बिना किसी प्रचार-प्रसार के लाखों लोगों की सेवा कर रही हैं। भारतीय संस्कृति में “नर सेवा ही नारायण सेवा है” का जो आदर्श है, उसे वैश्य समाज ने व्यवहार में उतारने का निरंतर प्रयास किया है। आज देश के लगभग प्रत्येक राज्य में ऐसे अनेक धार्मिक और सामाजिक न्यास कार्यरत हैं, जिनका संचालन वैश्य समाज के दानवीरों और समाजसेवियों द्वारा किया जाता है। इन संस्थाओं के माध्यम से निर्धन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, कन्याओं के विवाह में सहायता, प्राकृतिक आपदाओं के समय राहत सामग्री, चिकित्सा सहायता तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए अनेक लोककल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जाती हैं। यह परंपरा भारतीय संस्कृति के उस आदर्श को साकार करती है जिसमें व्यक्तिगत समृद्धि को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी समय के साथ वैश्य समाज ने अपनी भूमिका का विस्तार किया है। आज अनेक विश्वविद्यालय, तकनीकी संस्थान, प्रबंधन संस्थान, महिला महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, चिकित्सा संस्थान, कोचिंग संस्थान तथा कौशल विकास केंद्र प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वैश्य समाज के सहयोग से संचालित हो रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बिना समाज का विकास संभव नहीं है, इसलिए आधुनिक युग में वैश्य समाज को केवल विद्यालयों का निर्माण ही नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल शिक्षा और उद्यमिता विकास पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। सनातन धर्म की रक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी वैश्य समाज की भूमिका निरंतर महत्वपूर्ण रही है। अयोध्या, काशी, मथुरा, उज्जैन, गया, हरिद्वार, द्वारका, पुरी तथा देश के अनेक तीर्थों में मंदिरों के विकास, तीर्थयात्रियों की सुविधा, अन्नक्षेत्र, गौशाला, संस्कृत विद्यालय तथा धार्मिक आयोजनों में वैश्य समाज की उदार भागीदारी सर्वविदित है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षण के साथ मतदाता सूची में पात्र नागरिकों को जोड़ना भी जरूरीः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**रांची**।झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि शिक्षकों का विद्यार्थियों को पढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक को मतदाता सूची से जोड़ना भी समान रूप से आवश्यक है ताकि कोई भी व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्यों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या सीमित होने के कारण विशेष परिस्थितियों में अन्य विभागों के कर्मियों, आवश्यकता पड़ने पर शिक्षकों, को भी वोलेंटियर के रूप में लगाया जाता है। हालांकि शिक्षकों को चुनावी कार्यों में न्यूनतम स्तर पर ही शामिल किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्रीय दौरों के दौरान ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां विशेषकर प्रवासी मजदूर और जनजातीय समुदाय के लोग आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों के अभाव में अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता बनने के लिए भारतीय नागरिक होना, 18 वर्ष की आयु पूरी करना और संबंधित क्षेत्र का सामान्य निवासी होना आवश्यक है। विशेष मामलों में एईआरओ और ईआरओ सुनवाई के बाद भी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ सकते हैं। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को पत्र जारी कर एसआईआर-2026 में तैनात वोलेंटियर्स की जिम्मेदारियां स्पष्ट की हैं। निर्देशों के अनुसार वोलेंटियर्स अनमैप्ड मतदाताओं की पहचान, नए पात्र मतदाताओं के नामांकन, बीएलओ-बीएलए2 बैठकों के दस्तावेजीकरण, एएसडीडी सूची तैयार करने में सहयोग, मतदाता जागरूकता अभियान चलाने तथा क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि वोलेंटियर्स किसी भी स्थिति में बीएलओ ऐप पर डेटा एंट्री या उसके संचालन में शामिल नहीं होंगे। यदि किसी बीएलओ को तकनीकी कठिनाई हो तो इसकी सूचना एईआरओ या ईआरओ को दी जाएगी। साथ ही, यदि कोई अपात्र व्यक्ति झूठे दस्तावेजों के आधार पर मतदाता बनने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना भी तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने का निर्देश दिया गया है।

### डॉक्टर्स डे पर 'रांची डेंटल एवं पॉलीक्लिनिक' का उद्घाटन, सुदेश महतो बोले- बेहतर स्वास्थ्य सेवा हर नागरिक का अधिकार

**रांची**।आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर रांची में 'रांची डेंटल एवं पॉलीक्लिनिक' का उद्घाटन किया। उन्होंने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर क्लिनिक का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने कहा कि बेहतर और किफायती स्वास्थ्य सुविधा हर नागरिक का मूल अधिकार है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पॉलीक्लिनिक आधुनिक दंत चिकित्सा सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएगा। उन्होंने क्लिनिक के संचालक डॉ. चंदन महतो, डॉ. कंचन महतो, डॉ. पुरुषोत्तम महतो और डॉ. शोभा महतो सहित पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र के ऐसे प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने डॉक्टरों से सेवा भाव के साथ मरीजों का उपचार करने की अपील भी की। क्लिनिक में दंत चिकित्सा, जनरल फिजिशियन, पैथोलॉजी और फार्मेसी की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, केंद्रीय सचिव मोहसिन खान, सिद्धार्थ शंकर राय, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, युवा आजसू महानगर अध्यक्ष अमित यादव, प्रताप सिंह, पीयूष चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### डबल डाउन बार हत्याकांड पर झामुमो का भाजपा पर हमला, नीरज सिंह की गिरफ्तारी और जवाब मांगा

**जमशेदपुर**। डबल डाउन बार में दो युवकों की हत्या के मामले को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। झामुमो ने आरोप लगाया कि जिस डबल डाउन बार में घटना हुई, उसके मालिक भाजपा के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह हैं और पार्टी उन्हें राजनीतिक संरक्षण दे रही है। झामुमो विधायक समीर कुमार मोहंती और पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष विक्टर सोरेन ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह हत्याकांड अत्यंत दुखद और निंदनीय है तथा सरकार सभी दोषियों को कानून के कठघरे तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस घटना पर राजनीति कर रही है, जबकि उसे पहले अपने संगठन से जुड़े लोगों की भूमिका पर जवाब देना चाहिए। झामुमो ने भाजपा से सवाल किया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद नीरज सिंह की गिरफ्तारी की मांग पार्टी क्यों नहीं कर रही और क्या उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि यदि भाजपा वास्तव में अपराध के खिलाफ है तो उसे नीरज सिंह के खिलाफ सार्वजनिक कार्रवाई की मांग करनी चाहिए। विज्ञप्ति में कहा गया कि हेमंत सोरेन सरकार ने घटना के तुरंत बाद डबल डाउन बार को सील किया, लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को निलंबित किया, दो जिलों के पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया तथा मामले की उच्चस्तरीय निगरानी शुरू की। झामुमो का दावा है कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की टिप्पणियों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उन्हें पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की चिंता है तो उन्हें अपनी पार्टी के पदाधिकारी के खिलाफ भी खुलकर बोलना चाहिए। पार्टी ने कहा कि अपराधी की कोई राजनीतिक पहचान नहीं होती और कानून सभी के लिए समान है। झामुमो ने राज्य की जनता को भरोसा दिलाया कि डबल डाउन बार हत्याकांड के सभी आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### चौपारण में प्रजापति महासंघ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**चौपारण (हजारीबाग)**। झारखंड प्रदेश प्रजापति (कुम्हार) महासंघ, चौपारण प्रखंड इकाई की ओर से चेतना प्लेस होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष रामावतार प्रजापति ने किया। समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना।प्रखंड स्तर पर मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महासंघ के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रखंड सचिव श्यामसुंदर प्रजापति, रामसेवक प्रजापति, कामदेव प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, अजीत कुमार, विजय प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, अभिभावक और महिला-पुरुष उपस्थित थे। वक्ताओं ने शिक्षा को समाज की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन रुचिपूर्ण अल्पाहार और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर रांची में चिकित्सकों का सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के चिकित्सकों को समाज के स्वास्थ्य संरक्षण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को महान चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. विधान चंद्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि आपदा, महामारी और स्वास्थ्य आपात स्थितियों में भी निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करते हैं। उन्होंने सभी चिकित्सकों से मरीजों के प्रति संवेदनशीलता, सेवा भावना और नैतिक मूल्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान किया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह ने चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और निरंतर जनसेवा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण सिंह ने सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीआरसीएचओ डॉ. असीम कुमार माझी, डीटीओ डॉ. एस.के. बास्की, डीएमओ डॉ. एस.के. साबरी, डॉ. ए.वी.के. बखला, डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ. आर.के. सिंह सहित जिले के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ ने 70 पौधे लगाकर नए रोटरी वर्ष की शुरुआत की

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। रोटरी क्लब ऑफ रांची साउथ ने रोटरी वर्ष 2026–27 का शुभारंभ सेवा कार्य के साथ करते हुए नामकुम के चरनबेड़ा स्थित डिवाइन ग्रेस आश्रम में वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान कुसुम, नीम, करंज, कटहल और सखुआ के कुल 70 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में आश्रम के फादर अल्बिनो एवं फादर बिनॉय ऑगस्टीन ने क्लब के सदस्यों का स्वागत किया और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन राजा बागची, सचिव शिवेंद्र मोहन और कोषाध्यक्ष योगेंद्र साहू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में सुश्री अनीमा बा की विशेष भूमिका रही। उनके प्रयास से क्लब को यह नया सेवा प्रकल्प स्थल मिला, जहां आगे भी जनहित के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डिस्ट्रिक्ट 3250 के चेयरमैन (WASH) एवं डायरेक्टर एनवायरनमेंट रोटेरियन रथिन भद्र ने कहा कि वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य निवेश है। उन्होंने जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रोटेरियन संतोष जायसवाल, एस.के. गिरी, डॉ. सुभाष कुमार, नीरज सिन्हा, डॉ. सुफल एक्का, प्रियंका एक्का, डॉ. अरविंद कुमार, निर्मल तिग्गा सहित कई रोटेरियन एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। अंत में निर्मल तिग्गा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज और "सेवा ही सर्वोपरि" के संकल्प के साथ हुआ।

## 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं और ASDD सूची सार्वजनिक करने की मांग, कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पारदर्शिता सुनिश्चित करने को कहा

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी ने चुनाव आयोग से झारखंड में चिन्हित लगभग 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं की नामवार सूची तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सूची चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाए और संबंधित मतदान केंद्रों (बूथों) पर भी प्रदर्शित की जाए, ताकि मतदाता स्वयं अपने नाम और स्थिति का सत्यापन कर सकें। मुंजनी ने कहा कि जिन मतदाताओं को ASDD (Absent, Shifted, Dead, Duplicate) श्रेणी में चिह्नित किया गया है, उनकी सूची भी बिना विलंब सार्वजनिक की जानी चाहिए। उनका कहना था कि यदि आयोग के पास सभी आंकड़े उपलब्ध हैं, तो उन्हें जनता से छिपाने का कोई औचित्य नहीं है। लोकतंत्र में पारदर्शिता चुनाव प्रक्रिया की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने चुनाव आयोग से अपनी मार्गदर्शिका और पेसा अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए इन सूचियों को संबंधित ग्राम सभाओं में भी पढ़वाने की मांग की, ताकि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मतदाताओं को पूरी जानकारी मिल सके और कोई पात्र मतदाता वंचित न रह जाए। सतीश पौल मुंजनी ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। यदि लाखों मतदाताओं की स्थिति अस्पष्ट बनी रहती है और संबंधित सूचियां सार्वजनिक नहीं की जाती हैं, तो चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का दायित्व केवल चुनाव कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र मतदाता के अधिकार की रक्षा करना भी है। कांग्रेस ने मांग की है कि चुनाव आयोग 47 लाख 'अनमैप्ड' मतदाताओं और ASDD श्रेणी में चिह्नित मतदाताओं की सूची तत्काल सार्वजनिक करे, बूथ स्तर पर प्रदर्शित करे तथा ग्राम सभाओं में पढ़वाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

## कच्चा तेल सस्ता होने के बावजूद जनता को राहत क्यों नहीं? पेट्रोल-डीजल 15–20 और गैस 100 सस्ती करे केंद्रः विजय शंकर नायक

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**।झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने केंद्र सरकार से पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी गैस की कीमतों में तत्काल कमी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ईरान–इज़राइल युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर ईंधन और गैस के दाम बढ़ाए गए थे, लेकिन अब कच्चे तेल की कीमतें घटने के बावजूद जनता को पर्याप्त राहत नहीं दी जा रही है। नायक ने कहा कि मई 2026 में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा। उनका आरोप है कि मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें युद्ध-पूर्व स्तर के करीब पहुंच चुकी हैं, फिर भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में केवल मामूली कटौती कर जनता को वास्तविक राहत नहीं दी गई। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15–20 प्रति लीटर तथा घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 की कमी की जाए। साथ ही घरेलू गैस उपभोक्ताओं के लिए 15 दिनों के भीतर रीफिल बुकिंग की पूर्व व्यवस्था बहाल करने और ईंधन मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता लाने की भी मांग की।

# चौपारण में 'नन्हा दिल अभियान' आरंभ,बच्चों की होगी निःशुल्क हृदय जांच

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग)**।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम और श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में चौपारण प्रखंड में 'नन्हा सा दिल अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. डी. एन. ठाकुर और आरबीएसके की टीम ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की। बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान करना और उन्हें पूरी तरह से निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। अभियान के तहत सरकारी व निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जांच के दौरान हृदय रोग से पीड़ित पाए जाने वाले बच्चों को विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास रेफर किया जाएगा और उनका इलाज मुफ्त होगा। हजारीबाग सदर क्षेत्र में इस अभियान के तहत अब तक 5,064 बच्चों की हृदय जांच की जा चुकी है। **अपीलः** स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की जांच अवश्य कराएं, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी बच्चा इलाज से वंचित न रहे और समय पर उनका जीवन सुरक्षित किया जा सके।

## जमशेदपुर घटना पर भाजपा राजनीति बंद करे, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में सहयोग करेः कांग्रेस

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जमशेदपुर की हालिया घटना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान को राजनीतिक अवसरवाद करार देते हुए कहा कि इस दुखद घटना पर राजनीति करने के बजाय सभी दलों को पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी घटना की कड़ी निंदा करती है और दोषियों को कानून के अनुसार कठोरतम सजा देने की पक्षधर है। राज्य सरकार ने मामले का गंभीर संज्ञान लिया है, पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है और जांच जारी है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा संवेदनशील घटनाओं को राजनीतिक मुद्दा बनाकर जनभावनाओं को भड़काने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाने से पहले अपने शासनकाल में हुई मॉब लिंचिंग, सांप्रदायिक हिंसा, महिलाओं के खिलाफ अपराध और अन्य घटनाओं पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पुलिस प्रशासन और सरकार पर लगाए गए आरोपों को तथ्यहीन और गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि यदि भाजपा के पास कोई प्रमाण है तो उसे जांच एजेंसियों के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, अन्यथा जनता को भ्रमित करना बंद करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि बंद और आंदोलन की राजनीति से किसी पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता। न्याय केवल कानून और न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ही सुनिश्चित हो सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कानून के शासन, सामाजिक सौहार्द और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा भाजपा को भी राजनीतिक लाभ लेने के बजाय जांच प्रक्रिया में सहयोग करना चाहिए।

# सांसद मनीष जायसवाल ने जारी किया दो वर्षों का रिपोर्ट कार्ड, गिनाईं उपलब्धियां

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचंड जीत दर्ज करने के बाद, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने संसद में अपने दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बुधवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से अपनी उपलब्धियों का 'रिपोर्ट कार्ड' जारी किया। इस दौरान उन्होंने रिपोर्ट पुस्तिका का विमोचन भी किया। भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने उनके प्रयासों की सराहना की। सांसद ने सदन में अपनी 96% उपस्थिति दर्ज कराई (राष्ट्रीय औसत 85%)। उन्होंने विभिन्न सत्रों में 211 सवाल उठाए और 31 डिबेट में भाग लिया। हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, आसनसोल-हटिया इंटरसिटी जैसी ट्रेनों की शुरुआत हुई। कोडरमा-बरकाकाना रेलखंड का विद्युतीकरण और 3000 करोड़ से अधिक की दोहरीकरण परियोजना पर कार्य जारी है। बरकाकाना जंक्शन को 'अमृत भारत स्टेशन स्कीम' के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है। सांसद सामूहिक विवाह उत्सव' के तहत दो वर्षों में 202 जरूरतमंद बेटियों का कन्यादान कर उनका घर बसाया गया। 'सांसद वधु सम्मान' के तहत अब तक 22,114 बहनों तक शादी के लिए लहंगा पहुंचाया गया। पारंपरिक रामनवमी के दौरान शौर्य परंपरा को जीवंत रखने के लिए 4,400 से अधिक अखाड़ों तक डंड पहुंचाया गया। 'सांसद खेल महोत्सव' के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट में 1,484 टीमों के 22,260 खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं 40 मंदिरों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण में सहयोग किया गया। सांसद निधि से 196 योजनाओं के लिए 9.80 करोड़ की अनुशंसा की गई। डी एमएफटी फंड से हजारीबाग (446 करोड़) और रामगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सड़कों का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत हजारीबाग में 10,854 और रामगढ़ में 6,622 परिवारों को घर मिले। पीएम कुसुम योजना के तहत दोनों जिलों में कुल 5,038 सोलर पंप स्थापित किए गए ।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वे 'समाजसेवी' नहीं बल्कि 'जनसेवक' हैं, जो जनता की सेवा के बदले उनका समर्थन मांगते हैं। हजारीबाग एयरपोर्ट के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार निर्माण के लिए तैयार है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह परियोजना रुकी हुई है। उन्होंने राज्य के विकास के लिए कोयला और बालू चोरी पर प्रभावी रोक लगाने की बात भी कही। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मांडू विधायक निर्मल महतो सहित एनडीए व भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हजारीबाग जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा, बांटे गए नियुक्ति पत्र




नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग**।जिला कांग्रेस कार्यालय (कृष्ण बल्लभ आश्रम) में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई. पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि व प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया । नई कार्यकारिणी की मुख्य सूचियाँ वरीय उपाध्यक्षः शारदा रंजन दुबे,उपाध्यक्ष निसार खान, निजामुद्दीन अंसारी, मकसुद आलम, सलीम रजा, लखराज सिंह, सुखदेव प्रसाद यादव और बाबर अंसारी ,कोषाध्यक्षः सुनील अग्रवाल ,महासचिव (प्रमुख ), संजय कुमार सिंह, असगर अली, संजय कुमार यादव, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, कैलाश पति देव, प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता, गोपाल पाण्डेय सचिव (प्रमुख) नारायण महतो, विशेश्वर स्वर्णकार, वासुदेव, शिबू सोनी, इन्द्रेव सिंह, कुमारी बाखला, नमिता कुमारी, सोनी मेहता, रेवाली पासवान सहित 28 कार्यकर्ता. प्रवक्ताः मनोज नारायण भगत तथा मोजिम अंसारी इस गरिमामयी अवसर पर प्रदेश सचिव मुन्ना पासवान, रेणु कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी दिगंबर प्रसाद मेहता और नगर अध्यक्ष परवेज अहमद सहित कई नेता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग टाउन हॉल में 3 जुलाई को 'दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार कौशल विकास मेला का आयोजन'

**हजारीबाग।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा 3 जुलाई 2026 को स्थानीय टाउन हॉल में एक दिवसीय 'दत्तोपंत ठेंगरी रोजगार मेला सह कौशल विकास मेला' का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चलेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर दिए जाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत आरसेटी, जेएसएलपीएस और जिला कौशल कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण भी किया जाएगा। **मेले में भाग लेने के लिए मुख्य शर्तें एवं आवश्यक दस्तावेजः निबंधनः** जो अभ्यर्थी पहले से नियोजनालय में निबंधित नहीं हैं, वे पोर्टल (jharniyojan.jharkhand.gov.in) पर या निकटतम नियोजनालय में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा लें। पूर्व से निबंधितों को दोबारा रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं है। सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र (मार्कशीट)। सभी प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी (छायाप्रति)। अंचल कार्यालय द्वारा जारी आवासीय प्रमाण पत्र। बायोडाटा की दो कॉपियां। दो पासपोर्ट साइज फोटो। चूंकि सभी रिक्तियां निजी क्षेत्र से संबंधित हैं, इसलिए चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा और अभ्यर्थियों को कोई यात्रा भत्ता (मार्ग व्यय) नहीं दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने इच्छुक युवक-युवतियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### हजारीबाग नगर निगम पहली तिमाही में 6.09 करोड़ का राजस्व, 649 नए हाउसहोल्ड पंजीकृत




**हजारीबाग।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून) में हजारीबाग नगर निगम को कुल 6 करोड़ 9 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में 649 नए हाउसहोल्ड का पंजीकरण भी किया गया है। वर्तमान में शहर के लगभग 42 हजार हाउसहोल्ड से सालाना करीब 18 करोड़ रुपये राजस्व का लक्ष्य रहता है। वार्ड संख्या 12 (प्रथम): पहली तिमाही में करीब 38 लाख की वसूली (वार्षिक लक्ष्यः 1.02 करोड़)। पहली तिमाही में करीब 38 लाख जमा (वार्षिक लक्ष्यः 94.98 लाख)। पहली तिमाही में करीब 34 लाख का संग्रह (वार्षिक लक्ष्यः 92.20 लाख)। वार्ड संख्या 6 से 35 लाख, वार्ड 8 से 25.50 लाख और वार्ड 7 से 20.58 लाख का राजस्व मिला। वार्ड संख्या 1 राजस्व वसूली में सबसे पीछे रहा, जहाँ पहली तिमाही में केवल 6.39 लाख ही जमा हो सके (वार्षिक लक्ष्यः 20.32 लाख)। नगर निगम प्रशासन ने समय पर टैक्स देने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया है। अधिकारियों का कहना है कि इसी राशि से शहर में सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल और स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्य किए जाते हैं। बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए नागरिकों से समय पर कर भुगतान करने की अपील की गई है।

### हाई स्पीड वाहनों पर लगामः हंटरगंज में बने स्पीड ब्रेकर, दुर्घटनाओं में कमी की उम्मीद



**हंटरगंज।** हंटरगंज-डोभी-चतरा एनएच-22 पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से हंटरगंज थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया गया है।जानकारी के अनुसार हंटरगंज-शेरघाटी मुख्य मार्ग, हंटरगंज बाजार, डुमरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास, जजलो मोड़ तथा स्कूल-कॉलेज एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की तेज रफ्तार लगातार लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। आए दिन सड़क हादसों की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई थी।ग्रामीणों, दुकानदारों एवं अभिभावकों द्वारा लंबे समय से इन क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की जा रही थी। लोगों का कहना था कि कई वाहन चालक 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरते हैं, जिससे सड़क पार करने वाले राहगीरों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है।थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने स्थानीय लोगों की शिकायतों और दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण करने के बाद सड़क विभाग एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कई स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनवाए। साथ ही ब्रेकरों पर सफेद रंग से संकेत चिह्न भी अंकित किए गए हैं, ताकि रात के समय वाहन चालकों को उन्हें देखने में आसानी हो।थाना प्रभारी ने बताया कि स्पीड ब्रेकर लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने तथा ब्रेकर के पास वाहन की गति नियंत्रित रखने की अपील की। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बाजार, स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र के आसपास आवागमन पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित होगा। लोगों को उम्मीद है कि वाहनों की रफ्तार नियंत्रित होने से सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी आएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों की अनदेखी कर तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिरहोर टोला में ग्राम सभा आयोजित, विकास योजनाओं का हुआ चयन



**हंटरगंज।** उपायुक्त के निर्देश पर हंटरगंज प्रखंड के गोपालपुर स्थित बिरहोर टोला में आदिम जनजाति विकास योजना के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया बृज किशोर सिंह ने की। बैठक में बिरहोर समुदाय के लोगों की समस्याओं और क्षेत्र के विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्राम सभा में बिरहोर टोला के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का चयन किया गया। चयनित योजनाओं में सामुदायिक शौचालय निर्माण, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत, जर्जर आवासों की मरम्मत, डीप बोरिंग सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।मुखिया बृज किशोर सिंह ने बताया कि ग्राम सभा में चयनित योजनाओं की सूची तैयार कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेजी जाएगी, ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद कार्य प्रारंभ कराया जा सके। उन्होंने कहा कि बिरहोर टोला में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है, जिसके कारण यहां रहने वाले लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि बिरहोर समुदाय के लिए पूर्व में बनाए गए कई आवास वर्तमान में जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। आवासों की खराब स्थिति के कारण दर्जनों परिवार असुविधा के बीच जीवन यापन करने को मजबूर हैं। वहीं रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के अभाव में कई बिरहोर परिवार पलायन भी कर चुके हैं।ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन से बिरहोर टोला में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

# हिंसक झड़प के बाद पूरी तरह ठप रहा कोयला डंपिंग कार्य

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।** गिधौर थाना क्षेत्र के द्वारी करमा टांड़ स्थित कोयला डंपिंग साइट पर मंगलवार को पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। कोयला डंपिंग और वजन कांटा के संचालन को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद डंपिंग का कार्य पूरी तरह ठप रहा। घटनास्थल पर खड़े दो हाईवा वाहनों को चौकीदार की निगरानी में रखा गया है,जबकि पूरे इलाके में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।जानकारी के अनुसार,पिछले शनिवार को कोयला डंपिंग एवं वजन कांटा के संचालन को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इसके बाद से डंपिंग साइट पर सभी गतिविधियां बंद हैं।मंगलवार को डंपिंग स्थल पर न तो कोयले की ढुलाई हुई और न ही किसी प्रकार का लोडिंग-अनलोडिंग कार्य किया गया। जहां प्रतिदिन दर्जनों हाईवा और अन्य वाहन नजर आते थे, वहां पूरे दिन वीरानी छाई रही। घटनास्थल पर मौजूद दो हाईवा वाहनों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से चौकीदार की निगरानी में रखा गया है।इधर, घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए गिद्धौर थाना पुलिस लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला डंपिंग और वजन कांटा को लेकर पिछले कुछ समय से दोनों पक्षों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। कई बार विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई, लेकिन इस बार मामला हिंसक झड़प तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और आम लोगों में भय का माहौल समाप्त हो।

# एडिशन पब्लिक स्कूल में 'मैंगो डे' का आयोजन,बच्चों ने जाना आम का महत्व

नई सोच एक्सप्रेस



**टाटीझरिया (हजारीबाग)।** एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया में छात्रों के ज्ञानवर्धन और मनोरंजन के लिए 'मैंगो डे' (आम दिवस) का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में स्कूल के नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. के नन्हें-मुन्हें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए सभी बच्चे पीले रंग की पोशाक (आम से मिलता-जुलता रंग) पहन कर स्कूल आए थे, जिससे पूरा परिसर आममयी और आकर्षक लग रहा था। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को पीले रंग की पहचान कराई गई। आम से जुड़ी विभिन्न रोचक गतिविधियाँ उत्सव के दौरान बच्चों को स्वादिष्ट आम खिलाया गया। इसके साथ ही बच्चों से आम की सुंदर ड्रॉइंग और पेंटिंग बनवाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्या सुधा नारायण एवं सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को आम से बनने वाली विभिन्न खाद्य वस्तुओं और व्यंजनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और स्वास्थ्य के लिए इसके फायदे (कार्य) बताए गए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या सुधा कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, "इस तरह की गतिविधियों (एक्टिविटीज) से बच्चों में चीजों को जानने की जिज्ञासा बढ़ती है और वे खेल-खेल में बहुत जल्दी व आसानी से सीख जाते हैं। कार्यक्रम को पूरी तरह सफल और सुचारू बनाने में स्कूल की शिक्षिकाओं— चंदा गोस्वामी, अनुराधा कुमारी, ममता कुमारी, संजना एवं रेहाना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के छात्र पीले रंग के वस्त्र पोशाक में शामिल हुए। बच्चों को आम खिलाया गया, पेंटिंग बनवाई गई और आम से बनने वाली वस्तुओं की जानकारी दी गई। प्राचार्या सुधा नारायण ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में जिज्ञासा और सीखने की क्षमता बढ़ती है।

# पढ़ाई के लिए मां की डांट के बाद घर छोड़ गया 15 वर्षीय बेटा

नई सोच एक्सप्रेस



**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बहेरी गांव से एक बेहद भावुक और चिंताजनक मामला सामने आया है। महज पढ़ाई को लेकर मां की डांट से नाराज होकर घर से निकला 15 वर्षीय किशोर पिछले एक वर्ष से लापता है। बेटे की तलाश में माता-पिता ने हर संभव कोशिश की, लेकिन आज तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। अब थक-हारकर परिवार ने पुलिस से बेटे को खोज निकालने की गुहार लगाई है।जानकारी के अनुसार, बहेरी गांव निवासी राजदेव यादव का 15 वर्षीय पुत्र विकास कुमार 15 जुलाई 2025 को अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों के मुताबिक, विकास का पढ़ाई में मन नहीं लगता था। इसी बात को लेकर मां उसे अक्सर पढ़ने के लिए समझाती और कभी-कभी डांट भी देती थी। बताया जाता है कि उसी दिन मां की डांट से आहत होकर वह घर छोड़कर चला गया और फिर वापस नहीं लौटा।परिजनों ने रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित ठिकानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस बीच एक रिश्तेदार ने सूचना दी कि विकास को गया में एक दुकान पर काम करते देखा गया था।सूचना मिलते ही पिता वहां पहुंचे, लेकिन तब तक दुकान बंद हो चुकी थी और किशोर का कोई पता नहीं चल सका।विकास के पिता राजदेव यादव दिल्ली में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटे की तलाश में उन्होंने काम छोड़कर लगातार प्रयास किए, लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। अंततः मंगलवार को माता-पिता हंटरगंज थाना पहुंचे और बेटे की बरामदगी के लिए आवेदन देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई।हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी विकास कुमार दिखाई दे या उसके बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत हंटरगंज थाना को सूचना दें, ताकि उसे सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया जा सके।

» एक साल बाद भी नहीं मिला सुराग; दर-दर भटक रहे माता-पिता

### सांसद- विधायक पहुंचे टंडवा, दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत आश्रित को सौंपे 4 लाख का चेक



नई सोच एक्सप्रेस

**टंडवा।** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग में चतरा सांसद कालीचरण सिंह व सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास पहुंचे जहां पारंपरिक तरीके से कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष 22 जुलाई 2025 को ठनका के चपेट में आने से किसुनपुर के मधवापुर निवासी मृतका 45 वर्षीय बिलासो देवी के आश्रितों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दावा वाद के तहत मिलने वाले दो- दो लाख रुपए यानि कुल चार लाख रुपए का चेक सौंपे गये।आकस्मिक दुर्घटना के शिकार होने वाले भुक्तभोगियों को संबल पहुंचाने में केंद्र द्वारा संचालित उक्त जनकल्याणकारी बीमा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में उल्लेखनीय प्रयास करने वाले बैंक ऑफ इंडिया टंडवा शाखा के प्रबंधक प्रणत कुमार एवं सेरनदाग के बीसी संचालक मुंशी साहु को सांसद व विधायक ने भरपूर सराहना की। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, सीसीएल प्रतिनिधि प्रेम विकास, अरविंद सिंह, अक्षयवट पांडेय,गोविंद तिवारी, प्रमोद सिंह,राजेश चौधरी, कृष्ण कुमार साहु समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# काली यादव के समर्थन में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, निष्पक्ष जांच की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी, चतरा जिला के जिला प्रवक्ता श्री काली यादव के समर्थन में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में विशाल आक्रोश प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री रामदेव सिंह भोगता ने किया। भाजपा कार्यकर्ता केसरी चौक से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव के दौरान राजद प्रत्याशी श्रीमती रश्मि प्रकाश के पति श्री मुकेश भोगता द्वारा राजनीतिक दुर्भावना से श्री काली यादव के विरुद्ध एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया था। पार्टी का कहना है कि हाल के दिनों में इसी मामले में पुलिस ने श्री काली यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जिसका भाजपा कड़ा विरोध करती है। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री रामदेव सिंह भोगता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कानून और संविधान का सम्मान करती है, लेकिन राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से दर्ज किए गए कथित झूठे मुकदमों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को और व्यापक करेगी। इस अवसर पर सिमरिया विधायक श्री कुमार उज्ज्वल दास, जिला महामंत्री श्री कपिल पासवान, डॉ. मृत्युंजय सिंह,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री प्रदीप सिंह,जिला उपाध्यक्ष श्री विद्यासागर आर्य, श्री मिथिलेश गुप्ता,ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्री सुनील चौरासिया, अनामिका देवी, सुमन सौरव भवानी राय, गायत्री देवी, बिनोद यादव रामशंकर गुप्ता, जीतेन्द्र सिंह मंडल अध्यक्ष श्री दिलेश्वर सिंह भोगता,श्री संजय प्रजापति, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेमचंद यादव, श्री खगेश्वर साहू, श्री कमलेश सिंह उदय बर्मा, पसहित जिले के सभी मंडलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

# बीबीएमकेयू के उर्दू विभाग में विदाई, स्वागत व नवप्रवेशी छात्रों का अभिनंदन

नई सोच एक्सप्रेस



**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के उर्दू विभाग में बुधवार को विदाई, स्वागत एवं नवप्रवेशी छात्रों के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिछले वर्ष के पीजी टॉपर एवं विभाग में एक वर्ष तक अध्यापन कार्य करने वाले वसीम अकरम को भावभीनी विदाई दी गई, जबकि इस वर्ष के पीजी टॉपर शहबाज़ रहबर का स्वागत किया गया। प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का भी सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. आलमगीर अंसारी ने की। उन्होंने वसीम अकरम और शहबाज़ रहबर को शॉल ओढ़ाकर तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। नवप्रवेशी छात्रों को भी स्मृति-चिह्न देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आवामी विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य एवं बीबीएमकेयू के उर्दू विभाग के पीएचडी शोधार्थी इलियास अंसारी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, समर्पण और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन मुहम्मद बिन ज़ाहिद ने किया। वक्ताओं ने वसीम अकरम की शैक्षणिक उपलब्धियों और अध्यापन कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं शहबाज़ रहबर को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे अपनी प्रतिभा और समर्पण से विभाग की शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। जेआरएफ क्वालिफाइड एवं विभाग की पूर्व छात्रा वहीदा बशीर ने शिक्षा, परिश्रम और उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने और नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करने का अवसर प्रदान करते हैं। समारोह में संजीदा परवीन, तनवीर, शाहिद, अफज़ल, अल्तमश सहित विभाग के अनेक छात्र-छात्राएं, शोधार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

# इटखोरी में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान तेज

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी (चतरा)।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड की पीतीज व धुना पंचायत के सोनिया बूथ पर मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में पीतीज पंचायत के मुखिया रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर पासवान, समाजसेवी पवन सिंह व सुधीर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों को दूर करने पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सोमनाथ बांकीरा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निर्देश में कहा कि जिन निर्वाचकों के गणना प्रपत्र अभी तक जमा नहीं हुए हैं, उनकी सूची पोर्टल पर अपलोड है। सभी बीएलओ अविलंब घर-घर जाकर लंबित प्रपत्रों को भरवाना सुनिश्चित करें। बीडीओ ने निर्देश दिया कि प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए के साथ संयुक्त बैठक कर मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की सूची साझा करें तथा स्थल सत्यापन कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक बीएलओ को यह अंकित करना अनिवार्य है कि मतदाता द्वारा गणना प्रपत्र के साथ कौन सा सहायक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है और उसे ईआरओ नेट पोर्टल पर अपलोड करना है। जिन मतदाताओं ने अब तक प्रपत्र जमा नहीं किया है, उनसे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 11 वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड करने का सख्त निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की बुनियाद है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

# उपस्वास्थ्य केंद्र के समीप शराबियों का अड्डा लोग परेशान

नई सोच एक्सप्रेस



**लावालौंग।** प्रखंड क्षेत्र के लमटा सब सेंटर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के आसपास मांस और शराब की दुकानों के कारण स्थानीय लोगों को घोर परेशानियों और असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।स्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर शराबियों और मांसाहारियों की गतिविधियों से क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों में काफी रोष व्याप्त है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित लोगों से अनुनय-विनय कर व्यवस्था सुधारने का आग्रह किया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि जहां स्वास्थ्य केंद्र परिसर और उसके आसपास का क्षेत्र साफ-सुथरा, स्वच्छ एवं कचरा मुक्त होना चाहिए,वहीं यहां मांस के अवशेष, शराब की पाउच और खाली बोतलें बिखरी रहती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र से सटे क्षेत्र में झाड़ियों और पेड़-पौधों के बीच कई स्थानों पर आग जलाकर मांस पकाया जा रहा है। जिस भूमि पर यह गतिविधियां संचालित हो रही हैं, वह वन विभाग की बताई जा रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। गौरतलब है कि बगरा-चतरा मुख्य सड़क किनारे स्थित इस स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में परिसर के आसपास फैली गंदगी और असामाजिक गतिविधियों से मरीजों एवं उनके परिजनों को काफी असुविधा हो रही है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर स्वास्थ्य केंद्र परिसर को अतिक्रमण और गंदगी से मुक्त कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

» बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बनें अव्वल, बीडीओ नितेश भास्कर




**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंडस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन प्रखंड स्टेडियम में सोमवार को भव्यता के साथ शुभारंभ किया गया । टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने फीता काटकर एवं शानदार किक लगाकर किया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ें। खेलने कूदने से स्वस्थ रहेंगे एवं शारीरिक, मानसिक रूप से भी तेज बनेंगे । प्रतियोगिता में अंडर 15 बालक वर्ग, अंडर 17 बालिका वर्ग एवं अंदर-17 बालक वर्ग का फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित हुआ । अंडर 17 बालिका वर्ग के फाइनल मैच में कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय चौपारण ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया को 2 - 0 से पराजित कर विजेता बना । प्रखंड अंडर 17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोईया एवं उ उ वि इंगुनिया उपविजेता एवं अंडर 15 में उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंगुनिया की टीम विजेता एवं केबीएसएस+2 चौपारण की टीम उपविजेता बना ।कार्यक्रम का में मंच संचालन जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया । मैच का सफल आयोजन करवाने में बी पी एम मो.आरिफ,सुरेंद्र कुमार दास, जितेंद्र कुमार सिंह, गुलाब साव, बसंत कुमार दास, शैलेंद्र कुमार पांडेय ,प्रभाकर कुमार अंबुदी ,किशन कुमार, सौरभ सिंह, गिरधारी महतो,राकेश कुमार, शशि कुमार, यशवंत कुमार राणा,रूपलाल रविदास, दयानंद ठाकुर, बीरेंद्र मेहता,मनुतोश की सराहनीय भूमिका रही ।

## आंदोलनकारियों के बाल- बच्चों को नहीं मिल रहा अधिकार विनोद पांडेय



**इटखोरी।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि आंदोलनकारियों के बाल- बच्चों के अधिकारों की हकमारी हो रही है. 2026 में सचिवालय में तृतीय एवं चतुर्थ की नियुक्तियों में झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों आश्रितों एवं पुत्र पुत्री के लिए के लिए अलग से कॉलम निश्चित नहीं किया गया है यह दुर्भाग्य की बात है जबकि 2025 की बहालियों में यह कॉलम निर्धारित था. गृह कर आपदा प्रबंधन विभाग की संकल्प संख्या 1938 दिनांक 20.04.2021 की कंडिका 6 के अनुसार राज्य सरकार की तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नियुक्तियों में झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों के आश्रितों और बच्चों को 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था है। राज्य में सरकारी संकल्प का पालन एवं सरकार के अश्वासनों पर अमल नहीं होना दुर्भाग्य की बात है. बार-बार आंदोलनकारी छले जा रहे हैं अब आंदोलनकारी के बाल बच्चों की उपेक्षाएं किये जा रहे हैं जिसे आंदोलनकारी बर्दाश्त नहीं करेंगे. शीघ्र मुख्यमंत्री,गृह सचिव एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर लिखित शिकायत व अधिकार पत्र सौंपेंगे. उक्त बातें आज प्रेस वार्ता में श्री पांडेय ने कही. उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग 25 एवं 26 का अध्ययन कर सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त की. **श्री पांडेय ने कहा कि** झारखंड आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सरकार सम्मान दे और समाज में स्वाभिमान से जीने - मरने का अधिकार दे. आज झारखंड आंदोलनकारी दो जून की रोटी के लिए मोहताज है. इसके बावजूद हमारे बाल बच्चों के अपेक्षा होना दुर्भाग्य की बात है. बाल बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक आंदोलन करना पड़ेगा तो करेंगे. श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी के सम्मान से ही राज्य का सम्मान है अगर झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्री एवं आश्रितों के साथ अन्याय होता है तो हम कदापि बर्दाश्त नहीं करेंगे. केंद्रीय प्रवक्ता मनोज वर्मा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज मजबूर का जीवन जीने को विवश है,आर्थिक तंगी में जीने के लिए मजबूर हैं. सामाजिक, पारिवारिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं अबुआ सरकार में यह सबसे बड़ी विडंबना है. श्री पांडेय ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान ,स्वाभिमान की रक्षा, रोजी रोजगार एवं नियोजन पर हमला दुर्भाग्य की बात है आंदोलनकारी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए मर मिटेंगे लेकिन स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं करेंगे. श्री पांडेय ने कहा कि राज्य बनने से पूर्व लगभग 30-35 वर्ष अलग राज्य के आंदोलन में लगा दिया और अब अपने मान सम्मान स्वाभिमान पहचान पेंशन के लिए संघर्ष करते हुए 25 वर्ष लगा दिए लेकिन झारखंड आंदोलनकारी को अभी तक जो राजकीय मान सम्मान अलग पहचान, पुत्र पुत्री एवं आश्रितों को रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी तथा सम्मान पेंशन का नहीं मिलना दुःखद. श्री पांडेय ने कहा कि आज भले ही दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पद्म भूषण का सम्मान केंद्र सरकार की ओर से दिया गया इसके लिए केंद्र सरकार को आभार व्यक्त करते हैं लेकिन अबुवा सरकार के द्वारा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को राजकीय गजट नोटिफिकेशन कर झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान नहीं दिया जाना यह आंदोलनकारियों के लिए चिंतनीय विषय है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष का फलाफल झारखंड राज्य है.आज आंदोलनकारी अपने ही घर में पहचान के मोहताज हैं मेहमान की तरह जिंदगी जी रहे हैं.

## टंडवा में बूकरु चंद्रगुप्त कोल परियोजना के विस्थापितों की गोलबंदी




**(चतरा) टंडवा।** बुकरु चंद्रगुप्त कोल परियोजना से प्रभावित बुकरू क्षेत्र के विस्थापितों ने अपने हक और अधिकारों की रक्षा के लिए समिति विस्तार होगा टंडवा के भू-रैयत, जिनकी जमीनें इस परियोजना विभिन्न मुद्रा लेकर ,जल्द ही लोक विस्थापित समन्वय समिति का विस्तार करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए लोक विस्थापित समन्वय समिति के नेता संतोष नायक ने बताया कि परियोजना के कारण विस्थापित हो रहे रैयतों के हितों को सुरक्षित करना हमारी प्राथमिकता है। कमेटी के माध्यम से टंडवा के जमीन दाताओं के जाने वाली जमीन बुकरु चंद्रगुप्त कोल परियोजना में जा रहा है, सभी भू-दाता एकजुट होकर अपनी मांगों और समस्याओं को एक कमिटी बनाकर रखेंगे। प्रभावित क्षेत्र चंद्रगुप्त कोल परियोजना के अंतर्गत बुकरू-टंडवा और आसपास का विस्थापित एरिया है। आगे लोग विस्थापित समन्वय समिति के नेता अध्यक्ष संतोष नायक ने बताया कि विस्थापितों को उचित मुआवजा, रोजगार और पुनर्वास व मूलभूत सुविधा एवं अन्य मुद्दों पर एकजुट करना हमारी कर्तव्य है।

# पश्चिम बंगाल में हर मन्दिरों में ध्वज लगाना अनिवार्य करे सरकार - स्वामी स्वदेशानंद

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज भारत के अनेकों प्रदेशों में भ्रमण के पश्चात कलकत्ता पहुंचे। कलकत्ता प्रेस क्लब में उन्होंने अपने प्रेस वार्ता में कहा कि भारत 2029 के पूर्व हिन्दू राष्ट्र बन जायेगा ।उससे पहले नेपाल हिन्दू राष्ट्र बनने जा रहा है। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि पश्चिम बंगाल के मंदिरों में ध्वज लगाना अनिवार्य करें। अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी पीठाधीश्वर सह वरीय पत्रकार डॉ श्यामा नंद जी



महाराज के हवाले से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि स्वामी जी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के नेतृत्व में 5 दिसम्बर से भारत माता परिक्रमा हम करने जा रहें हैं जो 29 प्रदेशों तथा दो देशों से होकर 16295 किलो मीटर की यात्रा करेगें। भारत माता परिक्रमा राजस्थान के मुंडावर बाबा प्रह्लाद दास आश्रम से प्रारम्भ होकर सारे प्रदेशों का भ्रमण कर दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री भारत सरकार को ग्यारह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया जायेगा। जिसमें भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना, गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिये जाने, साधु सन्तों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने, देश में चल रहे लव जिहाद को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने विशेष कानून बनाने, धर्मांतरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाने देश में विशेष कानून बनाना आदि शामिल होगा ।साथ ही भारत माता की विश्व प्रसिद्ध और सबसे ऊंचा मन्दिर भारत के मध्य स्थल मध्यप्रदेश के कटनी में बनायेगें। जो सनातनियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। स्वामी स्वदेशानंद ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच देश और विदेश में काम कर रहा है। संगठन का लक्ष्य 25 करोड़ सदस्य बनाने का है जो हम 2030 के पहले पूर्ण कर लेगें। प्रेस वार्ता को मंच के पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष शुभोमय घोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी अनिमेष शास्त्री, राष्ट्रीय महामंत्री एवं असम प्रभारी स्वामी बिजन भट्टाचार्य, आदि शक्ति सेना की प्रदेश अध्यक्ष आचार्य चंद्राणी भट्टाचार्य एवं महाबली सेना के प्रदेश अध्यक्ष आकाश सेन गुप्ता ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी अखंडानंद, राष्ट्रीय सचिव स्वामी ब्रह्मानंद गिरि, प्रदेश महामंत्री ज्योतिषी मदन ठाकुर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यायालय में विचाराधीन जमीन विवाद में खेत जुतवाने का आरोप, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल



नई सोच एक्सप्रेस

**कानपुर।** देहात के थाना शिवली क्षेत्र की तहसील मैथा में जमीन विवाद को लेकर नया विवाद सामने आया है। आरोप है कि जिस भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, उसी जमीन पर थाना शिवली के एसएचओ की कथित मिलीभगत से एक पक्ष ने खेत जुतवा दिया। पीड़ित अधिवक्ता क्षितिज सेंगर का कहना है कि मामला कोर्ट में लंबित होने के बावजूद पुलिस ने यथास्थिति बनाए रखने के बजाय दूसरे पक्ष को खेत पर कब्जे जैसी कार्रवाई करने का मौका दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है और पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और संबंधित पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष और पुलिस का पक्ष सामने आना अभी बाकी है। पीड़ित अधिवक्ता क्षितिज सेंगर ने एसएचओ की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

## लक्ष्मी हॉस्पिटल में डॉक्टर्स डे पर महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर,200 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर रोडवेज कैंट स्थित लक्ष्मी हॉस्पिटल द्वारा महिलाओं के लिए एक वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से आई 200 से अधिक महिलाओं एवं मरीजों ने भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया | शिविर का आयोजन प्रातः नौ बजे से दोपहर एक बजे तक किया गया | इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.शगुफ्ता आफरीन अंसारी तथा डॉ.रक्षा राय ने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सुझाव दिए | अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया | शिविर में आने वाली सभी महिलाओं की जांच एवं परामर्श पूरी तरह निःशुल्क किया गया | इस अवसर पर अस्पताल द्वारा आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं,पांच लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज तथा हेल्थ इंश्योरेंस/टीपीए सेवाओं की भी जानकारी दी गई | अस्पताल प्रबंधन ने शिविर की सफलता पर सभी चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं उपस्थित मरीजों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी जनहित में ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही | अस्पताल में डॉक्टर्स डे के अवसर पर सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने डा.विधान चंद्र राय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया | इस अवसर पर लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डा॰ अशोक राय ने डा॰ विधान चंद्र राय के जीवन पर प्रकाश डाला और प्रमुख रूप से डा॰विकास भटनागर,डा॰विकास मौर्य,डा॰डी ॰के॰ शर्मा,डा॰ आमिर शम्स,डा॰आदर्श राय,डा॰बृजेश कुमार,धर्मेंद्र राय एवं डा॰ नीरज उपस्थित रहे ||

# सनातन काव्य- धारा की तृतीय मासिक गोष्ठी सह सम्मान समारोह

नई सोच एक्सप्रेस



**कोलकाता।** सनातन एवं हिन्दी साहित्य को समर्पित संस्था सनातन काव्य- धारा वाराणसी की तृतीय मासिक गोष्ठी आज कैलाशम्, इंदिरा नगर, वाराणसी में विश्व हिंदी शोध -संवर्धन अकादमी के निदेशक एवं काशी के मूर्धन्य साहित्यकार पं. हीरालाल मिश्र "मधुकर" जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोलकाता से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार राम पुकार सिंह "पुकार गाजीपुर" उपस्थित रहे। गोष्ठी के प्रथम सत्र में सनातन साहित्य एवं संस्कृति पर परिचर्चा हुई. वक्ताओं ने कहा कि हमें कबीर, तुलसी, रैदास की साहित्य परम्परा को आगे बढ़ाना है जो समाज को दिशा देता है. सनातन साहित्य वह है जिसपर देश, काल, परिस्थिति का प्रभाव नहीं पड़ता। कार्यक्रम - अध्यक्ष हीरालाल मिश्र मधुकर एवं मुख्य अतिथि राम पुकार सिंह पुकार गाजीपुर को चंद्रा साहित्य परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष राम नरेश "नरेश " ने चंद्रा साहित्य परिषद का सर्वोच्च सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया।सनातन काव्य धारा के अध्यक्ष विजय शंकर पाण्डेय ने भी अंगवस्त्रम् और मोमेंटम से सम्मान किया।परिचर्चा के उपरांत काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी का आग़ाज़ बाल कवि विवान पांडेय की सरस्वती वंदना से हुआ गोष्ठी में मीडिया प्रभारी विजय चंद्र त्रिपाठी ने पढ़ा " भला किसी का जितना कर सकते हो करते जाओ" गिरीश पाण्डेय काशिकेय ने पढ़ा " सनातन पर अनर्गल बोलना अच्छा नहीं लगता" दिनेश दत्त पाठक ने जहां दोहे पढ़े वही प्रमोद कुमार मौर्या ने पर्यावरण पर व्यंग्यात्मक रचना पढ़ी, राम पुकार सिंह ने समसामयिक ग़ज़ल पेश कर सभी की सराहना बटोरी। अन्य रचनाकारों में डॉ. वेद प्रकाश पांडेय, विजय शंकर पांडेय, गौरीशंकर तिवारी, गोपाल केशरी, टीका राम आचार्य, संजीव तिवारी , राम नरेश "नरेश" प्रमुख थे। इन कलमकारों ने भोजपुरी, हिंदी एवं काशिका में रचनाएँ पढ़कर देश की एकता, अखंडता और समरसता का संदेश दिया I गोष्ठी का कुशल संचालन वरिष्ठ कवि परमहंस तिवारी "परम" एवं संयोजन तथा धन्यवाद ज्ञापन गिरीश पाण्डेय "काशिकेय " ने किया।

# जनपद बागपत के आदिनाथ नगर डूंडाहैड़ा में हुआ कैलाशगिरी जिनालय का शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**बागपत, उत्तर प्रदेश।** जनपद बागपत के आदिनाथ नगर डूंडाहैड़ा में जिनशासन की अनुपम सिद्धभूमि की प्रतिकृति पर बनने जा रहे कैलाश गिरी जिनालय का भव्य शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर से आये सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। शिलान्यास कार्यक्रम दिगम्बराचार्य 108 श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ससंघ, मुनि श्री 108 ज्ञात सागर जी महाराज तथा ऐलक श्री 105 विज्ञान सागर जी महाराज के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। सुप्रसिद्ध समाजसेवी, जैन धर्म के विद्वान एवं स्याद्वाद जैन एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट के सचिव शिखर चंद जैन ने बताया कि सर्वप्रथम मंत्रोच्चार के साथ निर्माण स्थल को पवित्र करने, भूमि के दोष दूर करने, मंदिर का आधार हमेशा सकारात्मक ऊर्जा से भरे रखने और वास्तु पूजन के लिए भूमि शुद्धि की गयी। इसके उपरान्त श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ने अपने मुखारविन्द से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंगल आर्शीवाद प्रदान किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण से सम्बन्धित विभिन्न पवित्र क्रियाओं में सहभागिता करने का लाभ प्राप्त करने व अनुष्ठान का पुण्य अर्जन करने हेतु बोली लगायी। इसके उपरान्त जिनेन्द्र भगवान की जय-जयकार के साथ ध्वजारोहण कर शिलान्यास की पवित्र क्रियायें पूर्ण करायी गयी। शिलान्यास के प्रतिष्ठाचार्य डाक्टर अशोक जैन शास्त्री तथा विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी नमन भैया रहे। सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं संगीतकार ऋषभ जैन सरस ने अपने भजनो से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिलान्यास कार्यक्रम के आयोजनकर्त्ता लार्ड महावीर एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट व स्याद्वाद जैन एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आने वाले सभी अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। आयोजन की विशेष सहयोगी संस्था श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कमेटी, रिवर पार्क बागपत के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर नागेन्द्र जैन गोयल, जैन समाज बागपत के अध्यक्ष पंकज जैन, ईश्वर जैन, पंड़ित हंसराज जैन, कमल जैन, संकल्प जैन, नवीन जैन दिल्ली, एके जैन किरण विहार, रवि जैन, प्रदीप जैन, नरेश जैन खेकड़ा, राहुल जैन, अनिल जैन, पत्रकार विपुल जैन बागपत, त्रिलोक चंद जैन बड़ागांव, अजय जैन, विवेक जैन, ऋषभ जैन, प्रवीण मलिक, सोनिया तीरखा, बबीता जैन सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## आदिनाथ नगर डूंडाहैड़ा में रामा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने लगाया निशुल्क चिकित्सा शिविर



नई सोच एक्सप्रेस

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** जनपद बागपत में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके रामा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस पाली बागपत द्वारा आदिनाथ नगर डूंडाहैड़ा में आयोजित कैलाश गिरी जिनालय के शिलान्यास समारोह के अवसर पर एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर में डॉ रविन्द्र कुमार ने सर्दी, जुकाम, बुखार, शरीर दर्द तथा अन्य सामान्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। इसके साथ ही शिविर में आने वाले लोगों का रक्तचाप- बीपी और रक्त शर्करा-शुगर की भी निशुल्क जांच की गई। डॉ रविन्द्र कुमार ने बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण उच्च रक्तचाप, मधुमेह और अन्य गंभीर बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना बेहद आवश्यक है। उन्होंने गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को रामा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस पाली बागपत में आकर आवश्यक जांच, विशेषज्ञ परामर्श और समुचित उपचार कराने की सलाह दी। रामा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की सीनियर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रूपा ने बताया कि शिविर के दौरान चिकित्सा टीम ने लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति भी जागरूक किया। कैंप में नर्सिंग स्टाफ से इरशाद, जनरल डयूटी सहायक मधु आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा, नवाचार और समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान पर शांति सोनी को मिला राष्ट्रीय 'कम्मू गौरव सम्मान–2026'

नई सोच एक्सप्रेस



» नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचारी शिक्षण कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान, बिलासपुर व छत्तीसगढ़ का बढ़ाया गौरव

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** बिलासपुर जिले के विकासखंड बिल्हा अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महमंद में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता शांति सोनी को शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, नवाचार एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित 'कम्मू गौरव सम्मान–2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके द्वारा वर्षों से किए जा रहे नवाचारी शैक्षणिक कार्यों तथा समाजहित में संचालित जन-जागरण अभियानों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली प्रतिष्ठित पहचान का प्रतीक है। शांति सोनी ने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाया है। उनके नेतृत्व में विद्यालय में अनेक नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों का सफल संचालन किया गया, जिससे विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन का भी सशक्त केंद्र बनकर उभरा। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावी जन-जागरूकता अभियान चलाए हैं। उनके द्वारा संचालित "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" जन-जागरण अभियान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। इस अभियान के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, शपथ कार्यक्रम एवं जनसंवाद जैसे विविध आयोजनों द्वारा हजारों युवाओं और नागरिकों को नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा संबंधी अभियानों ने विद्यार्थियों और ग्रामीण समुदाय में प्रकृति संरक्षण के प्रति नई चेतना का संचार किया है। राष्ट्रीय 'कम्मू गौरव सम्मान–2026' से सम्मानित होने पर शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शांति सोनी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि बिलासपुर जिले एवं छत्तीसगढ़ की शैक्षणिक और सामाजिक चेतना के लिए भी गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि शिक्षा, नवाचार और समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

## गुरुजी चंदेल ने बंजारा समाज के श्री जी महाराज को अंग वस्त्र भगवान वाल्मीकि का लॉकेट देकर सम्मानित किया




नई सोच एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्रचारि महंत गुरुजी राजू चंदेल आज बंजारा समाज के प्रमुख संत श्री जी महाराज से भेट की और उनको अंग वस्त्र और भगवान वाल्मीकि का लॉकेट देकर सम्मानित किया इस मौके पर आध्यात्मिक चर्चा हुई तमाम अनुसूचित जाति समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने का आग्रह किया समाज को बताने ना देने और समाज के लोगों को आसमान की बुलंदियों पर चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो चाहे वह व्यावसायिक क्षेत्र हो समाज को कैसे नई दिशा और उसकी दशा बदली जाए इस पर चर्चा की गई श्री जी महाराज ने गुरु जी राजू चंदेल के कथनों का समर्थन करते हुए मिलाकर चलने का आह्वान किया इस मौके पर लक्खि शाह समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश नायक बंजारा गुरुजी शिवम नाथ, रामपाल बंजारा, सुमित शर्मा आदि गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे

## संक्षिप्त समाचार

### सभी सरकारी अस्पतालों में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे : निशांत

**कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगी सीधी मॉनिटरिंग**

**पटना।** बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पहुँचे फरियादियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के विधिसम्मत एवं त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करने हेतु मौके पर ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने भी विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल की। इस मौके पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हर मरीज को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही समय पर बेहतर इलाज मिले, ताकि उन्हें आवश्यकता पड़ने पर ही पटना आना पड़े। इस दिशा में विभाग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वहाँ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, एक विशेष सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है, जिसके जरिए मैं स्वयं कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से सीधे अस्पतालों की निगरानी रखूँगा। इसके अतिरिक्त, समय-समय पर अस्पतालों का औचक निरीक्षण भी करूँगा तथा अपनी टीम को भी फील्ड में भेजूँगा। श्री निशांत ने कहा कि डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की अनुपस्थिति हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती रही है, जिसे सुधारने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में कुल 504 प्रकार की दवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना है, जिनमें से 350 दवाएँ वर्तमान में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा शेष दवाओं की आपूर्ति पर कार्य जारी है। दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। इसके लिए अधिकारियों को दवाओं की रैंडम टेस्टिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और तकनीशियनों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्य चल रहा है, ताकि सड़क दुर्घटना के शिकार मरीजों को गोल्डन ऑवर के भीतर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

### बच्चों को रोज स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किए जाएंगे अभिभावक : शिक्षा मंत्री

**» 4 जुलाई को राज्य भर में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन**

**पटना।** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में 4 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा, नियमित उपस्थिति और विद्यालय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति जागरूक व प्रेरित किया जाएगा।शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि संगोष्ठी में विशेष रूप से ड्रॉपआउट बच्चों के दोबारा नामांकन, विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, घर पर पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण बनाने, सरकारी शैक्षिक योजनाओं की जानकारी देने तथा विद्यालयों में उपलब्ध मौलिक सुविधाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। मालूम हो, 22 से 27 जून के बीच आयोजित स्वागत सप्ताह (बैक टू स्कूल अभियान) के दौरान 27 जून को कई विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के कारण अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन नहीं हो पाया था। इसे देखते हुए प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी कर 4 जुलाई को पीटीएम बुलाने का निर्देश दिया है। विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी वर्गवार होगी ताकि ज्यादा से ज्यादा अभिभावक भाग ले सकें। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इससे बच्चों के शैक्षणिक विकास में परिवार और विद्यालय की साझेदारी को और मजबूत बनाया जा सकेगा। अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से बच्चों की नियमित उपस्थिति, सीखने की गुणवत्ता तथा विद्यालय से जुड़ाव में सकारात्मक सुधार आएगा। इसी उद्देश्य से सभी विद्यालयों को संगोष्ठी की तैयारियों का निर्देश दिया गया है।

### राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में पठन पर्व शुरू, 7 तक चलेगा अभियान

**स्कूली बच्चों में पठन संस्कृति विकसित करने पर जोर**

**पटना।** राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में बुधवार से पठन पर्व की शुरूआत हो गई। बच्चों में पठन संस्कृति को प्रोत्साहित करने तथा भाषा दक्षता के विकास को गति देने के उद्देश्य से आयोजित यह विशेष अभियान 7 जुलाई तक चलेगा। पठन पर्व की थीम हर दिन कहानी, हर बच्चे की जुबानीह्न रखी गई है। मिशन निपुण बिहार के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुरू किए गए इस अभियान के पहले दिन कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए विशेष वाचन गतिविधि आयोजित की गई। इसके तहत बच्चों ने अपनी पसंदीदा भाषा; हिन्दी, उर्दू, बांग्ला, मैथिली या अंग्रेजी में कहानी, कविता या अनुच्छेद का 15 मिनट तक जोर-जोर से पाठ किया। सीनियर विद्यार्थियों ने छोटे बच्चों का सहयोग करते हुए उन्हें बेहतर ढंग से पढ़ने और समझने में मदद की।शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पठन पर्व की शुरूआत पर खुशी जताते हुए कहा कि यह अभियान बच्चों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाने, भाषा कौशल को मजबूत करने और सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि जब बच्चे नियमित रूप से पढ़ते हैं तो उनकी समझ, अभिव्यक्ति, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास का विकास होता है।विद्यालयों से मिली जानकारी के अनुसार बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस गतिविधि में भाग लिया। कई विद्यार्थियों के धाराप्रवाह और प्रभावशाली वाचन से वहां उपस्थित शिक्षक भी प्रभावित दिखे। वाचन के लिए सिलेबस के अलावा स्कूल की लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों तथा अन्य पठन सामग्रियों का उपयोग किया गया। सामग्री के चयन में बच्चों की आयु, रुचि और सीखने के स्तर का विशेष ध्यान रखा गया।

### संवेदनशील स्थलों की सतत निगरानी एवं वर्षा शुरू होते ही तत्काल फील्ड में सक्रिय होने के निर्देश

**पटना।** मानसून के मद्देनजर नगर आयुक्त ने बुधवार को पटना नगर निगम सभागार में गठित 19 क्विक रिस्पॉन्स टीमों के साथ समीक्षा बैठक की तथा जलजमाव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने सभी टीमों को अपने-अपने क्षेत्र के चिह्नित संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, सभी मैनहोल, कैचपिट एवं स्लैब की नियमित जांच करने तथा कहीं भी क्षति या अवरोध मिलने पर तत्काल संबंधित पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्षा शुरू होते ही बिना विलंब फील्ड में उतरकर जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रत्येक क्विक रिस्पॉन्स टीम को एक-एक वाहन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि बारिश के दौरान टीमें लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सकें और जलनिकासी कार्यों की निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर सकें। सभी टीमों को अपने क्षेत्र के ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन, नालों, अधिष्ठापित पंप सेटों तथा वहां कार्यरत कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्बाध जलनिकासी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि पटना नगर निगम के 75 वार्डों को 19 जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन में एक जोनल निरीक्षक एवं दो सफाई कर्मियों की क्विक रिस्पॉन्स टीम गठित की गई है। सभी टीमों को रेनकोट, टॉर्च, ग्लव्स सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी गियर) उपलब्ध कराए गए हैं।

# बिहार आईपीएल(सीजन - 01 पर गया टाइटंस और केकेआर ने जमाया कब्जा

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** राजधानी पटना के ऊर्जा स्टेडियम में सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च (स्पेक्ट्स) के तत्वावधान में खेले गए बिहार इंस्टिट्यूट प्रीमियर लीग (बिहार आईपीएल) के सीजन - 01 पर अंडर -13 आयु वर्ग में केकेआर और अंडर -17 आयु वर्ग में गया टाइटंस ने अपना कब्जा जमाया।आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने बताया अंडर - 13 आयु वर्ग में गया टाइटंस और केकेआर के बीच पहला फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें कटिहार नाइट राइडर ( केकेआर) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर हिमांशु यादव के 29 रन, आर्यन निधि के 25 रन और कौशिक के 21 रनों की उपयोगी पारी के सहारे 164 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।गया टाइटंस के गेंदबाज सत्यम और आदित्य कुमार सिंह ने दो-दो बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया जबकि अमन को एक सफलता हाथ लगी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया टाइटंस की शुरूआत बेहद खराब रही और 164 रन के लक्ष्य को प्राप्त करने के दबाव में 11.1 ओवर में महज 58 रन पर केकेआर के गेंदबाज अनीश के चार विकेट और आयुष रंजन के तीन विकेट के सामने घुटने टेक दिए और केकेआर ने 106 रनों के विशाल अंतर से बिहार आईपीएल सीजन -01 पर अपना कब्जा जमाया। केकेआर के गेंदबाज अनीश को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। जबकि बिहार आईपीएल का दूसरा फाइनल मुकाबला अंडर -17 आयु वर्ग में चंपारण सुपर किंग्स ( सीएसके) और गया टाइटंस ( जीटी) के बीच संध्या 7:00 बजे से खेली गई। जिसमें सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में 131 रन पर सिमट गई। सीएसके के एकमात्र बल्लेबाज रोहित राज सिंह ने 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि अदिद युसूफ ने 25 रन का योगदान दिया। गया टाइटंस के गेंदबाज शान कुमार न 3 विकेट, हिमांशु शेखर ने दो विकेट अंकुश राज और युवराज ने एक-एक विकेट चटकाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शान कुमार ने 33 रन की बहुमूल्य और उपयोगी पारी खेली जबकि कृष कुमार ने ताबड़तोड़ 32 रन की तेज तर्रार पारी खेलते हुए 17. 02 ओवर में चार विकेट से अपनी टीम को चैंपियन बनाते हुए बिहार आईपीएल सीजन - 1 पर अपना कब्जा जमा लिया। गया टाइटंस के सलामी बल्लेबाज शान कुमार को हरफनमौला प्रदर्शन 33 रन की उपयोगी पारी और 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल कर टीम को जीत दिलाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद अतिथि सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक सह बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय गांधीजी, भाजपा के पूर्व विधायक सह प्रवक्ता प्रेम रंजन पटेल, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ अमरदीप, बीसीए के पूर्व सचिव अमित कुमार, चंचल सिंह,भाजपा नेता धर्मवीर पटवर्धन,एसडीभी पब्लिक स्कूल के निदेशक सह पूर्व क्रिकेटर बलवंत सिंह, प्रगति मेड जी के निदेशक सचिंद्र कुमार, डॉ एम के सिंह, अभिषेक पटेल, बीसीसीआई लेवल- 2 कोच कुमार उत्तम , पूर्व क्रिकेटर सर्वेश हंसराज, विजेता और विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मोमेंटो, प्रमाण- पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

## बिहार के मंत्री दिलीप जयसवाल से मिलना आसान नहीं

नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा।**भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता होती है और जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को सुनने के लिए चुने जाते हैं। यदि जनता और कार्यकर्ताओं को अपने ही मंत्री से मिलने के लिए घंटों भटकना पड़े, तो यह व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई की सुबह बिहार के भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल के सरकारी आवास पर बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। इनमें केवल आम नागरिक ही नहीं, बल्कि भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी शामिल थे। लोगों की अपेक्षा थी कि मंत्री उनकी बात सुनेंगे, लेकिन उन्हें निराशा का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री आवास के बाहर मौजूद कर्मचारियों द्वारा लोगों को अलग-अलग निर्देश दिए जा रहे थे। पहले कहा गया कि भूमि विवाद से संबंधित लोग यहाँ नहीं मिलेंगे, फिर सूचना मिली कि मंत्री भाजपा कार्यालय में मिलेंगे। लोग दौड़ते, हांफते हुए वहां पहुंचे, लेकिन वहां भी लंबी प्रतीक्षा के बावजूद मुलाकात नहीं हो सकी। डॉ. पटेल ने कहा कि सुबह से दोपहर तक बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बुजुर्ग और दूर-दराज़ जिलों से आए लोग इंतजार करते रहे। उनके अनुसार कार्यालय परिसर में बैठने और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी समुचित प्रबंध नहीं था, जिससे लोगों को काफी असुविधा हुई। उनका कहना है कि कई लोग सीतामढ़ी, बक्सर, नालंदा, मुजफ्फरपुर, जमुई, गया और जहानाबाद जैसे जिलों से आए थे और घंटों इंतजार के बाद उन्हें बताया गया कि अगली मुलाकात अगले बुधवार को होगी। उन्होंने कहा कि यदि जनता को अपनी बात रखने के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ें और अंततः निराश होकर लौटना पड़े, तो इससे सरकार और संगठन दोनों की छवि प्रभावित होती है। जनता यह उम्मीद करती है कि उसके प्रतिनिधि सहज, सुलभ और संवेदनशील होंगे। डॉ. पटेल ने आग्रह किया कि मंत्रियों के जनता दरबार और मुलाकात की व्यवस्था पारदर्शी एवं व्यवस्थित होनी चाहिए। लोगों के लिए समय की स्पष्ट जानकारी, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि दूर-दराज़ से आने वाले नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का सम्मान केवल भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार से दिखाई देता है। जनप्रतिनिधियों की उपलब्धता और संवेदनशीलता ही जनता के विश्वास को मजबूत करती है। यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो लोगों में असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है।

# डॉक्टर्स डे पर पारस हेल्थ ने चिकित्सकों का किया सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ, पटना में सभी चिकित्सकों के सम्मान में "ग्रैटिट्यूड वीक" के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों के समर्पण, सेवा भावना और उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारस हेल्थ परिवार ने अपने नए ज़ोनल डायरेक्टर डॉ. दीपक सिंह का भी औपचारिक स्वागत एवं परिचय कराया। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों, नर्सिंग टीम तथा अन्य कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर पारस हेल्थ के ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री विनीत अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा, "डॉक्टर केवल मरीजों का उपचार नहीं करते, बल्कि उन्हें आशा, विश्वास और नया जीवन भी प्रदान करते हैं। पारस हेल्थ में हमारे डॉक्टरों की विशेषज्ञता, समर्पण और मानवीय संवेदनाएं हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। हमें विश्वास है कि डॉ. दीपक सिंह के नेतृत्व में हमारी टीम और अधिक सशक्त होगी तथा मरीजों को विश्वस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।" कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। पारस हेल्थ ने पुनः अपने संकल्प को दोहराया कि वह मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली, सुरक्षित और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम में डायरेक्टर जेनेरल सर्जरी डॉ. एए हई, डॉ. प्रकाश सिंहा, डॉ. कुमार अभिषेक, डॉ. अम्बुज कुमार, डॉ. निरज झा, डॉ. वीर अभिमन्यू पंडित, डॉ. कुमारी अर्चना, डॉ. विवेक रंजन, डॉ. रश्मि प्रसाद, डॉ. शेखर केसरी, डॉ. चंदन किशोर, डॉ. बिनीता सिंहा, डॉ. नाज़िया निगार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. शशि कुमार, डॉ. जावेद अनवर, डॉ. वेद प्रकाश आदि उपस्थित रहे। **पारस हेल्थ के बारे में:** पारस हेल्थ पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में कॉमन सर्विस सेंटर डिजिटल भारत की परिकल्पना को साकार करने का माध्यम : हरि

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**सकरा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति द्वारा स्थापित कॉमन सर्विस सेंटर का भव्य उद्घाटन समारोह बुधवार को ग्रामदृरतनपुर केवल, प्रखंड-सकरा, जिलादृमुजफ्फरपुर में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सहकारिता जगत के पदाधिकारियों, मत्स्यजीवी समाज के प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।समारोह का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता हरि सहनी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर तथा भगवान निषादराज गुह के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इसके उपरांत उन्होंने फीता काटकर कॉमन सर्विस सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप, प्रवीण कुमार ठाकुर, मिथिला दरभंगा क्षेत्रीय मत्स्यजीवी सहकारी संघ के निदेशक लालबाबू सिंह, सारण मंडल के निदेशक प्रदीप सहनी, सकरा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष श्री अरविन्द मुरैया, सचिव श्री जनेन्द्र मुखिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।उद्घाटनकर्ता हरि सहनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कॉमन सर्विस सेंटर डिजिटल भारत की परिकल्पना को साकार करने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मत्स्यजीवी परिवारों को बैंकिंग, बीमा, आधार, पैन, आयुष्मान भारत, पेंशन, छात्रवृत्ति, विभिन्न प्रमाण-पत्रों तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगा। उन्होंने कॉम्फेड एवं सकरा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे मत्स्यजीवी समाज के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। कॉम्फेड के प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कहा कि कॉम्फेड का लक्ष्य बिहार के प्रत्येक मत्स्यजीवी परिवार को डिजिटल सेवाओं, सरकारी योजनाओं एवं स्वरोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से एनएफडीपी पंजीकरण, मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, विभिन्न प्रकार की बीमा योजनाएँ, बैंकिंग सेवाएँ, डिजिटल भुगतान, पैन कार्ड, आधार सेवाएँ, आयुष्मान भारत, प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी अनेक सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

## कला पुरुष एवं वरिष्ठ पत्रकार और विश्व मोहन चौधरी संत के 62 में जन्मोत्सव पर 35 वी बार " ग्लोरी आफ बिहार" अवार्ड " दिया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बिहार कला व सांस्कृतिक विकास परिषद के बैनर तले 35 वी "ग्लोरी और बिहार" अवार्ड का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने किया और मुख्य अतिथि कुमार विधानसभा के विधायक संजय कुमार गुप्ता विशिष्ट अतिथि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता प्रत्यूष नंदन, मानवाधिकार नेता डॉ आनंद मोहन झा, डॉक्टर भवानी शारदे आदिथे। अतिथियों के हाथों सर्वप्रथम "ग्लोरी आफ बिहार" अवार्ड प्रतिभावान व्यक्तियों को दिया गया जिसमें नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजीव कुमार सुमन, फिल्म निर्देशक अभिनेता नागेंद्र कुमार साहित्य सृजन में नीतू झा साथ ही दर्जन को सम्मानित प्रतीक चिन्ह अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र देकर किया गया। संस्कृत कार्यक्रम के दौर में स्वागत भाषण आलोक चोपड़ा ने सभी लोगों किया। अवसर था कला संस्कृत पुरुष व वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी "संत"के 62 में जन्मोत्सव का । स्वागत गान रिया,वैष्णवी एवं ईशा कुमारी ने "किस तरह से नमन करूं " गाकर किया। कुमारी ईशा ने जो यशोमती मैया से गाने को स्वर दिया। "राम आएंगे " गीत पर वैष्णवी, इशा और रिया ने लोगों को अमिट छाप छोड़ी। डॉ भवानी शारदे ने झूमर और कजरी गाकर अपना जौहर दिखाई, साथी मनोज मुक्त ने अपने कला गायन से लोगों को सरोवर किया। कार्यक्रम संयोजक आलोक चोपड़ा ने खुद अपने गायन से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया साथ नाल पर संगत कर रहे थे उमेश कुमार। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में कला पुरुष वरिष्ठ पत्रकार विश्वमोहन चौधरी संत और शॉल ओढ़ा कर बुके देकर अभिवादन किया। साथ ही सभी अतिथियों ने ,पूजा ,ऋषि,आशीष सिन्हा ,अभिषेक,मनोज,मणिमोहन आदि लोगों ने जन्मदिन की ढेर सारी बधाई दी और केक काटा गया और सभी में वितरित की गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार शर्मा उर्फ मुन्ना ने किया।

## दुकान में चोरी करने वाले एक बदमाश को किया पुलिस के हवाले

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।**दानापुर थाना क्षेत्र के तकीयपर स्थित कृष्णा नमकीन भंडार से नगद रुपए एवं जेवरात चोरी करने वाले एक बदमाश को स्थानीय लोगों ने पड़कर जमकर पीटाई कर पुलिस के हवाले किया है। पकड़ा गया बदमाश गाभतल के रहने वाला आदित्य है। पीड़ित दुकानदार अर्चना ने कहा कि उसका कृष्णा नमकीन भंडार का दुकान है। बीती रात दुकान बंद करके ऊपरी हिस्से में बने घर में सोने चली गई थी। बुधवार की सुबह वह दुकान खोलने गई तो देखी कि उसकी दुकान का एक पल्ला ताला टूटा पड़ा है, और भीतर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है। पीड़िता ने बताया कि दुकान में रखे गल्ले में करीब 80 हजार रुपए नगद एवं अन्य लोगों के सोने चांदी के लाखों के जेवरात रखें थे। वह सभी गायब थे। आसपास के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगालना शुरू की तो पता चला कि पास के ही रहने वाले आदित्य एवं तीन अन्य हमारे दुकान में चोरी किया नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने उनकी खोज की तो आदित्य पकड़ा गया। बाकी दो अन्य बदमाश फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि एक दिन पहले यह बदमाश हमारे दुकान पर सामान खरीदने आया था। पैसे मांगने पर उसने भुगतान करने से इनकार कर दिया था और सामान नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी थी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया, 'चोरी के संदेह में स्थानीय लोगों ने एक युवक को पुलिस के हवाले किया है। पीड़ित द्वारा अभी तक कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष समकालीन अभियान में शराब, पॉक्सो व वारंट मामलों के सात आरोपी गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।**सुगौली थाना पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान के तहत विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियान के दौरान शराब कांड में फुलवरिया निवासी भोला साह पिता- देवनारायण शाह को गिरफ्तार किया गया। वहीं पॉक्सो कांड में श्रीपुर निवासी रामबाबू सिंह (पिता- सुदामा सिंह) तथा मधुबन थाना क्षेत्र के सिरौली निवासी सूरज कुमार (पिता- हरेन्द्र बैठा) को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कुर्की वारंटी के रूप में रोशनपुर सपहा निवासी सुग्रीव राम पिता- मदन लाल राय एवं मधुमालती निवासी शिवनंदन सहनी पिता- जंगबहादुर सहनी को गिरफ्तार किया गया। वहीं वारंटी के रूप में लक्ष्मीपुर निवासी राजदेव राय पिता- नथुनी राय तथा मधुमालती निवासी लालबहादुर राम पिता- बासुदेव राम को भी गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अभियान के दौरान वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई जारी रहने की बात पुलिस ने कही।

# श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज और प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना सिटी।**युवाओं को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज पटना सिटी और प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन MOU पर हस्ताक्षर हुए। इस साझेदारी से अब कॉलेज के छात्रों को प्रतिष्ठित एनजीओ में इंटर्नशिप और वॉलेंट्रीयरशिप करने और समाज सेवा के प्रोजेक्ट्स पर काम करने का सीधा अवसर मिलेगा। **क्लासरूम से सीधे जमीनी स्तर तक :** एमओयू के तहत हर सेमेस्टर में चयनित छात्र प्रेम यूथ फाउंडेशन के अभियानों से जुड़ेंगे। इनमें गंगा सफाई अभियान, प्लास्टिक मुक्त पटना, विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम, लू राहत शरबत वितरण, रक्तदान शिविर और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ रमेश प्रसाद ने एमओयू साइन करने के बाद कहा, "NEP 2020 की भावना यही है कि शिक्षा समाज से कटे नहीं। जब छात्र धूप में खड़े होकर गंगा साफ करेंगे, मजदूरों को शरबत पिलाएंगे, तो उनमें सामाजिक दायित्व और नेतृत्व दोनों विकसित होगा। यही डिग्री से बड़ी सीख है। **गांधी जी के आदर्शों पर चलेगी ट्रेनिंग :** प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि फाउंडेशन में इंटर्नशिप और वॉलेंट्रीयरशिप निःशुल्क होता है । फाउंडेशन गांधीवादी मूल्यों पर काम करती है। उन्होंने कहा, "हम छात्रों को सिर्फ वॉलेंटियर नहीं बनाएंगे। उन्हें प्रोजेक्ट प्लानिंग, टीम लीड, मीडिया हैंडलिंग और फंड रेजिंग सिखाएंगे। इंटर्नशिप पूरी करने पर । सर्टिफाइड सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा । मौके पर एनइपी कौडिनेटर डॉ जन्मेजय कुमार , डॉ अमरेंद्र नाथ तिवारी , डॉ. उमेश कुमार, डॉ. एमएसटी असलम, डॉ. सुनील कुमार एन एसएस के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ मोहम्मद तकी मौजूद रहे ।

# ईथा का दमदार टीजर जारी

## विठाबाई नारायणगांवकर बनकर तहलका मचाने आईं श्रद्धा कपूर





श्रद्धा कपूर को आखिरी बार ब्लॉकबस्टर फिल्म स्त्री 2 (2024) में देखा गया था। अब वह अपनी बहुचर्चित फिल्म ईथा के जरिए बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर पहली बार शाहिद कपूर की फिल्म कॉकटेल 2 के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था।

अब निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर ईथा का टीजर यूट्यूब पर जारी कर दिया है। इसमें अभिनेत्री पहली बार बिल्कुल अलग किरदार में दिखी हैं। टीजर की शुरुआत भावनात्मक और चौंकाने वाले क्षण से होती है। तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के रूप में, श्रद्धा स्टेज के पीछे अकेले नवजात को जन्म देती हैं और अगले ही लावणी की तैयारी में लग जाती हैं। वह कहती हैं, पड़े पड़े मरी तो बेचारी कहलाऊंगी पर नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी। फिल्म का टीजर बेहद दमदार है। रणदीप हुड्डा और जीशान अय्यूब भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह 28 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टीजर में श्रद्धा कपूर की गंभीर अभिव्यक्ति, देहाती परिवेश और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है। फिल्म 'ईथा महाराष्ट्र की प्रसिद्ध लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित बताई जा रही है। विठाबाई को तमाशा कला की दुनिया का बड़ा नाम माना जाता है। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत और अद्भुत प्रतिभा के दम पर लोक कला को नई पहचान दिलाई थी। फिल्म में उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं को दिखाया जाएगा, जिसमें कला के प्रति समर्पण, सामाजिक चुनौतियां और व्यक्तिगत संघर्ष प्रमुख रूप से शामिल हैं। फिल्म की पहली झलक से साफ है कि श्रद्धा कपूर ने इस किरदार के लिए काफी मेहनत की है। उनके लुक, बॉडी लैंग्वेज और भाव-भंगिमाओं में एक लोक कलाकार की छवि साफ नजर आती है। लंबे समय बाद श्रद्धा किसी ऐसी बायोपिक का हिस्सा बनी हैं, जिसमें उन्हें अपने अभिनय की नई परतें दिखाने का मौका मिलेगा। दर्शकों को इस फिल्म में उनका एक परिपक्व और भावनात्मक रूप देखने को मिल सकता है।

# कॉकटेल 2 को वेलकम टू द जंगल से नहीं पड़ा फर्क,

## दुनियाभर में बना डाला ये रिकॉर्ड

होमी अदजानिया की रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म कॉकटेल 2 रिलीज होते ही छा गई है. फिल्म को सोशल मीडिया पर जहां फैंस की ओर से पॉजिटिव रिस्पांस मिला वहीं, फिल्म को क्रिटिक्स ने भी काफी सराहा. वेलकम टू द जंगल की रिलीज के बाद माना जा रहा था कि इसकी कमाई पर असर पड़ सकता है. लेकिन ऐसा नहीं हो पाया. फिल्म ने 10वें दिन के कलेक्शन के बाद एक और रिकॉर्ड बना दिया, जो कि कृति सेनन के करियर का बड़ा रिकॉर्ड है. शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म कॉकटेल 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है. फिल्म ने वर्ल्डवाइड धांसू कमाई की, जिसकी कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं. ऑफिशियल आंकड़ों की मानें तो 10वें दिन की कमाई के बाद फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 143.18 करोड़ पहुंच गया है. इसके साथ ही अगर फिल्म कॉकटेल 2 के इंडिया बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में बात की जाए तो सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने अपने दूसरे संडे को 4.40 करोड़ का बिजनेस किया. वहीं, फिल्म ने अपने दूसरे वीकेंड कलेक्शन में 12.65 करोड़ का कलेक्शन किया. ऑफिशियल आंकड़ों के अनुसार, कॉकटेल 2 का इंडिया ग्रॉस कलेक्शन 104.33 करोड़ और इंडिया नेट कलेक्शन 88.41 करोड़ रहा. फिल्म ने ओवरसीज में 38.85 करोड़ की कमाई की. इसके साथ ही कॉकटेल 2 कृति सेनन की 7वीं हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म बन चुकी है. कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार, नेट कलेक्शन के मामले में इसने तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (87 करोड़) को पछाड़ दिया है. लेकिन वर्ल्डवाइड ये इस फिल्म को पीछे करने में थोड़ी सी चूक गई. इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 143.66 करोड़ था, जबकि कॉकटेल 2 दुनियाभर में 10 दिनों में 143.18 करोड़ की कमाई कर चुकी है. लेकिन ये 11वें दिन की कमाई के बाद कृति सेनन की वर्ल्डवाइड 6वीं हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन जाएगी. इसके अलावा कॉकटेल 2 शाहिद कपूर के करियर की तीसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म भी बन चुकी है. कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म का नेट कलेक्शन 88.41 करोड़ हो गया है और इसी के साथ ही इसने टॉप 3 में एंट्री भी मार ली है. बहरहाल, अगर कॉकटेल 2 के बारे में बात की जाए तो साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है. फिल्म के पहले पार्ट में सैफ अली खान, डायना पेंटी और दीपिका पादुकोण को लीड रोल में दिखाया गया था. अब इसके सीक्वल में सैफ अली खान, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन लीड रोल में हैं. हालांकि, रश्मिका कहना था कि ये सिर्फ कॉकटेल का सीक्वल है लेकिन इसकी कहानी और कैरेक्टर्स से इसका कोई लेना देना नहीं.



# आकांक्षा चमोला ने किया गौरव खन्ना से तलाक लेने का ऐलान

छोटे परदे की अभिनेत्री आकांक्षा चमोला ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया, जिसने सभी को चौंका दिया। रियलिटी शो 'लॉक अप 2' के पहले ही एपिसोड में शो की होस्ट फराह खान के सामने आकांक्षा ने खुलासा किया कि वह और उनके पति तथा टीवी अभिनेता गौरव खन्ना अब अपने वैवाहिक रिश्ते को समाप्त करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ने आपसी सहमति से तलाक लेने का फैसला किया है। आकांक्षा चमोला ने बताया कि वह और गौरव खन्ना पिछले लगभग एक वर्ष से अलग रह रहे हैं। हालांकि, इस दौरान उन्होंने अपने अलगाव की जानकारी सार्वजनिक नहीं की और इसे निजी ही रखा। उनके अनुसार, यह फैसला किसी विवाद, झगड़े या कटुता का परिणाम नहीं है, बल्कि दोनों ने आपसी समझदारी से यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उनके बीच आज भी सम्मान और संवाद कायम है, लेकिन समय के साथ उन्हें महसूस हुआ कि जीवन को लेकर दोनों की प्राथमिकताएं और सोच अब अलग हो चुकी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रिश्ते में दूरी आने की शुरुआत उस समय हुई थी, जब गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' में हिस्सा लिया था। उस दौरान परिवार के सदस्यों ने दोनों को कुछ समय अलग रहने की सलाह दी थी, ताकि वे अपने रिश्ते को बेहतर ढंग से समझ सकें। उम्मीद थी कि दूरी उन्हें एक-दूसरे के करीब ले आएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आकांक्षा के मुताबिक, अलग रहने के बाद भी कई मौकों पर दोनों साथ नजर आए, जिससे लोगों को लगा कि वे अपने रिश्ते को एक और मौका देंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि अब उनके बीच पति-पत्नी जैसा भावनात्मक जुड़ाव नहीं बचा है। ऐसे में केवल रिश्ता निभाने के लिए साथ रहना उन्हें उचित नहीं लगा और इसी कारण दोनों ने अलग होने का निर्णय लिया। गौरव खन्ना और आकांक्षा चमोला ने वर्ष 2016 में विवाह किया था। दोनों की शादी को करीब नौ साल हो चुके हैं। गौरव खन्ना टीवी धारावाहिक 'अनुपमा' से घर-घर में लोकप्रिय हुए। इससे पहले 'बिग बॉस 19' के दौरान उन्होंने पिता बनने की इच्छा भी जाहिर की थी। उस समय उन्होंने कहा था कि आकांक्षा फिलहाल मां बनने के लिए तैयार नहीं थीं, क्योंकि दोनों अपने-अपने करियर में व्यस्त थे और बच्चे की जिम्मेदारी किसी अन्य व्यक्ति पर नहीं छोड़ना चाहते थे। उस समय उनके इस बयान को लेकर भी काफी चर्चा हुई थी।




# वेलकम टू द जंगल बॉक्स ऑफिसः पहले वीकेंड 100 करोड़ के करीब, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 93.20 करोड़ तक पहुंचा

मल्टी स्टारर कॉमेडी ड्रामा फिल्म वेलकम टू द जंगल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना पहला शानदार वीकेंड पूरा कर लिया है. फिल्म ने तीसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी सफलता का सिलसिला जारी रखा. है. इंडस्ट्री ट्रेड ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने भारत में तीसरे दिन 24.75 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. फिल्म के तीसरे दिन 10,867 शो चले, जिससे इसका कुल भारतीय ग्रॉस कलेक्शन 76.50 करोड़ रुपये और कुल नेट कलेक्शन 63.75 करोड़ रुपये हो गया है. इस फिल्म ने तीसरे दिन भी विदेशों में 6 करोड़ रुपये की कमाई की, जिससे इसका कुल विदेशी कलेक्शन 16.70 करोड़ रुपये हो गया. इसके साथ ही, इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 93.20 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. हालांकि यह कॉमेडी फिल्म 26 जून को रिलीज हुई थी, लेकिन इसके पेड प्रीव्यू एक दिन पहले ही शुरू हो गए थे. फिल्म ने पहले गुरुवार को पेड प्रीव्यू के साथ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी. 2,494 शो में इसने भारत में 3.75 करोड़ रुपये



का नेट कलेक्शन किया था, जिसमें ऑक्यूपेंसी 26 प्रतिशत रही थी. पहले शुक्रवार, डे 1 को फिल्म ने 10,892 शो में 15.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जिसमें ऑक्यूपेंसी फिर से 26 प्रतिशत रही. दूसरे दिन शनिवार, डे 2 को फिल्म ने 10,396 शो में 20 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिसमें ऑक्यूपेंसी बढ़कर 33 प्रतिशत हो हुआ. तीसरे दिन फिल्म ने भारत में 24.75 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जबकि उस दिन इसकी ऑक्यूपेंसी 41 प्रतिशत रहा. सुबह के शो में 18.23 प्रतिशत दर्शक मौजूद रहे, जो दोपहर के शो में बढ़कर 52.69 प्रतिशत और रात के शो में 65.15 प्रतिशत हो गए. मेट्रो सिटी में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सबसे अधिक 954 शो चले, जिनमें से 47.5 प्रतिशत सीटें भरी गईं. मुंबई में 752 शो चले और 49 प्रतिशत सीटें भरी गईं, जबकि अहमदाबाद में 595 शो चलाए और तीनों शहरों में सबसे अधिक 58.8 प्रतिशत सीटें भरी गईं. वेलकम टू द जंगल, वेलकम फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है, जिसमें सीमा के पास एक जंगल में गुंडों, अपराधियों और सनकी किरदारों के एक ग्रुप की कहानी दिखाई गई है, जिनके जीवन आपस में टकराते हैं. एक फिल्म शूटिंग जैसी दिखने वाली शुरुआत धीरे-धीरे अपराध, एक्शन और हास्य से भरपूर रोमांचक घटनाओं की एक सीरीज में बदल जाती है. फिल्म में दिग्गज अदाकारा फरीदा जलाल अपनी कमाल की कॉमेडी से दर्शकों को खूब लोटपोट कर रही हैं. अक्षय कुमार फिल्म का पूरा जिम्मा अपने ऊपर उठाए हुए है. बाकी के कलाकार ने भी फिल्म में अपनी कॉमेडी से जान फूंकने का काम किया है.

# फर्श की टाइल्स का रंग हो गया है पीला? इन 5 तरीकों से दोबारा करें सफेद





फर्श की टाइल्स को साफ रखना एक मुश्किल काम हो सकता है, खासकर जब उनका रंग पीला पड़ने लगे। यह समस्या आमतौर पर गंदगी, तेल और अन्य गंदे पदार्थों के कारण होती है, जो टाइल्स के ऊपर जमा हो जाते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से आप बिना ज्यादा मेहनत के अपने फर्श की टाइल्स को फिर से चमकदार और सफेद बना सकते हैं।

**बेकिंग सोडा और पानी का करें इस्तेमालः** फर्श की टाइल्स को साफ करने के लिए आप बेकिंग सोडा और पानी का घोल बना सकते हैं। इसके लिए एक कप बेकिंग सोडा में थोड़ा पानी मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को टाइल्स पर लगाकर कुछ मिनट छोड़ दें, फिर इसे ब्रश से रगड़ें। इससे गंदगी और दाग हट जाएंगे और टाइल्स फिर से चमकदार हो जाएंगी। यह तरीका न केवल असरदार है, बल्कि सुरक्षित भी है, क्योंकि इसमें कोई हानिकारक केमिकल नहीं होता है।

**सिरका और पानी का बनाएं मिश्रणः** सिरका और पानी का घोल भी फर्श की टाइल्स को साफ करने का एक अच्छा तरीका हो सकता है। इसके लिए एक बाल्टी पानी में 2-3 कप सफेद सिरका मिलाएं और इस मिश्रण को स्पंज या झाड़ू की मदद से पूरे फर्श पर फैलाएं। कुछ देर के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें, फिर साफ पानी से धो लें। इससे न केवल टाइल्स की गंदगी हटेगी, बल्कि उनका रंग भी फिर से चमकदार हो जाएगा।

**नींबू के रस का करें उपयोग :** नींबू का रस प्राकृतिक रूप से सतह को सफेद करने वाला होता है, जिसे आप टाइल्स पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक नींबू काटकर उसका रस सीधे दाग वाले हिस्से पर निचोड़ें और कुछ देर के लिए छोड़ दें, फिर ब्रश से रगड़ें। इससे दाग आसानी से हट जाएंगे और टाइल्स का रंग भी फिर से चमकदार हो जाएगा। यह तरीका न केवल असरदार है, बल्कि सुरक्षित भी है, क्योंकि इसमें कोई हानिकारक केमिकल नहीं होता है।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइड आएगा कामः** हाइड्रोजन पेरॉक्साइड एक शक्तिशाली क्लीनर होता है, जिसे आप फर्श की टाइल्स पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कप हाइड्रोजन पेरॉक्साइड को 2 कप पानी में मिलाकर स्प्रे बोतल में भर लें और इसे दाग वाले हिस्से पर स्प्रे करें, फिर ब्रश से रगड़ें। इससे दाग आसानी से हट जाएंगे और टाइल्स का रंग भी फिर से चमकदार हो जाएगा। इसे इस्तेमाल करने के बाद एक बार पानी से दोबारा टाइल्स साफ कर लें।

**सॉफ्ट ब्रश या स्पंज होगा उपयोगीः** फर्श की टाइल्स को साफ करने के लिए सॉफ्ट ब्रश या स्पंज का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है, ताकि उन पर खरोंच न आएं। कठोर ब्रश या झाड़ू का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि इससे टाइल्स पर खरोंच पड़ सकती हैं और उनका रंग भी फीका पड़ सकता है। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप फर्श की टाइल्स को आसानी से साफ कर सकते हैं और उनका रंग फिर से चमकदार बना सकते हैं।

# 'डिटेक्टिव बूमराह एंड द किलर' का फर्स्ट लुक जारी



नई सीरीज 'डिटेक्टिव बूमराह एंड द किलर' का फर्स्ट लुक जारी हो गया है। अभिनेता सुधांशु राय की यह नई सीरीज भारत की पहली सुपरनैचुरल जासूसी थ्रिलर है, जिसे एआई की मदद से बनाया गया है। सीरीज में नया शोह बूमराह के मशहूर किस्सों को एक नए लेवल पर ले जाने को तैयार किया गया है, जिसमें जासूसी के साथ-साथ भूतिया और पौराणिक कहानियों का जबरदस्त तड़का देखने को मिलेगा। सबसे खास बात यह है कि एआई तकनीक से बने शोज बेहद अनोखा फील कराते हैं। इसका फर्स्ट लुक दर्शकों के सामने एक खौफनाक कहानी पेश करता है, जहां एक रहस्यमयी ताकत अपने शिकार का सात जन्मों तक पीछा करती है और मौका मिलते ही उसकी आत्मा पर कब्जा कर लेती है। जब यह खौफनाक साया एक मासूम बच्ची को अपना निशाना बनाता है, तब हमारा डिटेक्टिव बूमराह ढाल बनकर खड़ा हो जाता है। सीरीज की जड़ें सुधांशु राय के उस जासूसी किरदार से जुड़ी हैं, जिसे पॉडकास्ट और कहानियों के जरिए लोग पहले से ही बहुत प्यार दे रहे हैं। इस बार डिटेक्टिव बूमराह अपनी जिंदगी के सबसे खतरनाक और डरावने केस को सुलझाने मैदान में उतर रहे हैं। शो की बागडोर खुद सुधांशु राय और पुनीत शर्मा के हाथों में है, जिन्होंने मिलकर इस पूरी कहानी को विजुअलाइज किया है। सुधांशु राय ने न सिर्फ इस सीरीज को लिखा है, बल्कि बूमराह के किरदार को अपनी दमदार आवाज भी दी है। वहीं दिव्यांश शर्मा ने एआई टूल्स का इस्तेमाल करके इसके विजुअल्स और एडिटिंग को इतना शानदार बनाया है कि सीरीज का डरावना माहौल बिल्कुल असली लगने लगता है। इस प्रोजेक्ट को सेंट्स आर्ट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले सुधांशु, मनीषा शर्मा और पुनीत शर्मा ने प्रोड्यूस किया है। ये वही मेकर्स हैं जिन्होंने 'बैदा' और 'चायपत्ती' जैसी फिल्में बनाई थीं। इस बार उन्हें मदर स्पर्श ब्रांड और उसके फाउंडर हिमांशु गांधी का भी पूरा सपोर्ट मिला है। सीरीज को लेकर सुधांशु राय ने बताया कि डिटेक्टिव बूमराह हमेशा से उन गुत्थियों को सुलझाता आया है जो इंसानी दिमाग की समझ से बाहर होती हैं। उनका कहना है कि इसके जरिए वे दर्शकों को एक ऐसा जासूसी और सुपरनैचुरल एक्सपीरियंस देना चाहते हैं, जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा।

# बेल्जियम दौरे में शीर्ष यूरोपीय टीमों से खेलेगी भारतीय जूनियर हॉकी टीम

▪ डिफेंडर अनमोल करेंगे कप्तानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय जूनियर पुरुष अंडर-21 हॉकी टीम 5 से 18 जुलाई तक बेल्जियम दौरे पर रहेगी। इसमें डिफेंडर अनमोल इक्का की कप्तानी में 22 सदस्यीय टीम को बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, जर्मनी और नीदरलैंड जैसी शीर्ष यूरोपीय टीमों से खेलना है। टीम के नए मुख्य कोच फ्रेडरिक सोयेज के मार्गदर्शन में ये भारतीय टीम का पहला दौरा है। इस दौरे से टीम को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर एशिया कप की तैयारियों में भी सहायता मिलेगी।

यूरोपीय टीमों के खिलाफ होने वाले इस दौरे में भारतीय टीमके युवा खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिलेगा। यह टीम को अपने संयोजन, रणनीति और खेल के विभिन्न पहलुओं को आंकने का भी अवसर देगा। इससे युवा खिलाड़ियों को उच्च दबाव वाले मैचों में प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता को विकसित करने में मदद मिलेगी, जो भविष्य के बड़े टूर्नामेंटों के लिए अहम है।

इस दौरे पर भारतीय टीम कुल छह चुनौतीपूर्ण मुकाबले खेलेगी। टीम ऑस्ट्रिया और मेजबान बेल्जियम के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि जर्मनी और नीदरलैंड जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ एक-एक मुकाबला होगा। भारतीय टीम 7 और 8 जुलाई को– ऑस्ट्रिया, 10 जुलाई को बेल्जियम, 13 जुलाई को जर्मनी, 14 जुलाई को बेल्जियम, 17 जुलाई को नीदरलैंड से खेलेगी।

## वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में बदलाव कर सकता है पाकिस्तान

**एजेंसी, लाहौर** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चयन समिति ने आगामी वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में बदलाव के संकेत दिये हैं। इसी के तहत ही टीम से अनुभवी तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को बाहर किया जा सकता है। इनकी जगह घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, चयन समिति सीनियर गेंदबाजों को टीम में शामिल करने के पक्ष में नहीं हैं। शाहीन के अलावा हसन अली और नोमान अली को भी टीम से बाहर किया जा सकता है। वहीं 27 साल के युवा खुर्रम शहजाद और अनकैप्ड खिलाड़ी उबैद शाह को टेस्ट सीरीज में अवसर मिल सकता है।

## इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए नितीश का फिट होना संदिग्ध

**एजेंसी, मुम्बई**



भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी का इंग्लैंड के खिलाफ 14 जुलाई से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। इसका कारण ये है कि नितीश कुमार अभी तक अपनी चोट से उबर नहीं पाये हैं। इसी कारण वह अभी तक अपना रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम भी शुरू नहीं कर पाये हैं जबकि सीरीज शुरु होने में अभी केवल 15 दिन ही शेष हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने इस ऑलराउंडर को अभी आराम करने को कहा है जिससे वह फिटनेस हासिल कर सकें। गौरतलब है कि इस खिलाड़ी को अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान बाएं पैर की मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। इस चोट के कारण ही वह दूसरे एकदिवसीय से बाहर रहे थे। तीसरे और अंतिम मुकाबले में उन्होंने दर्द के बावजूद वापसी की थी जिससे उनकी चोट ओर बढ़ गयी। ऐस में दर्द बढ़ने के कारण उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर रहना पड़ा था। नितीश अगर फिट नहीं होते तो भारतीय टीम की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। उन्हें अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के फिट नहीं होने के कारण अवसर दिया गया था पर अब वह स्वयं चोटिल हो गये हैं। अगर वह तय समय तक फिट नहीं होते हैं तो युवा ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को टीम में अवसर मिल सकता है। सूर्यांश ने हाल ही में श्रीलंका में खेली गई एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतरराष्ट्रीय टी20 डेब्यू में भी मौका पाया था, जहां उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर एक विकेट लिया था। लिस्ट-ए क्रिकेट में, शेडगे ने 15 मुकाबलों की 13 पारियों में 21.50 की औसत और 101.97 के स्ट्राइक रेट से 258 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में, उनके नाम 11 विकेट दर्ज हैं, जिसमें एक शानदार चार विकेट हॉल भी शामिल है।वहीं एक दूसरा विकल्प शिवम दुबे हो सकते हैं, जिन्होंने अपनी हालिया आयरलैंड टी20 सीरीज में गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा था, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए थे।

## वैभव के लिए भी हमने रणनीति बनायी : हैरी ब्रूक

**एजेंसी, लंदन**



इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ पहले टी20 मैच में अगर वैभव सूर्यवंशी उतरते हैं तो उनसे मुकाबले के लिए हमारी टीम तैयार हैं। ब्रूक के अनुसार उन लोगों ने वैभव से निपटने की रणनीति बना ली है। अभी ये तय नहीं है कि भारतीय टीम वैभव को पहले टेस्ट में उतारती है या नहीं। वहीं मेजबान टीम के कप्तान ने साफ कर दिया है कि इंग्लैंड दोनों ही हालातों के लिए तैयार है। ब्रूक ने कहा, हमन पर प्रकार से तैयारी की है। जिससे इस बल्लेबाज पर अंकुश लगाया जा सके। दूसरी ओर अपने डेब्यू का इंतजार कर रहे वैभव ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन किया है जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। इससे पहले कोलंबो में भारत ए और श्रीलंका ए के बीच हुई एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में इस बल्लेबाज ने केवल 29 गेंदों में ही 94 रन बना दिये थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में भी उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा। वह लीग में सबसे ज्यादा रन बनने में सफल रहे। अब देखना होगा कि पहले टी20 में उन्हें अवसर मिलता है या नहीं। वहीं अगर वह मैदान पर उतरते हैं, तो इंग्लैंड की टीम एक तय रणनीति के साथ उन्हें शुरुआत में ही आउट करने के प्रयास करेगी। वहीं वैभव को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी बल्लेबाजी का आंकलन करने का अवसर मिलेगा।

## बांग्लादेशी गेंदबाज ताइज़ुल ने 19वीं बार पांच विकेट लेकर बनाया रिकार्ड

एजेंसी, हरारे। यहां खेले गये एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच में भले ही बांग्लादेश को जिम्बाब्वे से हार का सामना करना पड़ा हो पर इस मुकाबले में बांग्लादेशी स्पिनर ताइजुल इस्लाम ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किय है। ताइजुल अब टेस्ट क्रिकेट में एक मामले में ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क से भी आगे निकल गए हैं। ताइजुल ने जिम्बाब्वे की पहली पारी में 40.2 ओवरों में केवल 138 रन देकर 7 विकेट लिए। इस प्रकार ताइजुल ने अपने टेस्ट करियर में 19वीं बार पांच विकेट लिए हैं। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ही ताइजुल ने कई रिकार्ड तोड़े हैं। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के गेंदबाजों में शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। इस प्रकार उन्होंने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान और दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के 19 बार पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम टेस्ट में 18 बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। ताइजुल का यह मुकाम हासिल करना इसलिए भी खास है क्योंकि उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 107 टेस्ट पारियों में हासिल की है।

## अब ऑस्ट्रेलिया की जगह पुर्तगाल से खेलेंगे हेनरिक्स

**एजेंसी, सिडनी**




ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर मोइसेस हेनरिक्स ने कहा है कि अब वह अपनी ऑस्ट्रेलिया छोड़कर अपने जन्मस्थान पुर्तगाल की ओर से खेलेंगे। हेनरिक्स का कहना है कि उनका लक्ष्य 2028 टी20 विश्वकप में पुर्तगाल को क्वालिफाई कराना है। हेनरिक्स के इस कदम से एसोसिएट टीम पुर्तगाल को काफी लाभ होगा। इससे उसके लिए वैश्विक मंच पर पहचान बनाना आसान होगा। गौरतलब है कि हेनरिक्स का जन्म पुर्तगाल के मदीरा द्वीप पर हुआ था पर वह क्रिकेट करियर के लिए ऑस्ट्रेलिया आ गये थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई टीम के टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 तीनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। अगस्त 2021 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। आईसीसी के नियमों के अनुसार, किसी पूर्वकालिक सदस्य देश से एसोसिएट राष्ट्र के लिए खेलने से पहले खिलाड़ी को तीन साल का अनिवार्य अंतराल पूरा करना होता है। यह अवधि अब पूरी हो चुकी है, जिसके बाद हेनरिक्स पुर्तगाल के लिए खेलने के योग्य हो गए हैं। अब हेनरिक्स फिनलैंड में होने वाले यूरोप सब-रीजनल क्वालिफायर में पुर्तगाल की ओर से मैदान पर उतरेंगे। यह क्वालिफायर 2028 के टीम 20 विश्व कप के यूरोपीय क्वालिफिकेशन चरण में जगह बनाने के लिए जरुरी है।

# बिजनेस

## रियासत लाइफ स्टाइल के शेयरों ने किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**




एथनिक वियर बनाने वाली कंपनी रियासत लाइफ स्टाइल ने जोरदार गिरावट के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 106 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 84.80 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बनने पर कंपनी के शेयर कुछ देर में ही 80.60 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 25.40 रुपये यानी 23.96 प्रतिशत का झटका लग चुका है। रियासत लाइफ स्टाइल का 30.20 करोड़ रुपये का आईपीओ 18 से 25 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.32 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 20.33 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.44 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 28,48,800 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने चार नए शोरुम बनाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। रियासत लाइफ स्टाइल की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.08 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 4.87 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दस महीने यानी अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कंपनी को 4.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 20.94 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 23.34 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 25.19 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दस महीने यानी अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कंपनी को 28.13 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ भी लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 1.02 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.74 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 8.87 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के पहले दस महीने यानी अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की बात करें तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 38.97 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था।

## एस. के. सिन्हा ने गेल में निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

एस. के. सिन्हा ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड में निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाल लिया है। वह आर. के. जैन की जगह लेंगे, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए। गेल ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया कि एस. के. सिन्हा ने आज भारत की प्रमुख एकीकृत ऊर्जा कंपनी, गेल (इंडिया) लिमिटेड में निदेशक (वित्त) का पदभार संभाला। निदेशक मंडल में शामिल होने से पहले उन्होंने कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के तौर पर काम किया है। इससे पहले वे कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के रूप में कार्यरत थे। एस. के. सिन्हा 1994 में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में गेल से जुड़े थे और अब तीन दशक से अधिक के कार्यकाल के बाद निदेशक मंडल में शामिल हुए हैं। कंपनी के मुताबिक लागत एवं प्रबंधन लेखाकार (कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट) सिन्हा ने अपने कार्यकाल के दौरान कॉर्पोरेट वित्त, लेखांकन, कोष, कराधान, बजट, परियोजना मूल्यांकन, निवेशक संबंध और विलय एवं अधिग्रहण जैसे क्षेत्रों में कार्य किया है।

## इस्पात मंत्रालय ने मेकॉन लिमिटेड को मिनीरत्न कैटेगरी-I का दिया दर्जा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




इस्पात मंत्रालय ने अनुसूची 'ए' के तहत आने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) मेटलर्जिकल एंड इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स (इंडिया) लिमिटेड (मेकॉन) को मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है। मेकॉन ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण वित्तीय उपलब्धियां हासिल की हैं। मेकॉन ने 535 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ यह स्थान प्राप्त किया है। मंत्रालय के मुताबिक कंपनी ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों में लगातार लाभ दर्ज किया है, जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 (पुनर्घोषित) में 77.62 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2024-25 (पुनर्घोषित) में 32.08 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2025-26 में 104.53 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) शामिल है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 तक 535.42 करोड़ रुपये की सकारात्मक शुद्ध संपत्ति भी दर्ज की है, जिससे वह सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा प्राप्त करने के लिए निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करती है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक मिनीरत्न श्रेणी-I का दर्जा मिलने से मेकॉन लिमिटेड के बोर्ड को वित्तीय और परिचालन संबंधी स्वायत्तता में वृद्धि प्राप्त हुई है। शक्तियों के इस बढ़े हुए प्रत्यायोजन से कंपनी को निवेश, आधुनिकीकरण पहल, तकनीकी उन्नयन और व्यापार विस्तार परियोजनाओं को अधिक लचीलेपन और गति के साथ क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी, जिससे इसके भविष्य के विकास पथ को बल मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक यह निर्णय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) को अधिक स्वायत्तता और परिचालन लचीलापन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह निर्णय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने, उनकी दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने और उन्हें देश के आर्थिक तथा अवसंरचना विकास में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम बनाने के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप है। वर्ष 1959 में स्थापित और रांची में मुख्यालय वाली मेकॉन लिमिटेड देश की प्रमुख इंजीनियरिंग, परामर्श, परियोजना प्रबंधन और ठेका देने वाली कंपनियों में से एक है। कंपनी ने देश के इस्पात क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कंपनी ने खनन, अवसंरचना, बिजली, तेल एवं गैस तथा अर्थव्यवस्था के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अपने परिचालन का विस्तार किया है।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी बनी 20 गीगावाट क्षमता हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




अडाणी समूह की अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) 20 गीगावाट (जीडब्ल्यू) ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता पार करके भारत की पहली कंपनी बन गई है। कंपनी ने इस लक्ष्य को ज्यादातर नए प्रोजेक्ट्स (ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट) के जरिए पूरा किया है। यह कंपनी सालाना 52 अरब यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली का उत्पादन करती है। अडाणी समूह की कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह उत्पादन भारत की कुल बिजली खपत का लगभग तीन फीसदी है। यह न्यूयॉर्क शहर की एक साल की बिजली जरूरत पूरी करने या मुंबई और नई दिल्ली की संयुक्त वार्षिक बिजली आवश्यकता के लगभग बराबर है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 5,051 मेगावाट नई क्षमता जोड़ी, जो चीन के बाहर किसी भी कंपनी द्वारा एक वर्ष में जोड़ी गई सबसे अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है। इस उपलब्धि पर अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा कि 20 गीगावाट का आंकड़ा पार करना दिखाता है कि अनुशासित क्रियान्वयन एवं दीर्घकालिक दृष्टिकोण से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज एजीईएल अपने दक्ष दल और लंबे समय से जुड़े साझेदारों के साथ मिलकर मुंबई तथा नयी दिल्ली की संयुक्त वार्षिक बिजली आवश्यकता के बराबर नवीकरणीय बिजली उपलब्ध करा रही है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण फ्रांस के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली** । केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को फ्रांस की चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर रवाना हो गईं। इस दौरान कई उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लेंगी, जिनका मकसद भारत और फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना, आर्थिक सहयोग बढ़ाना और निवेश, टेक्नोलॉजी सहयोग एवं इनोवेशन को बढ़ावा देना है। केंद्रीय वित्त मंत्री की इस आधिकारिक यात्रा के दौरान एक अहम कार्यक्रम 'भारत-फ्रांस आर्थिक और वित्तीय संवाद' (ईएफडी) होगा। इसकी सह-अध्यक्षता सीतारमण और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त और औद्योगिक एवं ऊर्जा संप्रभुता मंत्री रोलैंड लेस्क्योर, ऐक्स-एन-प्रोवेंस में करेंगे। ईएफडी के तहत दोनों देश अलग-अलग क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के संभावित मौकों पर चर्चा करेंगे और भारत-फ्रांस के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री चुनिंदा ग्लोबल सीईओ के साथ आमने-सामने की बैठकें करेंगी। साथ ही वे प्रमुख बिजनेस एग्जीक्यूटिव्स के साथ एक राउंडटेबल चर्चा में भी हिस्सा लेंगी, ताकि भारत के मज़बूत मैक्रो-इकोनॉमिक आधार, चल रहे स्ट्रक्चरल सुधारों, निवेश के बढ़ते मौकों और लंबी अवधि में विकास की संभावनाओं को दिखाया जा सके।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला नैक पैकेजिंग का आईपीओ, पहले दिन ही दोगुना से ज्यादा हुआ सब्सक्राइब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंटीग्रेटेड पैकेजिंग सॉल्यूशन देने वाली कंपनी नैक पैकेजिंग का 439.50 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में तीन जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद छह जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि सात जुलाई को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर आठ जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। शाम 3:15 बजे तक ये आईपीओ 2.21 गुना सब्सक्राइब हो चुका था। यानी पहले दिन ही इस आईपीओ को दोगुना से भी ज्यादा सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 161 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 88 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 88 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,960 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,94,480 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 1,144 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 2,58,52,941 शेयर बेचे जा रहे हैं। इनमें 380 करोड़ रुपये के 2,23,52,941 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि 35 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।